सुप्रभात
रांची, मंगलवार
27.08.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net भादो, कृष्ण पक्ष, अष्टमी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 48



06 पाकिस्तान के हालात बांग्लादेश से ज्यादा खराब


## वीर शहीद सिदो-कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो की बलिदानी भूमि संताल परगना की लाखों बहनों को

## खुशियों का उपहार

झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

### सम्मान राशि का करेंगे हस्तांतरण

**27 अगस्त, 2024 | पूर्वाह्न 11:30 बजे से**
**पंदन पहाड़ी मैदान, जामा, दुमका**

**संताल परगना** (गोड्डा, देवघर, दुमका, जामताड़ा, साहिबगंज और पाकुड़)
**की सभी बहनों का समारोह में स्वागत है**

- 48 लाख से अधिक निबंधन
- अब तक 43 लाख से अधिक बहनों का आवेदन स्वीकृत
- 31 अगस्त से पहले सभी बहनों के खातों में होगी एक हजार रुपये की सम्मान राशि (पहली किस्त)
- सितंबर से हर महीने की 15 तारीख को हर बहन के खाते में पहुँचेगी सम्मान राशि

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

झारखण्ड मुख्यमंत्री
मंईयां
सम्मान योजना

## हर बहना को हर साल ₹12 हजार



**हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PRNO 333750 ( Women,Child Development & Social Security) IPRD 24-25

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार

# जमीन कारोबारी फिर हाशिये पर, जमीन में अलकायदा के निवेश की आशंका!

**लेक व्यू हॉस्पिटल के संचालक बबलू खान से इडी ने की पूछताछ**

## जेल में बंद तल्हा खान की पत्नी अमरीन खान को भेजा समन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची में अलकायदा आतंकी मो. इश्तियाक अहमद के गिरफ्तार होने के बाद उससे जुड़े लोगों को इडी समन भेज रही है। एजेंसी को अपुष्ट सूचना मिली कि अलकायदा के आतंकी को रांची के तथाकथित जमीन कारोबारी फंडिंग में मदद करते थे। कहीं अलकायदा का जमीन में निवेश तो नहीं है, इस मामले को लेकर सोमवार को इडी ने लेक व्यू हॉस्पिटल के संचालक बबलू खान से पूछताछ की। पूछताछ में यह खंगालने की कोशिश की जा रही है कि कहीं अलकायदा का जमीन में किसी प्रकार से निवेश तो नहीं है। इडी के पास आतंकियों के द्वारा जमीन में निवेश से संबंधित कुछ क्लू मिले हैं।

इधर, इडी ने सेना की जमीन घोटाला मामले में जेल में बंद तल्हा खान की पत्नी अमरीन खान को भी पूछताछ के लिए समन भेजा है। सेना भूमि घोटाले के मामले में उसे पूछताछ के लिए बुलाया गया है। सूचना के मुताबिक, उनके बैंक खाते से बहुत बड़ा लेन-देन होने की बात सामने आयी है।




## गिरफ्तार आतंकी डॉ इश्तियाक का करीबी है बबलू खान

पिछले दिनों झारखंड एटीएस और दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम ने अलकायदा इन इंडियन सब कॉटिनेंट के मॉड्यूल से जुड़े केस में संदिग्ध डॉ इश्तियाक अहमद को गिरफ्तार किया था। जांच में उसके बबलू खान से करीबी संबंध की जानकारी के बाद उससे पूछताछ के लिए समन किया गया था। बबलू खान कांग्रेस नेता हैं और लेक व्यू अस्पताल के संचालक हैं।

## जमीन जालसाजों से कनेक्शन

रांची में सेना की जमीन और बड़गाईं जमीन के मामले में फर्जी पेपर बनाकर मनी लांड्रिंग के आरोप में गिरोह के अफसर अली और तल्हा खान समेत कई जालसाज जेल में बंद हैं। इडी ने कई कांडों में चार्जशीट भी किया है। इसी बीच पिछले दिनों दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और झारखंड एटीएस की कार्रवाई में डॉ इश्तियाक अहमद की गिरफ्तारी हुई। इश्तियाक अहमद बबूल खान के अस्पताल से जुड़ा है। वह बबलू खान के निमार्णाधीन फ्लैट में रहता भी था। इडी सूत्रों के मुताबिक, बबलू खान जमीन घोटाले के मास्टरमाइंड अफसर अली उर्फ अफसू खान का भाई है। वहीं इसी केस में गिरफ्तार ताल्हा खान बबलू खान का दामाद है। बबलू खान से सीधे जमीन घोटाले के आरोपियों के रिश्ते सामने आने के बाद केंद्रीय एजेंसी इडी ने उसे समन किया था।

---

**रामगढ़ और हजारीबाग के संवाद आपके साथ कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों संग बातचीत**

# विधानसभा चुनाव में जोश के साथ होश भी रखना है बरकरार : केशव महतो कमलेश




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने संवाद आपके साथ कार्यक्रम के तहत सोमवार को रामगढ़ एवं हजारीबाग के कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ संवाद किया। इसके पूर्व श्री कमलेश कांग्रेस भवन में माथा टेककर कांग्रेस नेताओं के दल के साथ रवाना हुए और सर्वप्रथम छिन्नमस्तिका मंदिर रजरप्पा में पूजा अर्चना की। उसके बाद रामगढ़ के बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर एवं शहीद निर्मल महतो चौक पर माल्यार्पण किया और रामगढ़ बैंक्विट हॉल एवं हजारीबाग में टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। श्री कमलेश के साथ रविंद्र सिंह, जयशंकर पाठक, मदन मोहन शर्मा, सतीश पॉल मुंजनी, संजय लाल पासवान, रियाज अंसारी भी शामिल रहे।

कार्यक्रम में शामिल कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केशव महतो कमलेश ने कहा कि आने वाले विधानसभा रण में हमें जोश के साथ होश भी रखना है और नेतृत्व के निर्देशानुसार कांग्रेस के कार्यक्रमों और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सभी पंचायतों की समितियां और बूथ समितियां सक्षम और सबल होनी चाहिए। बूथ पर जो कमेटियां होती हैं, वास्तविक चुनाव उन्हीं पर टिकी होती है। मतदाताओं को संगठन और सरकार के कार्यों और नीतियों से अवगत कराना हो या उन्हें जागरूक कर बूथ तक लाकर अपने पक्ष में मतदान कराना इसमें बूथ कमिटी की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि संगठन का काम एक चुनौती है जिसे जो जिम्मेदारी दी जाएगी उसे पूरा करना होगा नहीं तो अन्य विकल्पों पर भी विचार होगा। विपक्ष आपके पीछे झूठे आरोपों का पुलिंदा लेकर खड़ा है उसका भी मुंहतोड़ जवाब देना है। मजबूत इच्छा शक्ति मजबूत संगठन का निर्माण करती है, हमें पुनः सरकार बनाने के संकल्प के साथ अपने-अपने क्षेत्र में कार्य करना होगा।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शहजादा अनवर, मुन्ना पासवान, ममता देवी, शांतनु मिश्रा, शैलेंद्र यादव, प्रीति दीवान अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मंजूर अंसारी सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

### चुनाव में सफलता पाना हमारा ध्येय : बन्ना

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस सिर्फ कहती नहीं करती भी है जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी को साबित करते हुए कांग्रेस में संगठन से इसकी शुरूआत की है और आने वाले चुनाव में सफलता पाना हमारा ध्येय होना चाहिए। स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा सहित सभी क्षेत्रों में सरकार ने उल्लेखनीय कार्य किए हैं। कांग्रेस की सोच और विचारधारा ही जनता का विकास और उनके जीवन स्तर को समृद्ध बनाना है।

---

**राज्यपाल से मिले बाबूलाल मरांडी, सौंपा ज्ञापन**

# कोल्हान विश्वविद्यालय के चयनित प्राध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र होगी पूरी : राज्यपाल



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मिला। श्री मरांडी ने कोल्हान विश्वविद्यालय के चयनित प्राध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने संबंधी ज्ञापन भी सौंपा। चयनित प्राध्यापकों में विनोद कुमार, हेमा लकड़ा, मुक्तारानी ओडेया, मैरी नीला हांसदा, कविता कुमारी, अरविंद कुमार साहू, विकास नंदन, साकेत बिहारी, प्रदीप झा शामिल हैं। दरअसल, कोल्हान विश्वविद्यालय केलिये वर्ष 2018 में विज्ञापन द्वारा इतिहास विषय के 17 सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हुई थी। 31 अक्टूबर 2023 को जेपीएससी द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए उम्मीदवारों के नामों की अनुशंसा की। कोल्हान विश्वविद्यालय के सिंडिकेट द्वारा भी 2 फरवरी 2024 को नियुक्ति की अनुशंसा की जा चुकी है, लेकिन, विश्वविद्यालय में स्थाई कुलपति के नहीं होने के कारण अनुमोदन की संचिका कुपाधिपति कार्यालय में लंबित है। राज्यपाल ने चयनित सहायक प्राध्यापकों की बातों को ध्यान पूर्वक सुना और शीघ्र नियुक्ति प्रक्रिया पूरी होने का भरोसा दिलाया।

## पूर्व सांसद गीता कोड़ा बनी भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को चार नये प्रदेश प्रवक्ताओं की नियुक्ति की है। प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू ने पत्र जारी कर नियुक्ति की घोषणा की। इसके तहत पूर्व सांसद गीता कोड़ा के अलावा प्रदीप सिन्हा, अजय शाह एवं विजय चौरसिया को प्रदेश प्रवक्ता मनोनीत किया गया है।

## अवर वन सेवा संघ का धरना 11वें दिन भी जारी

**रांची।** झारखंड राज्य अवर वन सेवा संघ के बैनर तले वनकर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल 11वें दिन सोमवार को भी जारी रही। डोरंडा के वन भवन परिसर में चल रही हड़ताल को लेकर मनोरंजन कुमार ने कहा कि 11 दिन बाद भी न तो विभाग सुध ले रहा है और न ही सरकार वनरक्षियों के हित में कोई पहल कर रही रही है।

---

# रक्षा राज्यमंत्री समेत दो पूर्व सीएम पर हत्या का प्रयास की प्राथमिकी





खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची पुलिस ने देश के रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी वर्तमान में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा समेत 51 लोगों तथा 12 हजार अज्ञात कार्यकर्ताओं पर हत्या का प्रयास का मामला दर्ज किया गया है। मजिस्ट्रेट संजीव कुमार के बयान पर लालपुर थाने में दर्ज प्राथमिकी में धारा 191 के तहत हत्या का प्रयास और दंगा भड़काने का आरोप लगा कर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। अब इस मामले को लेकर रांची पुलिस की किरकिरी हो रही है। बीजेपी प्रभारी हिमंता बिस्वा ने इसे लोकतंत्र में हत्या बताया है।

गौरतलब हो कि भाजयुमो के द्वारा 23 अगस्त को मोरहाबादी मैदान से आक्रोश रैली निकाली गयी थी। मोरहाबादी मैदान में ही बीजेपी और भाजयुमो के कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था। जब बाबूलाल मरांडी मंच से कार्यकर्ताओं को भाषण दे रहे थे, उसी समय रांची पुलिस ने एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, सिटी एसपी राजकुमार मेहता, एसडीओ के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं पर अश्रु गैस के गोले दागे गये। कार्यकर्ताओं पर वाटर कैनन से पानी छोड़ा गया।

इधर, पुलिस का कहना है कि भाजयुमो की ओर से पुलिस बल पर पथराव किया गया। पथराव से पूर्व कार्यकर्ताओं के द्वारा बैरिकेडिंग तोड़ा गया। रांची पुलिस की इस कार्रवाई से बीजेपी के वरीय नेताओं समेत कई युवा कार्यकर्ताओं ने भर्त्सना की है।

**राशि हुई आवंटित**

## बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा समेत तीन जेलों का होगा कायाकल्प

**रांची।** झारखंड के तीन जेलों में आधुनिकीकरण का कार्य किया जाएगा। जिनमें रांची, खूंटी और सराइकेला जिला के जेल शामिल हैं। इन तीनों जेलों में 1.18 करोड़ रुपए की लागत से हॉस्पिटल और बाउंड्री वॉल मरम्मती का कार्य किया जाएगा। इसे लेकर झारखंड गृह विभाग के द्वारा राशि आवंटित कर दिया गया है। यह कार्य झारखंड पुलिस हाउसिंग के द्वारा कराया जायेगा।

वहीं तीनों जेल के जेल अधीक्षक को यह आदेश दिया गया है कि गुणवत्ता पूर्ण कार्य को कराना सुनिश्चित करेंगे। अगर ऐसा नहीं होता है तो उनकी जवाबदेही तय की जाएगी। रांची जेल में बाउंड्री वॉल का मरम्मत 84 लाख में, सरायकेला जेल में अस्पताल की मरम्मत के लिये 23 लाख और खूंटी जेल हॉस्पिटल की मरम्मत के लिए 11 लाख रुपये की राशि आवंटित की गयी है।

## बुलडोजर चलाने वाले सिर्फ एक एफआइआर से डर गये : सुप्रियो

**आक्रोश रैली व एफआइआर पर सियासत जारी**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची पुलिस पर आरोपों की झड़ी लगाने वाले बीजेपी के नेताओं पर झामुमो ने जमकर निशाना साधा है। झामुमो के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भटटाचार्य ने कहा कि दूसरे प्रदेशों में बुलडोजर चलानेवाले लोग एक एफआइआर से डर गये हैं। सुप्रियो ने कहा कि 23 अगस्त को भाजयुमो और भाजपा ने पुलिस प्रशासन पर हमला बोला। बीजेपी के कार्यकर्ता उपद्रव मचा रहे थे। असम के नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा के नेतृत्व में नजर आया। बीजेपी राजनैतिक स्तर पर लड़ाई नहीं चाहती है। रैली को लेकर इतना गलत बयानी कर दिया गया कि 12 हजार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गयी। सुप्रियो ने कहा कि उनसे जरा पूछिये कि महिलाओं को रोजगार मिला, किसानों के कर्ज माफ हुए। युवाओं को रोजगार मिला।

झारखंड का एक लाख 36 हजार करोड़ केंद्र से पाते हैं, वो पैसा दे दीजिये, कोई भीख नहीं मांग रहे हैं। उन्होंने बीजेपी को राजनैतिक लड़ाई को आमंत्रण दिया और कहा कि बीजेपी केवल गीदड़ भभकी देती है। सितंबर तक सरकार है, अक्टूबर में आचार संहिता लगेगी। सुप्रियो ने कहा कि चुनाव आयोग से हरियाणा का डेट पोसपोंड करते हैं तो निश्चित तौर पर मान लिया जायेगा कि आपके फैसले राजनीतिक प्रभाव से होते हैं। झारखंड में भी असर करेगा। लाखों किसानों पर एफआइआर दर्ज हुए, उसे कहां तक चुनौती देंगे। बीजेपी केवल आदिवासी, दलित और मुसलमानों के खिलाफ जहर उगल रही है। इस तरह से झारखंड को नहीं देखा जाना चाहिये।

**भाजपा प्रदेश महामंत्री ने सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी**

# हिमंता विस्वा सरमा के हलचल मात्र से झामुमो की नींद हराम: प्रदीप वर्मा



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री सह सांसद प्रदीप वर्मा ने कहा है कि हिमंता विस्वा सरमा के हलचल मात्र से झामुमो की नींद हराम हो गयी है। श्री वर्मा सोमवार को झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। उन्होंने कहा कि झामुमो प्रवक्ता यही भाईचारा प्रेम की बात गोपीनाथपुर, गाय बथान में बताते और न्यायालय के आदेश का अनुपालन कराते, आदिवासी गरीब की जमीन घुसपैठियों से वापस दिलाते तो राज्य का भला होता। उन्होंने कहा कि झामुमो की बेचैनी बढ़ गई है। रात की नींद हराम हो चुकी है। जबसे असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व सरमा का झारखंड में सांगठनिक प्रवास तेज हुआ है।

उन्होंने कहा कि आंदोलन की उपज बताने वाली पार्टी और नेता आज लोकतांत्रिक आंदोलन का मजाक उड़ा रहे हैं। उन्हें बताना चाहिये कि भाजपा के नेतृत्व में लगातार 5 वर्षों से अन्याय, अत्याचार, भ्रष्टाचार, लूट वादा खिलाफी पर सदन से सड़क तक आंदोलन चल रहे हैं। इसके पूर्व पारा शिक्षकों, पुलिसकर्मियों, आंगनबाड़ी सेविका- सहायिका, अनुबंधित कर्मियों ने आंदोलन किया। आपके वायदों को याद कराकर अधिकार मांगना उन्हें नही चाहिये। उन्होंने कहा कि आज भी झामुमो निर्लज्जता की सीमा लांघ रहा है।आज भी झामुमो युवाओं को नौकरी देने, किसानों के ऋण माफ कर देने, महिलाओं को सम्मान देने की झूठी बातें कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज उनके वादे ही उनके लिए कांटे बन गये हैं। जब जब भाजपा याद दिलाती है तो उन्हें दर्द होने लगता है। वे अपनी नाकामियों पर पर्दा डालना चाहते हैं।इसके लिए प्रशासनिक तंत्र का खुल्लम खुल्ला दुरुपयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो को सब भाईचारा दिखता है, क्योंकि वोट बैंक, तुष्टिकरण उनके रग-रग में है। उन्होंने कहा कि झामुमो जितना ताकत भाजपा पर लगा रही उतनी ताकत बांग्लादेशी घुसपैठियों से गाय बथान के आदिवासी की जमीन वापस करने में लगाती तो कुछ भला होता। लेकिन, झामुमो सत्ता की रोटी सेंकने में लगा है।

---

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने पुलिस के ट्वीट पर तीखी प्रतिक्रिया दी**

# सत्ताधारियों के पक्ष में व्यवहार कर रही राज्य पुलिस : बाबूलाल मरांडी

**पुलिस का बयान : मुख्यमंत्री का पद एक उच्च स्तरीय संवैधानिक पद है, जिसकी सुरक्षा के सभी पहलू संवेदनशील होते हैं और इसके संधारण के लिए सभी को दृढ़ होना पड़ता है...**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य पुलिस का व्यवहार सत्ताधारी दलों के पक्ष में है। उन्होंने कहा कि रांची पुलिस की प्रतिक्रिया पढ़ी। प्रतिक्रिया पढ़ कर हतप्रभ हूं। रांची पुलिस ने लिखा है कि मुख्यमंत्री का पद एक उच्च स्तरीय संवैधानिक पद है, जिसकी सुरक्षा के सभी पहलू संवेदनशील होते हैं और इसके संधारण के लिए सभी को दृढ़ होना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि एसएसपी आवास मोराबादी मैदान से सीएम आवास दो किलोमीटर की दूरी पर है। जगह-जगह बैरेकेडिंग पार कर भाजपा कार्यकर्ता सीएम हाउस ही तरफ नहीं बढ़े थे। सिर्फ मोराबादी मैदान के बगल में लगी कंटीली बैरेकेडिंग के पास सांकेतिक प्रदर्शन हुआ लेकिन, पुलिस ने जहरीली गैस आमजनों पर छोड़ी।

उन्होंने कहा कि आपकी जिम्मेदारी तब कहां थी, जब सीएम का सुरक्षा घेरा तोड़ लोग सीएम हाउस के पहाड़ तक आ गये थे। सड़क जाम कर दी गई थी। तारीख याद ना हो तो 20 जनवरी की धारा 144 का आदेश और उसके उल्लंघन की तस्वीरें देख लीजिये। ये बस एक तारीख मैने बताई है। दो किलोमीटर की दूरी पर भाजपा के कार्यकर्ता आपको सीएम की सुरक्षा खतरे में डालने वाले लग रहे हैं। जबकि धारा 144 के बावजूद सीएम हाउस के गेट पर पहुंच कर सड़क जाम करने वाले पुलिस के कौन लगते हैं। ये रिश्ता क्या कहलाता है।

स्पष्ट है कि पुलिस का व्यवहार सत्ताधारी दलों के कार्यकर्ता के लिए कुछ और एवं दूसरे लोगों के लिए कुछ और है। दूसरी बात आपने पूरी जिम्मेदारी से पुलिसिया कार्रवाई को उचित बताया है। फिर क्यों नहीं एक दो दिनों में नामजद 52 लोगों समेत उन 12 हजार लोगों पर चार्जशीट दायर कर देते हैं। इन्हें आपने एफआइआर में अभियुक्त बनाया है।

**विधानसभा चुनाव से पहले ही लगातार चल रहे हैं बयानों के तीर**

# लोहरदगा कांग्रेस में सबकुछ ठीक नहीं सांसद और विधायक हैं आमने-सामने

सत्येंद्र

**रांची।** झारखंड में कांग्रेस पार्टी गठबंधन सरकार में झारखंड मुक्ति मोर्चा के साथ सत्ता में है। इसके बावजूद लोहरदगा कांग्रेस में सबकुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है। लोहरदगा के सांसद सुखदेव भगत और राज्य के वित्त मंत्री सह कांग्रेस विधायक डॉ रामेश्वर उरांव के बीच विधानसभा चुनाव से पूर्व बयानों का तीर दोनों के बीच लगातार जारी है। वर्तमान समय में लोहरदगा की राजनीति में दोनों नेताओं के बीच चल रहे बयानों की ज्यादा चर्चा है।




**दो गुटों में बटी दिख रही कांग्रेस** : लोहरदगा कांग्रेस में विवाद कुछ समय पहले ही शुरू हो गया था। भले ही अभी दो चयनित जनप्रतिनिधि अपने बयानों से एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं, परंतु लोहरदगा जिला कांग्रेस के अंदर इसकी पृष्ठभूमि कुछ समय पहले ही तैयार हो चुकी थी। लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के रामेश्वर उरांव गुट पर आरोप लगा कि वह कांग्रेस के प्रत्याशी सुखदेव भगत को हराने के लिए एक निर्दलीय प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। इस दौरान लोकसभा चुनाव में सुखदेव भगत की जीत हो गई। फिर क्या था, एक-दूसरे पर बयानों का तीर खुलकर चलने लगे।

लोहरदगा में चुनाव की समीक्षा बैठक के दौरान प्रदेश स्तरीय नेताओं के सामने ही जिला कांग्रेस कमेटी के नेता आपस में भिड़ गए। बात मारपीट और एफआईआर तक पहुंच गई। इसके बाद भी मामला शांत नहीं हुआ। हाल के समय में मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने लोहरदगा में अल्पसंख्यक समुदाय के एक नेता को मंत्री प्रतिनिधि नियुक्त किया। इसके बाद दूसरा गुट जैसे ही हमलावर हो गए खुद सांसद सुखदेव भगत ने इस पर सवाल उठा दिया। उन्होंने कहा कि रामेश्वर उरांव जनता को मूर्ख बना रहे हैं। किसी भी मंत्री का प्रतिनिधि नियुक्त नहीं होता है। इसके बाद रांची में मंत्री ने इसके जवाब में कहा कि जिनके घर खुद शीशे के होते हैं, वह दूसरे के घरों पर पत्थर नहीं मारा करते।

खैर! आने वाले समय में पता चलेगा कि दोनों गुट एक होते हैं या नहीं। यह विवाद खत्म हो पाता है या नहीं, लेकिन इतना तय है कि कांग्रेस पार्टी के अंदर ऑल इज वेल नहीं है। कांग्रेस पार्टी के अंदर चल रहा विवाद बढ़ता ही जा रहा है। पहले कार्यकर्ताओं के बीच बयानों के तीर चल रहे थे। अब नेता एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं। विस चुनाव का समय नजदीक आने के बीच पार्टी के अंदर यह लड़ाई बता रही है कि कांग्रेस की लड़ाई खुद की पार्टी से है।

सुप्रभात
रांची, मंगलवार
27.08.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantralive.com

khabarmantra.net भादो, कृष्ण पक्ष, अष्टमी, संवत 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 48



12 फिल्म 'इमरजेंसी' का गीत सिंहासन खाली करो रिलीज

## न्यूज डायरी

### आतंकी के करीबी बबलू खान से ईडी की लंबी पूछताछ

**रांची।** अलकायदा इन इंडियन सब कॉंटिनेंट मॉडयूल से जुड़े केस में संदिग्ध आतंकी डॉ इश्तियाक अहमद के करीबी बबलू खान से सोमवार को इडी ने लंबी पूछताछ की। इडी के अधिकारी इस बात का पता लगा रहे हैं कि डॉ अहमद के तार जमीन घोटाले के आरोपियों से जुड़े हैं या नहीं। बबलू खान कांग्रेस नेता है और लेक व्यू अस्पताल का संचालक है। अस्पताल डॉ इश्तियाक अहमद के नाम पर है।

### टेरर फंडिग में दिनेश गोप पर फैसला आज

**रांची।** टेरर फंडिंग समेत अन्य अपराधों में जेल में बंद पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप पर मंगलवार को फैसला आयेगा। एटीएस के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने बहस पूरी होने के बाद फैसले की तारीख 27 अगस्त निर्धारित की है। आतंकवाद निरोधक दस्ता ने दिनेश गोप के खिलाफ मई 2023 में एफआईआर दर्ज की और अगस्त 2023 में जांच पूरी करते हुए चार्जशीट दाखिल कर दी थी। दिनेश गोप अभी जेल में है।

### जेजेएमपी के तीन नक्सली गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** जिला पुलिस को उस समय बड़ी सफलता मिलीव जब उसने प्रतिबंधित नक्सली संगठन झारखंड जन्म मुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार नक्सलियों के पास से पुलिस को हथियार भी मिले हैं। नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष कई खुलासे किये हैं। गिरफ्तार नक्सली विजय पासवान, अशोक कुमार और अखिलेश कुमार पर कई नक्सली हमलों को अंजाम देने का आरोप है।

### झारखंड में 28 तक भारी बारिश का अलर्ट

**रांची।** राज्य के उत्तर पूर्वी हिस्से में 28 तक भारी बारिश की संभावना है। इसके लेकर मौसम विज्ञान केंद्र ने येलो अलर्ट जारी किया है। केंद्र के अनुसार साइक्लोनिक सकुर्लेशन का असर राज्य में देखा जायेगा। मुख्य रूप से दुमका, पाकुड़, गोड्डा, साहेबगंज, धनबाद, बोकारो हजारीबाग, कोडरमा में भारी बारिश होगी। 27 से 28 अगस्त के बीच रांची, रामगढ़, खूंटी, सरायकेला खरसावां, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, गुमला, सिमडेगा में मध्यम से हल्के दर्जे की बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है।

### खूंटी पुलिस के जासूस का शव जंगल से बरामद

**खूंटी।** पुलिस के स्पाई का शव खूंटी पुलिस ने ओंडरा के जंगल से बरामद किया है। शव की शिनाख्त अर्जुन सिंह के रूप में की गयी। हत्या किसी नुकीले हथियार से किये जाने की आशंका है। पुलिस ने सोमवार को शव पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मामले की जांच में जारी है। मृतक के भाई विष्णु सिंह ने बताया कि रविवार को घर से बाजार जाने की बात कहकर निकला था।

# चंपई ने फिर गरमायी झारखंड की राजनीति

## पूर्व सीएम के पीछे-पीछे एनडीए के कई नेता भी दिल्ली पहुंचे

### शाह से बातचीत के बाद अपना फैसला सुनायेंगे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कोल्हान टाइगर व पूर्व सीएम चंपई सोरेन ने एक बार फिर झारखंड की राजनीति गर्मा दी है। वाया कोलकाता वह दूसरी बार दिल्ली पहुंच चुके हैं। उनके इस दौरे को लेकर कई अटकलें लगायी जा रही हैं। पछली बार उन्होंने इसे निजी दौरा बताया था, लेकिन इस बार माना जा रहा है कि वो अपनी नयी राजनीतिक रणनीति का ऐलान कर सकते हैं। चंपई सोरेन के पीछे-पीछे एनडीए के कई



दिग्गज नेता भी पहुंचे दिल्ली पहुंचे हैं। इनमें अर्जुन मुंडा और आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो शामिल हैं। वहीं असम के सीएम और झारखंड विधानसभा चुनाव के प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा भी दिल्ली पहुंच चुके हैं। पूरे देश की नजर कोल्हान टाइगर पर टिकी है। इस बात की चर्चा होने है कि पूर्व मंत्री भाजपा में शामिल होने वाले हैं। दिल्ली में चंपई होटल ताज पैलेस में रुके हुए हैं। उन्होंने कहा, जो भी फैसला होगा, वो बता दिया जायेगा।

**कभी भी नये कदम की घोषणा संभव**

सूत्रों के अनुसार चंपई सोरेन ने भाजपा के कई वरीय नेताओं से बातचीत की और उन्हें भाजपा में शामिल होने के लिए हरी झंडी मिल गयी है। सोमवार रात केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उनकी बात होने वाली बातचीत के बाद अंतिम विराम लगने की उम्मीद है। इसी बार्ता में सब कुछ तय होगा। (शेष पेज 11 पर)

### 6 महीने से उनसे संपर्क में हूं : हिमंता



भाजपा के दिग्गज नेता हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि वह पिछले छह महीनों से चंपाई सोरेन के संपर्क में हैं। सोमवार को रांची में उन्होंने कहा कि कहा कि वह चाहते हैं कि झामुमो के वरिष्ठ नेता चंपई सोरेन भाजपा में शामिल हों। असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा, 'मैं व्यक्तिगत रूप से चाहता हूं कि चंपई सोरेन भाजपा में शामिल हों और हमें मजबूत करें। हालांकि, वह इतने वरिष्ठ हैं कि मैं उन पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकता।

## सुदेश और अमित शाह की मुलाकात में फैसला

# अबकी आजसू और भाजपा मिल कर लड़ेगी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची, नयी दिल्ली।** आजसू पार्टी प्रमुख सुदेश महतो और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को नयी दिल्ली में झारखंड विधानसभा चुनाव पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने अमित शाह के घर पर गठबंधन और सीट बंटवारे पर बातचीत की। बैठक में तय हुआ कि दोनों दल आगामी विधानसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ेंगे। सुदेश महतो ने अमित शाह से मुलाकात के बाद इसकी घोषणा की। 2019 के विधानसभा चुनाव में आजसू-भाजपा का गठबंधन टूट गया था। हालांकि हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में भी दोनों दलों ने मिलकर चुनाव लड़ा था। चंपाई सोरेन को लेकर पूछे एक सवाल के जवाब में सुदेश महतो ने कहा कि अगर चंपाई सोरेन एनडीए में आते हैं, तो गठबंधन को मजबूती मिलेगी।

**2019 में अलग-अलग लड़ा था :** 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में आजसू



पार्टी और भाजपा का गठबंधन टूट गया था। इसका नतीजा ये हुआ कि भाजपा सत्ता से बाहर हो गयी थी। अब भाजपा एक बार फिर झारखंड की सत्ता में वापसी चाहती है। इसके लिए वह सुदेश महतो की पार्टी आजसू से गठबंधन कर रही है।

**जदयू, हम और लोजपा से भी तालमेल**

उधर बिहार में भाजपा की तीन सहयोगी पार्टियां भी झारखंड में साथ चुनाव लड़ने का दबाव बना रही हैं। नीतीश कुमार, जीतन राम मांझी और चिराग पासवान चाहते हैं कि उनकी पार्टियां भाजपा के साथ समझौता करके झारखंड चुनाव लड़े। माना जा रहा है कि अमित शाह और सुदेश महतो के

# राष्ट्र से बढ़कर कुछ नहीं बटेंगे तो कटेंगे : योगी

### बांग्लादेश की घटना से सबक लेने की जरूरत, एकजुट रहें

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि, राष्ट्र से बढ़कर कुछ भी नहीं है। राष्ट्र तब ही सशक्त रहेगा जब हम एकजुट रहेंगे, नेक नीयत से काम करेंगे, सुरक्षित रहेंगे और आपसी बंटवारे से बचेंगे। यदि हम बंटेंगे, तो हमारा अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है। उन्होंने कहा, देश की एकता, अखंडता और एकजुटता ही हमारी ताकत है। उन्होंने सभी को एक साथ मिलकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। योगी ने कहा कि, हमें एकजुट रहने की आवश्यकता है क्योंकि अगर हम बंटेंगे तो कटना निश्चित है। उन्होंने बांग्लादेश की स्थिति पर यह टिप्पणी की और कहा, हमें सतर्क रहना होगा। सीएम योगी आगरा में वीर दुगार्दास राठौर की प्रतिमा का अनावरण समारोह में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेशवासियों को कृष्ण जन्मोत्सव की बधाई और शुभकामनाएं दी।

(शेष पेज 11 पर)

## जय कन्हैया लाल की...



# झारखंड समेत 18 राज्यों के मुख्य सचिवों की आज शीर्ष कोर्ट में पेशी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड समेत 18 राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को व्यक्तिगत रूप से पेश अदालत में व्यक्तिगत रूप से पेश होने को कहा है। राज्यों के ये टॉप अधिकारी मंगलवार को अदालत के सामने पेश होंगे। शीर्ष कोर्ट ने न्यायिक अधिकारियों को पेंशन बकाया और रिटायमेंट लाभों के भुगतान पर दूसरे राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग (एसएनजेपीसी) की सिफारिशों को लागू न करने के लिए मुख्य सचिवों को तलब किया है।

सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड की कोज लिस्ट के अनुसार चीफ जस्टिस डीवाइ चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा शामिल हैं।



### इन अफसरों को पेशी का निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड, बिहार, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, दिल्ली, असम, नागालैंड, मेघालय, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, केरल, गोवा, हरियाणा और ओडिशा जैसे राज्यों के टॉप ब्युरोकेट्स को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

(शेष पेज 11 पर)

# नेवी ने 800 केजी भारी विमान निकाल लिया

## डैम में डूबे विमान का रविवार को ही पता लगा लिया था

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची, जमशेदपुर।** भारतीय नौसेना की विशेष टीम ने अंततः घटना के सात दिन बाद बलून के सहारे चाडिंल डैम के गहरे पीनी से 800 किलो भारी विमान को बाहर निकाल ही लिया। 20 अगस्त को हादसे का शिकार हुए अलकेमिस्ट एविएशन के ट्रेनी विमान (सेसना-152 वीटी ताज) को नेवी ने रविवार को ही ढूंढ लिया था। पानी में डूब चुके कोयलागढ़ में इसकी लोकेशन मिली थी। सोमवार को भारतीय नौ सेना के जवानों की टीम ने पानी में डूबे एयरक्राफ्ट को बलून के सहारे किनारे तक लाया। टीम ने रविवार को ही पानी के नीचे



विमान का पता लगा लिया था। नौसेना की टीम ने सोमवार को विमान को निकलने के लिए रूट मैपिंग की और लोकेशन को चिह्नित करने के बाद डैम से शाम करीब चार बजे के बाद निकली। हालांकि नौसेना की टीम ने अभी तक इस संबंध में कोई भी जानकारी साझा नहीं की है। क्रैश विमान को ढूंढ़ने में सफलता मिलने के बाद शासन-प्रशासन की टीम ने नौसेना की टीम को धन्यवाद दिया है। डैम के अंदर से रविवार करीब पौने दो बजे नौसेना की टीम के सघन सर्च ऑपरेशन के दौरान प्रमाण के लिए विमान के बांये डायना का करीब तीन फीट का एक हिस्सा (सफेद रंग) डैम के बाहर निकाला। इसके अलावा टीम ने क्रैश विमान के मिले लोकेशन को जेडटी ट्यूब (प्लास्टिक के ड्रॉमों को जोड़कर बनायी छोटी नाव) से निशान लगाने का भी काम किया। साथ ही सोमवार को क्रैश विमान को निकालने के लिए रूट मैपिंग भी की। रूट मैपिंग में रेल लाइन, घरों व अन्य संरचना कहां बनी हुई है, कहां खाली जगह है, उसे विस्तार से चिह्नित किया, ताकि क्रैश विमान को डैम से बाहर निकालने में कोई परेशानी न हो। जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट से टेकऑफ करने के बाद से अलकेमिस्ट एविएशन का ट्रेनिंग विमान लापता हो गया था। गुरुवार की सुबह चांडिल डैम से ट्रेनी पायलट शुभ्रतो दत्त और पायलट जीत सत्रु का शव बरामद हुआ था।

## कोलकाता : डाक्टर हत्या, दुष्कर्म मामला

# संदीप घोष का दुबारा पॉलीग्राफ टेस्ट

एजेंसी

**कोलकाता।** सीबीआइ के अधिकारियों ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या की जांच के सिलसिले में सोमवार को पूर्व प्राचार्य संदीप घोष और पांच अन्य का दूसरे दौर का पॉलीग्राफ टेस्ट शुरू किया। एक अधिकारी के अनुसार पिछले 10 दिनों में घोष से हुई पूछताछ के दौरान उनके बयानों में तारतम्य नहीं दिखा, जिसके कारण अधिकारियों को पॉलीग्राफ टेस्ट का एक और दौर आयोजित करना पड़ा। सीबीआई ने शनिवार को घोष और पांच अन्य पर झूठ पकड़ने वाले परीक्षण किये।

**संदीप के खिलाफ कई मामले दर्ज**

आरजीकेएमसीएच के पूर्व उपाधीक्षक अख्तर अली द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, घोष ने अस्पताल के प्राचार्य के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान अपने सहयोगियों के साथ मिलकर स्वास्थ्य विभाग और कॉलेज काउंसिल की अनुमति के बिना फूड स्टॉल, कैफे और कैंटीन आदि के निर्माण के लिए निविदाएं जारी की थीं। अधिकारी के अनुसार, शुरूआती जांच में सामने आया कि तीन व्यापारियों को अवैध ठेके मिले थे। कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश पर सीबीआई ने हत्या और कथित वित्तीय अनियमितताओं के मामले दर्ज किये है।

**संजय वशिष्ठ के घर पर छापा**

अधिकारी ने बताया कि आरजीकेएमसीएच में कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में सोमवार को संस्थान के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष और पूर्व चिकित्सा अधीक्षक एवं उप प्राचार्य संजय वशिष्ठ से पूछताछ शुरू की गयी। सीबीआई के अधिकारियों ने रविवार को घोष के बेलियाघाटा आवास पर तलाशी ली थी। घोष सोमवार को सुबह फाइल और दस्तावेजों के साथ साल्ट लेक स्थित एजेंसी के दफ्तर पहुंचे थे। अधिकारी के अनुसार, वशिष्ठ के घर पर भी सीबीआई अधिकारियों ने छापा मारा था।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 67300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 86000 रु./प्रति किलो |




# घुसपैठ से नहीं, जनसंख्या वृद्धि से वोटरों की संख्या बढ़ी

## पाकुड़ पर चुनाव आयोग की जांच पूरी, रिपोर्ट में चौंकाने वाले खुलासे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पाकुड़ में वोटरों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि मामले में जांच रिपोर्ट में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि मुस्लिम बहुल इलाकों के बूथों में मतदाताओं की अप्रत्याशित वृद्धि की वजह घुसपैठिये नहीं हैं, बल्कि जनसंख्या वृद्धि है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के निर्देश पर जांच हुई थी। रिपोर्ट में वोटरों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि के तीन प्रमुख कारण बताये गये हैं। इनमें मुस्लिम बहुल बूथ होने के कारण जनसंख्या वृद्धि दर ज्यादा होना प्रमुख है। वोटरों की संख्या में वृद्धि कारणों में चुनाव आयोग



द्वारा अभियान के तहत छूटे हुए सभी 18 वर्ष या उससे ऊपर के व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराना। भाजपा, बांग्लादेशी घुसपैठ और संथाल परगना प्रमंडल में डेमोग्राफिक चेंज का मामला भले ही उठाती रही है, लेकिन निर्वाचक आयोग की जांच में मामला अलग ही पाया गया।

यह रिपोर्ट 12 अगस्त को सहायक निर्वाचक निबंधक सह प्रखंड विकास पदाधिकारी समीर अलफ्रेड मुर्मू ने अपने कार्यालय के पत्रांक 1816 के जरिए अपर समाहर्ता को भेजी थी। इसमें सदर बीडीओ के अलावे सहायक निर्वाचक निबंधक सह बीडीओ बरहरवा सन्नी कुमार दास, पाकुड़ सीओ भागीरथ महतो और भाजपा के अनुग्रहित प्रसाद साह और पूर्व जिलाध्यक्ष विवेकानंद तिवारी के हस्ताक्षर हैं।

**इन छह बूथों की हुई जांच :** जांच टीम में शामिल पदाधिकारियों ने पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के 6 मतदान केंद्र 68, 153, 174, 216, 378 और 434 पहुंचकर मतदाता सूची से मतदाताओं की पहचान और इन बूथों पर हुई अप्रत्याशित वृद्धि की जांच की थी। समर्पित रिपोर्ट के मुताबिक जांच के दौरान जिन बूथों पर मतदाताओं के अप्रत्याशित वृद्धि की वजह विदेशी घुसपैठ बताया गया था यह आरोप सही नहीं पाया गया।

रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि सभी मतदाता बूथ क्षेत्र के ही रहने वाले हैं।

(शेष पेज 11 पर)

### बांग्लादेशी घुसपैठ की नहीं हुई जांच

भाजपा नेता ने कहा कि जहां तक बांग्लादेशी घुसपैठ की जांच की बात है तो इस जांच से इसका कोई संबंध नहीं है, क्योंकि मतदाताओं की अप्रत्याशित वृद्धि की जांच की गयी है, न की बांग्लादेशी घुसपैठ का। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठ की जांच के लिए शासन प्रशासन को अलग से व्यवस्था करनी होगी तभी जांच संभव है।

# कोर्ट ने पूछा, आदिवासियों की संख्या कैसे घट रही

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने संताल इलाके के उपायुक्तों (डीसी) और एसपी द्वारा अदालत में दिये गये हलफनामे में आदिवासियों की लगातार घटती आबादी पर कोई जानकारी नहीं देने पर निराशा जतायी है। दानयाल दानिश की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस और जस्टिस अरुण कुमार राय की खंडपीठ ने 22 अगस्त को 5 पन्नों के अपने आदेश में केंद्र सरकार की एजेंसियों द्वारा जवाब देने के लिए समय मांगे जाने पर भी नाराजगी जतायी है। कोर्ट ने पूछा, घुसपैठ नहीं हुई तो आदिवासियों की संख्या कैसे घटी।

**आदेश की कॉपी अपलोड :** जनहित याचिका पर हुई सुनवाई के आदेश की विस्तृत कॉपी हाईकोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गयी है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि संताल के डीसी यह बता रहे हैं कि वहां बांग्लादेशी मूल के लोगों की घुसपैठ नहीं हुई है, लेकिन आदिवासियों की घटती संख्या के पीछे क्या वजह है, यह नहीं बताया गया है। (शेष पेज 11 पर)

### संथाल में घुसपैठ नहीं, छह डीसी ने हाइकोर्ट को बताया



सुप्रभात
मंगलवार 27.08.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 129
epaper.khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ



स्पीड न्यूज

## एटक की रीजनल कमेटी के उपाध्यक्ष बने खुशवंत



**कतरास।** एटक के केंद्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न महतो के निर्देशानुसार संगठन के विकास एवं श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए चिटाही निवासी खुशवंत कुमार साव (देवा) को रीजनल कमेटी का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस मौके पर शत्रुघ्न महतो ने कहा कि खुशवंत कुमार की नियुक्ति से संगठन को नई मजबूती मिलेगी। वह श्रमिकों के अधिकार के लिए और भी प्रभावी तरीके से कार्य कर सकेंगे। खुशवंत कुमार ने इस नियुक्ति के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि वह अपने दायित्व को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे।

## बाघमारा से अशोक ने कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में पेश की दावेदारी



**कतरास।** धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सह राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के प्रदेश सचिव अशोक प्रकाश लाल ने आगामी विधानसभा चुनाव में भागीदारी के लिए कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संतोष सिंह से भेंट कर अपनी दावेदारी पेश की। उन्होंने अपनी दावेदारी को लेकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के नवनियुक्त अध्यक्ष केशव महतो से भी मुलाकात की और उनके साथ विचार विमर्श किया। मालूम हो कि श्री लाल बाघमारा के पूर्व विधायक स्व ओ पी लाल के सुपुत्र हैं।

## बरोरा के अवैध कोल डिपो में छापा, 10 टन कोयला जब्त

**कतरास।** बरोरा थाना क्षेत्र के मंदरा में अवैध ढंग से चलाये जा रहे एक कोल डिपो पर सोमवार को बरोरा थाना की पुलिस एवं सीआईएसएफ ने संयुक्त रूप से छापा मारा और लगभग 10 टन कोयला जब्त किया। जब्त कोयला बीसीसीएल बरोरा प्रबंधन के हवाले कर दिया गया। इस छापेमारी में किसी की गिरफ्तारी की खबर नहीं है।

## डिगवाडीह के बंद क्वार्टर से युवक-युवती को पुलिस ने पकड़ा

**जोड़ापोखर।** डिगवाडीह कम्युनिटी सेंटर के पीछे बंद क्वार्टर में रविवार की रात आपत्तिजनक अवस्था में जोरापोखर पुलिस ने युवक युवती को पकड़ा। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि डिगवाडीह क्षेत्र के टीवी दुकान संचालक की पुत्री व मुर्गा दुकान संचालक का पुत्र एक क्वार्टर में देर रात घुस गए। स्थानीय लोगों की नजर उसपर पड़ी। तभी किसी ने 100 नंबर पर डायल कर पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस युवक युवती को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। युवक की जेब से डेढ़ लाख रुपये मूल्य का आई फोन मिला है। पुलिस मोबाइल जप्त कर जांच कर रही है कि इतना महंगा आई फोन वह कैसे इस्तेमाल कर रहा है। जोरापोखर पुलिस जांच कर रही है।

# जन विरोधी नीति के खिलाफ आजसू ने निकाला पदयात्रा

**नेताओं ने कहा हर मोर्चा पर सरकार फेल, जनता त्रस्त**



खबर मन्त्र संवाददाता

**जामताड़ा।** आजसू पार्टी जामताड़ा ईकाई की ओर से सोमवार को जन जागरण पदयात्रा निकाली गई, जो नारायणपुर प्रखंड के चंपापर पंचायत के दीवाना मोड़ से प्रारंभ हुई। पदयात्रा पंचायत के तालबेड़िया छाता वाद, जंगलपुर, सोनाबाद, चितामी, कर्मोई और दक्षिणभाल होकर गुजरी। हर जगह नेताओं ने लोगों को संबोधित किया। यह कार्यक्रम 26 अगस्त से 4 सितंबर तक जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव, चौपाल तक होगा। आज गांवों में आदिवासी समाज के लोगों ने भव्य स्वागत किया। सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय महासचिव तरुण गुप्ता ने कहा कि झारखंड सरकार हर मोर्चे पर बिफल हो चुकी है। कानून व्यवस्था बदतर स्थिति में है। भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच चुका है। सरकार की हर योजना और उनकी खिलाफी पर जनमानस में व्यापक आक्रोश है। आदिवासी गांव की सड़कों की बदतर स्थिति है। उन्होंने कहा कि जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र की जनता को सोचना होगा और परिवर्तन के लिए तैयार रहना पड़ेगा। 35 वर्षों में जामताड़ा के जनप्रतिनिधि ने आदिवासी समाज और गांव की स्थिति बदतर कर दी है। इस अवसर परों पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार महतो, कार्यकारी जिला अध्यक्ष निमाई चंद्र सेन, रमेश पंडित, सीतामनी हसदा, सुखदेव रवानी, सुखदेव भंडारी, राम किशोर हांसदा बम शंकर दुबे अपना बस की अशोक सिंह मिथुन मंडल मनोरंजन मंडल जितेंद्र मंडल पिंटू यादव राकेश रवानी साजिद अंसारी इमामुद्दीन अंसारी सलाउद्दीन अंसारी, शहादत अंसारी, अनवर सौदागर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## झारखंड विधानसभा चुनाव में हम उतारेगी सात उम्मीदवार

**महुदा।** महुदा के एरिया ऑफिस स्थित गेस्ट हॉउस में सोमवार को हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) के राष्ट्रीय प्रवक्ता नंदलाला मांझी ने पत्रकार वार्ता में कहा कि उनकी पार्टी ने झारखंड विधानसभा चुनाव में इस बार 7 सीटों पर उम्मीदवार उतारने का निर्णय लिया है। दलित समाज के लोग आर्थिक व सामाजिक रूप से झारखंड में पिछड़े हुए हैं। सामाजिक विकास के लिए सरकारों ने कुछ नहीं किया है। उन्होंने कहा झारखंड में हम पार्टी का संगठन काफी मजबूत है। पार्टी के सिद्धांत से यहां के लोग काफी प्रभावित हुए हैं। उन्होंने बताया कि हिंदुस्तानीअवाम मोर्चा सात सीटों पर झारखंड में विधानसभा चुनाव लड़ेगी।



# बिजनौर में गंगा सतलज एक्सप्रेस दुर्घटना में दो रेल कर्मियों को चार्जशीट

**बाल बाल बचे यात्री**



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर में दो हिस्सों में बंटी फिरोजपुर-धनबाद, गंगा सतलज एक्सप्रेस की घटना पर रेलवे ने दो कर्मियों को चार्जशीट दिया गया है। साथ ही दो सुपरवाइजरों को घटना स्थल पर भेजा गया है। यह जानकारी सोमवार को डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने दी। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जो भी अन्य लोग दोषी पाये जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ज्ञात हो कि रविवार को धनबाद आ रही इस ट्रेन का कपलिंग (दो कोच को जोड़ने वाला उपकरण) टूट जाने के कारण बिजनौर में ट्रेन दो हिस्सों में बंट गई थी। घटना के समय ट्रेन की स्पीड 80-85 की थी। हालांकि इस घटना में जान माल का नुकसान नहीं हुआ है। बताया जाता है कि ट्रेन के गार्ड की सूचना पर वरीय अधिकारियों सहित जीआरपी व आरपीएफ मौके पर पहुंची। कपलिंग खराब होने के कारण एस-4 कोच को अलग कर अन्य अलग हुई बोगियों को जोड़ा गया। उसके बाद सुबह 7:30 बजे ट्रेन को धनबाद के लिए रवाना किया गया था। इस घटना के कारण सोमवार को यह ट्रेन साढ़े पांच घंटे विलंब से यानी 10.30 बजे धनबाद पहुंची।

## शिक्षक दिवस पर 5000 शिक्षकों को सम्मानित करेगा एसोसिएशन

**धनबाद।** झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन धनबाद की बैठक जिला अध्यक्ष एस के सिन्हा की अध्यक्षता में गांधी सेवा सदन में हुई। जिला सचिव इरफान खान ने कहा कि धनबाद जिले में 500 से ज्यादा यू डाइस प्राप्त गैर मान्यता निजी विद्यालय हैं, जिसमें शिक्षक एवं शिक्षिकाएं बेहतर शिक्षा बच्चों को दे रहे हैं। बावजूद शिक्षा विभाग द्वारा वैसे बेस्ट शिक्षकों को सम्मान नहीं दिया जाता है। सिर्फ निजी विद्यालयों से यू डाइस में शिक्षकों और बच्चों का डाटा ही मांगा जाता है। संगठन शिक्षक सम्मान समारोह के अवसर पर धनबाद जिले के सभी निजी विद्यालयों के बेहतर शिक्षकों की सूची विद्यालय प्रबंधन से लेकर उन्हें सम्मानित करेगा। बैठक में जिला उपाध्यक्ष रणजीत कुमार मिश्रा, बलियापुर अध्यक्ष एवं सचिव एसके श्रीवास्तव, झरिया अध्यक्ष किशोर महतो, विशाल कुमार श्रीवास्तव ,दीपक मिश्रा, जगदीश साहब, मुन्ना सिंह आदि मौजूद थे।




## पूर्वी टुंडी में हुआ सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति का पुनर्गठन

**पूर्वी टुंडी।** प्रखंड अंतर्गत चुरुरिया पंचायत स्थित श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति सुंदर पहाड़ी मंदिर परिसर में सोमवार को पूजा कमेटी के पुनर्गठन को लेकर बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जीवनजुड़ा दा ने की। भक्ति भाव एवं धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। सभी ने सुझाव रखे। सर्वसम्मति से पुजा कमेटी के संयोजक सहदेव महतो, अध्यक्ष दीपक कुमार, उपाध्यक्ष उत्तम रवानी, सचिव मनोज रवानी, सहसचिव रामसेवक महतो, कोषाध्यक्ष रंजीत रवानी, सह कोषाध्यक्ष राजकुमार रवानी को चुना गया।

# सिंदरी : दामोदर घाट पर मिला युवक का शव

**एक दिन पहले मित्रों के साथ गया था घूमने, नदी में लगा दी थी छलांग**

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** सुदामडीह थाना क्षेत्र के मोहलबनी मुक्तिधाम के निकट दामोदर नदी में छलांग लगाने वाले झरिया निवासी शिव कुमार यादव उर्फ तन्नू (32) यादव का शव सोमवार को लगभग शाम 4 बजे सिंदरी स्थित दामोदर नदी के करगली घाट से बरामद हुआ। सिंदरी बस्ती के लोगों और तन्नू के परिजनों ने मिलकर दामोदर नदी से शव निकाला। झरिया चौथाई कुल्ही तिवारी मंदिर के समीप का निवासी स्व गोपाल यादव के पुत्र चालक तन्नु यादव अपने दो मित्रों सदानंद कुमार रवानी और साहिल कुमार के साथ रविवार को मोहलबनी स्थित मुक्तिधाम घूमने आया था। मित्रों के अनुसार मुक्तिधाम में तीनों ने शराब का सेवन किया। संध्या 6 बजे तन्नू यादव ने अचानक नदी में छलांग लगा दी और दामोदर नदी के प्रवाह में खो गया। मित्रों ने उसकी पत्नी सीमा देवी को फोन पर सूचना दी। तन्नू यादव का शव दामोदर नदी में बहते बहते लगभग 15 किलोमीटर दूर बलियापुर थाना क्षेत्र के सरसाकुड़ी घाट पर पहुंच गया। सिंदरी थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि इसके पहले आज सुबह में टासरा के लोगों ने शव को दामोदर नदी के टासरा घाट पर देखा था। शव नदी के प्रवाह के बीचो बीच था। इसलिए पुलिस ने शव के किनारे आने का इंतजार किया। शव सिंदरी स्थित करगली घाट पर किनारे लगा, जहां से परिजनों ने लोगों की मदद से उसे निकाल लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि शव सिंदरी थाना लाया गया है। मृतक का भाई रघु यादव शव के साथ है। सिंदरी पुलिस की सूचना पर सुदामडीह थाना के एस आई मो अफरोज पुलिस बल के साथ सिंदरी थाना पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि परिजनों के साथ शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज रहे हैं।

# यूनिफाइड पेंशन स्कीम से 19 हजार रेल कर्मी होंगे लाभान्वित

**25 साल तक नौकरी करने वालों को मिलेगा पेंशन का पूरा लाभ**



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** पेंशन को लेकर रेल कर्मियों कि लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हो चुकी है। इस बार पेंशन को तीन तरह से वर्गीकृत किया गया है । पहले से चली आ रही ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) और न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) के साथ यूनिफाइड पेंशन स्कीम को जोड़ा गया है। नई स्कीम 1 अप्रैल 2025 से लागू हो जाएगी। इससे धनबाद रेल मंडल के 24 हजार रेल कर्मी लभान्वित होंगे। उक्त बातें सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में प्रेसवार्ता आयोजित कर डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने कही। उन्होंने बताया कि हमारे यहां 5 हजार पुरानी पेंशन का लाभ ले रहे है। बाकी 19 हजार कर्मियों को यूनिफाइड पेंशन स्कीम चुनने का अवसर मिलेगा। 1 अप्रैल 2004 के बाद जिनकी नियुक्ति हुई है, उनके लिए यह स्कीम बहुत अच्छी है। जो कर्मी 25 साल अपनी नौकरी पूरी करेंगे, उनके मूल वेतन की 50 प्रतिशत राशि पेंशन के रूप में मिलेगी। जिनकी नौकरी 5 साल रह गई है, उन्हें एक माह का वेतन पेंशन के रूप में मिलेगा। जिनकी नौकरी 10 साल है, उन्हें दस हजार रुपये पेंशन प्रति माह मिलेगा। ये गारेंटेड प्लान है। उन्होंने कहा कि इस स्कीम के तहत कर्मचारी को पहले की तरह अपने वेतन का 10 प्रतिशत योगदान देना होगा, जबकि सरकार का योगदान 18.5 प्रतिशत रहेगा। इसमें एनपीएस की तरह बाजार से जुड़ा निवेश नहीं होगा, जबकि ओपीएस की तरह डीआर (महंगाई भत्ता) का प्रावधान रहेगा। एनपीएस वाले कर्मी भी इससे जुड़ सकते हैं। इसके अलावा कर्मी की मृत्यु होने पर उसके परिवार को पेंशन का 60 प्रतिशत लाभ मिलेगा। पहले पुराने पेंशनधारियों की मौत के बाद उनके परिवार को 30 प्रतिशत राशि मिलती थी, वहीं नई पेंशन स्कीम में यह सुविधा नहीं थी। रिटायरमेंट के बाद कर्मियों को पेंशन की राशि जोड़कर एक मुश्त राशि दी जाती थी।

### पुराने पेंशन की मांग होगी पूरी

प्रेसवार्ता में मौजूद ईसीआरकेयू के प्रतिनिधि सोमेन दत्ता ने कहा कि हमलोगों की पुराने पेंशन की जो मांग थी, उसे इस स्कीम में शामिल किया गया है। इसमें ग्रेच्यूटी, महंगाई भत्ता के साथ एक निश्चित राशि पेंशन के रूप में मिलेगी। केंद्रीय कैबिनेट का यह फैसला स्वागत योग्य है। इस बैठक में ऑल इंडिया रेल फेडरेशन के प्रतिनिधि भी शामिल थे। उन्होंने भी इस फैसले का स्वागत किया था। जहां तक कर्मियों की नाराजगी की बात है तो अब तक जितने कर्मियों से मिले हैं, सभी ने स्वागत किया है। मेरे ख्याल से कोई नाराज नहीं है, सिर्फ अफवाह फैलायी जा रही है।

# झरिया में जन्माष्टमी पर सज गए मंदिर, पूजा-अर्चना शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता



**झरिया ।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर घरों व मंदिरों में पूरी तैयारी की गई है। शहर के कई मंदिरों में सफाई व रंग रोगन पूरा हो गया है। शहर के सभी मंदिरों को रंग बिरंगी लाइट और सुगंधित फूल मालाओं से सजाया गया है। झरिया धाम से के नाम से प्रचलित लाल बाजार स्थित श्री श्याम मंदिर का नजारा देखने लायक है। मंदिर समिति के सक्रिय सदस्य शिबू अग्रवाल ने बताया कि राजस्थान स्थित खाटू श्याम मंदिर के तोरण द्वार की तरह तोरण द्वार विशेष रूप से बनाया गया है। साथ ही भगवान श्री कृष्ण के बाल जीवन की आकर्षक तस्वीरों से मंदिर प्रांगण को सजाया गया है। रात 12 बजे भगवान के जन्मोत्सव पर लड्डू गोपाल का पूजन होगा और पालने में झुलाया जाएगा।

### मंदिरों में भजन-कीर्तन के साथ प्रसाद वितरण

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर रास मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर भजन कीर्तन समेत कई अनुष्ठान हुए। पूजा–अर्चना में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी भाग लिया। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर सचिव उज्ज्वल मंडल ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। इस आयोजन में मंदिर समिति के सदस्यों समेत आसपास के श्रद्धालु शामिल हुए। बीच बाजार ठाकुरबाड़ी में झूलन उत्सव का आयोजन किया गया। पूजा अर्चना की गई। प्रसाद वितरण हुआ। कालाडीह शिव मंदिर में साथी क्लब ने 24 घंटे के अखंड संकीर्तन की शुरुआत की। इसकी पूर्णाहुति मंगलवार को होगी। मटका फोड़ होगा एवं भंडारा लगेगा । खिलकनाली ठाकुरबाड़ी में 24 घंटे के अखंड संकीर्तन की शुरुआत हुई । इसकी पूर्णाहुति मंगलवार को होगी और प्रसाद वितरण होगा। नीलकंठ महादेव मंदिर आकाशगंगा कॉलोनी, नर्मदेश्वर महादेव मंदिर गोसाईंडीह सहित विभिन्न मंदिरों में जन्माष्टमी पर कई कार्यक्रम हुए।

एक नजर में

## ऋषिकेश महतो की 90 वीं जयंती मनाई गई



कतरास। भेलाटांड़ स्थित पेमिया ऋषिकेश विद्यालय में ऋषिकेश महतो की 90 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर विद्यालय के छात्र–छात्राएं, शिक्षक शिक्षिकाओं के अलावा दिवंगत ऋषिकेश महतो के सुपुत्र बाबू नाथ महतो एवं परिवार के सभी सदस्य मौजूद थे। लोगों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर प्रदोष महतो, विदेश महतो, संजय, चंद्रिका यादव आदि मौजूद थे।

## तोपचांची प्रखंड के कई युवक जदयू में शामिल



**कतरास।** श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में जदयू के प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह की उपस्थिति में तोपचांची प्रखंड के बिनोद सोरेन,सुजय ठाकुर और मंशु कुम्हार आदि जदयू की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर सहदेव प्रसाद सिंह, जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जिला महासचिव अशोक कुमार दास, जदयू नेता तारा बाबू आदि मौजूद थे।

## कोल माइंस इंजीनियरिंग वर्कर्स एसोसिएशन मोदीडीह शाखा का पुनर्गठन



**कतरास।** कोल माइंस इंजीनियरिंग वर्कर्स एसोसिएशन मोदीडीह शाखा का पुनर्गठन सोमवार को केंद्रीय महामंत्री सुरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में हुआ। इस मौके पर श्रमिक समस्याओं के निराकरण के लिए विचार विमर्श किया गया। सर्व समिति से अध्यक्ष मोहम्मद साबिर, उपाध्यक्ष लाखो महतो, रामलाल भुईयां, बंशीधर सहिश, अहमद अंसारी, रमेश चंद्र महतो, मोहम्मद इम्तियाज, नंदकिशोर बढ़ई, हरिश्चंद्र, सचिव मजहर अंसारी, सहायक सचिव नवीन कुमार सिंह, नवीन कुमार, रवि रजवार, पप्पू कुमार, चंदन रजवार, संगठन सचिव शिवचरण महतो, अर्जुन भुईयां, नौशाद खान, विजय रजवार, कैलाश शाल, कोषाध्यक्ष संजय भगत, राजमोहन चौहान चुने गए।

## रोहित ने भी बाघमारा सीट से की प्रत्याशी बनने की दावेदारी



**कतरास।** कांग्रेस में शामिल कतरास निवासी रोहित यादव ने भी बाघमारा विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए धनबाद के कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह के समक्ष दावेदारी प्रस्तुत की। मालूम हो कि इसके पूर्व बाघमारा से कांग्रेस से चुनाव लड़ने के लिए अशोक लाल और राजेश राम अपनी दावेदारी पेश कर चुके हैं।

# नाबालिग किशोरी की चंदवा में गुपचुप तरीके से करायी जा रही थी शादी

## जिप सदस्य सरोज देवी व ग्रामीणों ने ह्यूमन ट्रैफिकिंग का संदेह होने पर पकड़ पर प्रशासन को सौंपा

- किशोरी व बाहर से आए लोगो को अपने कब्जे में लेकर अग्रेतर कार्रवाई में जुटा प्रशासन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चंदवा।** आज भी ग्रामीण इलाकों में भोले-भाले ग्रामीण प्रलोभन में आकर ह्यूमन ट्रैफिकिंग (मानव तस्करी) के जाल में फंस रहे हैं, कभी दूसरे प्रदेश में काम दिलाने, तो कभी बड़े घरों के लड़कों से शादी करने का झांसा देकर मानव तस्कर ग्रामीणों को अपने जाल में फंसाते हैं व कम उम्र की बच्चियों को बड़े शहरों में ले जाकर उनका शोषण किया जाता है। ऐसा ही एक मामला चंदवा थाना क्षेत्र के सेरक पंचायत अंतर्गत एक गांव से आया है, जहां हेरहंज प्रखंड की एक नाबालिग किशोरी की शादी गुपचुप तरीके से हरियाणा के एक अधेड़ के साथ कराई जा रही थी। शक होने पर ग्रामीणों ने इसकी सूचना चंदवा पश्चिमी जिला परिषद सदस्य सह भाजपा नेत्री सरोज देवी को दी, इसके बाद सरोज देवी मौके पर पहुंची व मामले की जानकारी ली। पूरे मामले से अवगत होने के बाद उन्होंने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय प्रशासन को दी, जिसके बाद चंदवा पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर किशोरी व बाहर से आये संदिग्ध लोगों को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई है। बताया जाता है कि किशोरी का ननिहाल सेरक में है व परिजन काफी गरीब हैं। इसी का फायदा उठाकर गांव की एक महिला प्रलोभन देकर नाबालिग किशोरी की शादी हरियाणा के एक व्यक्ति से करा रही थी, जिस व्यक्ति से किशोरी की शादी कराने की कोशिश की जा रही थी वह काफी उम्रदराज बताया जा रहा है।

### मानव तस्करी के खिलाफ सख्त एक्शन लेने की जरूरत : सरोज देवी

इधर मानव तस्करी जैसे संगीन मामलों में सम्मिलित अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग जिप सदस्य सरोज देवी ने की। उन्होंने कहा कि गांव के भोले भाले व कम पढ़े-लिखे लोगों को स्थानीय दलालों के माध्यम से लालच देकर यहां की बच्चियों को बाहर ले जाया जाता है। ऐसे तस्करों एवं दलालों से निपटने के लिए प्रशासन को सख्त कदम उठाने की जरूरत है।

### क्या कहते हैं इंस्पेक्टर

मामले को लेकर पूछे जाने पर पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, जांच में किशोरी नाबालिग है, अग्रेतर कार्रवाई को लेकर मामला बाल संरक्षण समिति को सुपुर्द किया जाएगा।

---

## स्पीड न्यूज

### वज्रपात की चपेट में आने से किसान की मौत, मातम

**चंदवा।** प्रखंड के बारी पंचायत अंतर्गत सेलबार गांव निवासी किसान बिहार गंझू उम्र करीब 56 वर्ष पिता स्व. ओहदार गंझू की मौत सोमवार की शाम वज्रपात की चपेट में आने से हो गई। घटना के बाद परिजन उसे तत्काल सदर अस्पताल लातेहार ले गए थे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार बिहारी गंझू बारी गांव में खेत में खाद डाल रहे थे, इसी क्रम में सोमवार की शाम हुई बारिश के बीच वर्जपात की घटना हुई, इसकी चपेट में बिहारी आ गया। घटना के बाद तत्काल परिजन उसे लेकर सदर अस्पताल गए थे। घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। खबर लिखे जाने तक मृतक का अन्त:प्रेरणा नहीं हो पाया था।

### मां ने कराया पुत्र की गुमशुदगी का सनहा दर्ज

चंदवा। शहर से सटे कब्रिस्तान मोहल्ला निवासी आस्मीन प्रवीन पति मो इमरान ने चंदवा थाना में आवेदन देकर अपने 12 वर्षीय पुत्र मो. अंजर, रंग सांवला जो ग्रीन फिल्ड स्कूल का ब्लू रंग का टी-शर्ट और काला रंग का जीस पहने हुए है जो शनिवार 24 अगस्त की शाम 6 बजे से लापता है। हमलोगों के द्वारा सभी रिश्तेदारों व अन्य जगहों पर काफी खोजबीन की लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल पाया। उसे अंतिम बार शनिवार को 1 से 4 बजे तक अपने दोस्तों के साथ खेलते हुए देखा गया था। उसके बाद से उनका कहीं कोई अता पता नहीं है। परिजनों ने चंदवा पुलिस से अपने पुत्र की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है और अपने पुत्र अंजर का कहीं पता लगने पर मोबाइल नंबर 620353506 और 9631703246 पर संपर्क करने की गुजारिश की है।

### पागल कुत्ते ने सात लोगों को काटा

बालूमाथ। बालूमाथ थाना क्षेत्र के खरटिया एवं बसिया ग्राम में पागल कुत्ता ने 7 लोगों को काट लिया। मिली जानकारी के एक पागल कुत्ता खरटिया ग्राम पहुंचा तथा वहां जो आदमी मिला उसको काटते हुए भाग निकला। जिसमें सुनील उरांव पिता चैतू उरांव, सुका देवी पति चंदू राव, चैतू उरांव पिता बरतू उरांव तीनों ग्राम खरटिया, थाना बालूमाथ घायल हो गये। आसपास के ग्रामीण जब पागल कुत्ते को मारने के लिए दौड़ाये तो वह भाग कर बगल के पीडार कोम एवं बसिया ग्राम पहुंचा। जहां पागल कुत्ते ने अविनाश कुमार रवि पिता स्वर्गीय सोहन राम, प्रीतम कुमार पिता बसंत राणा दोनों ग्राम पीडार कोम एवं दीपू यादव पिता निर्मल कुमार ग्राम बसिया थाना बालूमाथ एवं उधर से गुजर रहे खलारी निवासी मनोज राम पिता स्वर्गीय तपेश्वर राम को पागल कुत्ते ने काट लिया। जिससे सभी लोग घायल हो गये। परिजनों द्वारा सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक इलाज करते हुए एंटी रेबीज इंजेक्शन दिये गये।

### पारिवारिक कलह में महिला ने कीटनाशक खाकर की आत्महत्या

चंदवा। थाना क्षेत्र के हुटाप पंचायत अंतर्गत अमझरिया ग्राम में सोमवार की दोपहर नेपाली गंझू की पत्नी देवंती देवी ने पारिवारिक कलह के बाद आवेश में कीटनाशक खा ली। कीटनाशक खाने के बाद महिला की स्थिति बिगड़ने लगी, जिसके बाद परिजन महिला को लेकर आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचे जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लातेहार रेफर कर दिया, वहां भी महिला की स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई, स्थिति बिगड़ने के बाद महिला को रिम्स रेफर कर दिया, लेकिन रिम्स पहुंचने से पहले ही महिला ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतका अपने पीछे चार छोटे-छोटे बच्चों (तीन बेटा व एक बेटी) छोड़ गयी है, जिनका घटना के बाद रो-रो कर बुरा हाल है।

---

## बरवाडीह पुलिस ने रात्रि में अवैध बालू के साथ एक ट्रैक्टर को किया जब्त, प्राथमिकी दर्ज

# प्रतिबंध के बावजूद भी नदियों को छलनी कर रहे हैं बालू माफिया

- 3000 रुपये प्रति ट्रैक्टर बालू बेच मालामाल हो रहे हैं माफिया

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**बरवाडीह।** रविवार की रात लगभग 11 बजे बरवाडीह अंचलाधिकारी मनोज कुमार के नेतृत्व में बरवाडीह थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने अपने सदलबल के साथ अवैध बालू के खिलाफ थाना क्षेत्र में छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान बरवाडीह-मंडल मार्ग सिंचाई विभाग के पास से अवैध बालू से लदा एक सोनालिका ट्रैक्टर को जब्त किया है। वहीं इस संबंध में थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने बताया कि बरवाडीह अंचलाधिकारी मनोज कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के कई इलाकों में रात को बालू माफियाओं द्वारा अवैध बालू का कारोबार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर बरवाडीह अंचलाधिकारी एवं बरवाडीह पुलिस द्वारा रविवार की रात में संयुक्त छापामारी अभियान चलाया गया। इसी दरमियान बरवाडीह - मंडल मार्ग सिंचाई विभाग के पास देखा गया कि एक ट्रैक्टर आ रहा है। वहीं चालक छापामारी टीम को आता देख ट्रैक्टर को उसी जगह पर छोड़ कर फरार हो गया। उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर को जब्त कर बरवाडीह थाना में लगा दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि फिलहाल अज्ञात ट्रैक्टर मालिक और अज्ञात चालक पर प्राथमिकी दर्ज की गई है, और ट्रैक्टर मालिक का सत्यापन किया जा रहा है। उधर मिली जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर छेंचा पंचायत के होरिलोंग ग्राम निवासी राजीव कुमार सिन्हा का है। एनजीटी के प्रतिबंध के बावजूद भी बालू माफियाओं द्वारा रात के अंधेरे में नदियों को छलनी करने का काम किया जा रहा है और ढाई हजार से तीन हजार रुपए प्रति ट्रैक्टर बालू की सप्लाई की जा रही है। बहरहाल अंचलाधिकारी एवं बरवाडीह पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

---

## जिले भर में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की तैयारी पूर्ण

# बालकृष्ण रूप में बच्चों में दिखी कृष्ण की झलक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



लातेहार/चंदवा। सोमवार को जिले समेत प्रखंड क्षेत्र में कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर पूरा क्षेत्र भक्तिमय रहा। जहां जन्माष्टमी पर्व को लेकर श्रद्धालुओं के द्वारा बाजारों में जाकर पूजा के सामानों के साथ-साथ भगवान कृष्ण की मूर्ति और झूला की खरीददारी करते देखा गया। जिसके चलते बाजारों में भी रौनक दिखी। जन्माष्टमी को लेकर जहां लोग पूजा अर्चना करने के साथ-साथ अपने घर के छोटे-छोटे बच्चों को भगवान कृष्ण का बाल रूप दे रहे थे। एक से बढ़कर एक भगवान कृष्ण के पोशाक को पहनाकर जन्माष्टमी का उत्सव मनाते देखे गए। इस दौरान बच्चे भी भगवान कृष्ण के बाल रूप के कपड़ों को पहन कर और माखन खाते हुए पूरी तरह से भगवान कृष्ण के रूप में ढले हुए थे। दूसरी ओर जन्माष्टमी को लेकर देवीमंडप मंदिर, बुध बाजार शिव मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर, शिव मंदिर थाना टोली समेत अन्य मंदिरों में देर रात पूजा अर्चना करने को लेकर पूरे मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे झालर और फूलों के साथ दुल्हन की तरह सजाया गया। रात्रि में विधिवत पूजन अर्चना कर श्री कृष्ण का जन्मदिवस मनाया गया।

---

# सदर प्रखंड के ग्राम ईचाक और ग्राम दुगिला में किसानों को दिया गया जैविक प्रशिक्षण

- प्रशिक्षण में किसानों को रसायनिक खेती से होने वाले दुष्प्रभाव के विषय में दी गई विस्तृत जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लातेहार।** सदर प्रखंड के ग्राम ईचाक और ग्राम दुगिला में समृद्धि आर्गेनिक कम्पनी द्वारा सोमवार को जैविक प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में समृद्धि आर्गेनिक कंपनी के पुणे से आए नॉर्थ जोन के प्रबंधक सौरभ कुमार सैनी व लातेहार क्षेत्र के अधिकारी प्रकाश यादव और रूपेश कुमार ठाकुर ने किसानों को जैविक विधि से खेती करने व मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रकार के ऑन फार्म इनपुट जैसे जीवामृत, बीजामृत, दशपर्णी आदि के बारे में प्रशिक्षण दिया।

इस प्रशिक्षण में किसानों को रसायनिक खेती से होने वाले दुष्प्रभाव के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। गौरतलब हो कि रासायनिक खेती में उपयोग होने वाले उर्वरक और कीटनाशक मिट्टी, पानी और हवा को प्रदूषित करते हैं। यह प्रदूषण न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि मानव स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव डालता है। मिट्टी की उर्वरता घटने के साथ- साथ फसलों में रासायनिक अवशेषों के कारण बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। इस प्रशिक्षण में ईचाक गांव के कई लोग उपस्थित थे।

---

### बारियातू प्रखंड में वज्रपात से एक मवेशी की मौत



बारियातू। प्रखंड के सिबला पंचायत अंतर्गत पुरना सिबला निवासी सुरेश उरांव की गाय की वज्रपात से मौत हो गई। जानकारी देते हुए पीड़ित सुरेश उरांव पिता नन्हू उरांव ने बताया की अभी खेती बारी का दिन है। अपनी गाय को घर के बगल में चरने के लिए बांधे हुए थे। अचनाक तेज बारिश के साथ वज्रापात हो गयी जिसकी चपेट में आने से गाय की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। गाय की मौत होने से लगभग बीस हजार की आर्थिक क्षति हुई है। पीड़ित ने संबंधित विभाग से मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई है।

---

# प्रकाश राम को राजद युवा प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया

- राजद की बैठक में युवा जिला अध्यक्ष दीपक यादव ने नव चयनित युवा अध्यक्ष प्रकाश राम को प्रमाण पत्र सौंपा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बारियातू।** प्रखंड स्थित खेल स्टेडियम में राष्ट्रीय जनता दल की बैठक युवा जिला अध्यक्ष दीपक यादव के नेतृत्व में आयोजित की गयी। बैठक में राजद पार्टी की नीति सिद्धांत के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। वहीं पार्टी को सुचारू रूप से चलाने के लिए सर्वसम्मति से प्रखंड युवा अध्यक्ष प्रकाश राम को चयनित किया गया। युवा जिला अध्यक्ष दीपक यादव ने नव चयनित युवा अध्यक्ष प्रकाश को प्रमाण पत्र दिया। इस दौरान नव चयनित युवा प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश राम ने कहा कि मुझे युवा प्रखंड अध्यक्ष का पद भार सं पा गया है। मैं अपने दायित्व और कर्तब्य को निष्ठापूर्वक निर्वहन करूंगा साथ ही उपस्थित लोगों को बैठक में संबोधित करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यकर्ताओं ने माला पहना कर स्वागत किया। स्वागत के दौरान कहा कि पार्टी के सभी राजद कार्यकर्त ओं के साथ मिल-जुल कर मान-सम्मान पूर्वक रहूंगा।

मौके पर मो. ऐजाज, वीरेंद्र यादव, पंकज यादव, राहुल यादव, सुदामा कुमार चूलेश्वर गंझू, संजय राम सहित कई राजद कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

# कोल्हान की आरजेडीई निर्मला बरेलिया का निधन

- लातेहार में जिला शिक्षा पदाधिकारी के पद पर कर चुकी हैं कार्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लातेहार।** कोल्हान की क्षेत्रीय संयुक्त शिक्षा निदेशक निर्मला बरेलिया का निधन हो गया। रविवार की देर शाम उन्होंने अंतिम सांसें ली। गम्हरिया स्थित उनके आवास में उन्हें हार्ट अटैक आया था। जिसके बाद उन्हें तत्काल ईलाज के लिए मेडिट्रिना अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वह 56 वर्ष की थीं। निर्मला बरेलिया को पिछले दिनों प्रमोशन देकर कोल्हान का क्षेत्रीय संयुक्त शिक्षा निदेशक बनाया गया था। इससे पूर्व लातेहार जिले में जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक के रूप में इनका कार्यकाल अति सराहनीय रहा है।

---

### बिजली करंट लगने से से दो बैलों की हुई मौत

**गुमला।** भरनो प्रखंड के करंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत बटकुरी गांव में सोमवार को बिजली करंट की चपेट में आने से दो बैलों की मौत हो गई। जबकि बैलों को बचाने के क्रम में 16 वर्षीय सलमी कुमारी गंभीर रूप से झुलस गई है। मिली जानकारी के अनुसार बटकुरी गांव में बिजली का एलटी तार टूट कर जमीन में गिरा हुआ था। वहीं पास में भांगा मुंडा का दो बैल एक ही रस्सी में बांधा हुआ। बिजली तार की तरफ घास चरते पहुंच गयाऔर जमीन में गिरे बिजली तार के चपेट में आ गया। बैलों को करंट लगते देख भांगा मुंडा की पुत्री सलमी दौड़कर गई और बैलों में बंधे रस्सी को काटने का प्रयास कर रही थी। तभी वह भी बिजली करंट की चपेट में आ गई और गंभीर रूप से झुलस गई। घटना की सूचना करंज थाना प्रभारी आशीष केशरी और मुखिया दशरथ भगत को दी गई। तब जाकर बिजली कटवाया गया। वहीं घटना स्थल पर ही दोनो बैलों की मौत हो गई,जबकि सलमी गंभीर रूप से झुलस गई। वहीं मौजूद उसके परिजनों द्वारा तत्काल सलमी कुमारी को रेफर अस्पताल सिसई ले जाया गया। जहां डॉक्टरों की देखरेख में उसका इलाज चल रहा है। इस घटना के बाद परिजनों ने बिजली विभाग से मदद की गुहार लगाते हुए मुआवजे की मांग की है।

---

## बरवाडीह में आजसू पार्टी का युवा बेरोजगारों का डेटा संग्रह अभियान शुरू

# सरकार को सौंपा जायेगा युवा बेरोजगारों का डाटा : बिरेंद्र ठाकुर

- कहा- झारखंड सरकार ने राज्य के युवाओं के साथ वादा खिलाफी कर उन्हें छलने का काम किया है
- आगामी 8 सितंबर को झारखंड के मुख्यमंत्री को डाटा सौंपा जाएगा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बरवाडीह।** आजसू पार्टी के जिला सचिव बिरेंद्र ठाकुर एवं प्रखण्ड अध्यक्ष ललन तुरी के द्वारा बरवाडीह में युवा बेरोजगारों का डेटा संग्रह अभियान शुरू कर दिया है।

बिरेंद्र ठाकुर ने बताया कि झारखंड सरकार ने राज्य के युवाओं के साथ वादा खिलाफी कर उन्हें छलने का काम किया है। जिसे लेकर आजसू पार्टी ने बेरोजगार युवाओं की समस्या को देखते हुए राज्यव्यापी डेटा संग्रह अभियान की शुरुआत की है। यह अभियान 24 अगस्त से 6 सितंबर तक चलेगा। बताया कि झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में कहा था कि हर साल पांच लाख युवा नौजवानों को नौकरी देंगे या बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। लेकिन सरकार के 5 साल का कार्यकाल पूरा होने को है पर युवा बेरोजगारों को पांच रुपया भी अभी तक बेरोजगारी भत्ता नहीं दिया गया है। आजसू पार्टी जिले के एक-एक घर में जाकर युवा बेरोजगारों का डेटा संग्रह करने का काम रही है।

बिरेंद्र ठाकुर ने बताया कि आगामी 8 सितंबर को झारखंड के मुख्यमंत्री को डाटा सौंपा जाएगा। इस अभियान में आजसू पार्टी के शंकर प्रसाद, विजय सिंह, राहुल कुमार, कन्हाई प्रसाद, सुरेंद्र सिंह, मकसूद आलम, रमेश यादव सुनील सिंह और बबलू कुमार आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

---

# झारखंड राज्य आजीविका कर्मचारी संघ ने मंत्री बैद्यनाथ राम को सौंपा ज्ञापन



- मंत्री ने पत्राचार के माध्यम से विभागीय मंत्री, मुख्यमंत्री और संबंधित विभाग को सूचित करने का दिया आश्वासन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** सोमवार को झारखंड राज्य आजीविका कर्मचारी संघ जिला इकाई लातेहार के द्वारा स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री बैद्यनाथ राम झारखंड सरकार तथा मानिका विधायक रामचन्द्र सिंह को ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित जेएसएलपीएस के जिला इकाई के जिला उपाध्यक्ष दिलीप कुमार व राजन यादव के नेतृत्व में चार सूत्री मांग - पत्र सौंपा गया। वहीं इस मामले में मंत्री द्वारा आश्वासन दिया गया कि पत्राचार के माध्यम से विभागीय मंत्री, मुख्यमंत्री और संबंधित विभाग को सूचित करने का काम करेंगे। मांग पत्र में मानदेय बढ़ोतरी, स्थायीकरण, गृह जिला वापसी एवं गृह प्रखंड या बगल के प्रखंड में करने एवं एनआरईटीपी, जोहार, एमकेएसपी परियोजना को एनआरएलएम में समायोजन करने हेतु ज्ञापन दिया गया। मौके पर जिला संघ के अशेश्वर प्रजापति, संजय यादव, जितेंद्र कुमार, मंटू कुमार, उमेश यादव, अजय बैठा, अखिलेश सिंह, अनिल उरांव, जाबिर हुसैन, महेश सिंह, राजकुमार यादव, प्रेम प्रकाश ओझा, अशोक सिंह, सुमित्रा देवी, अंबिका सिंह, राजकली कुमारी के अलावे कई कर्मी उपस्थित रहे।

# असुरक्षित कार्य स्थल

देश में कामकाजी महिलाओं के लिये कार्यस्थल पर परिस्थितियां कितनी असुरक्षित हैं। वह भी इतनी भयावह कि कार्यस्थल पर ही प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के साथ यह सब वीभत्स घट जाता है। निश्चित रूप से कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न मानव अधिकारों का सरासर उल्लंघन ही है। कार्यस्थल पर महिलाओं के लिये सुरक्षा अनुकूल वातावरण बनाने के मद्देनजर विशाखा दिशा-निर्देश जारी करने के सत्ताईस साल बाद अब सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों को डॉक्टरों की सुरक्षा को संस्थागत बनाने के लिये तुरंत कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। वहीं दूसरी ओर देश की सर्वोच्च अदालत के निर्देश के अनुपालन हेतु गठित एक राष्ट्रीय टास्क फोर्स को चिकित्सा पेशवरों की सुरक्षा, महिला चिकित्सकों के लिये अनुकूल कामकाजी परिस्थितियां बनाने तथा उनके हितों की रक्षा के लिये प्रभावी सिफारिशें तैयार करने का काम सौंपा गया है। विश्वास किया जाना चाहिए कि ये सिफारिशें यदि जमीनी स्तर पर भी प्रभावी साबित हुईं तो किसी भी पेशे में कामकाजी महिलाओं की सुरक्षा के लिये असरकारी साबित होंगी। लेकिन यह तभी संभव है जब सभी हितधारक एक स्तर पर एकजुट होकर इस दिशा में काम करेंगे। निस्संदेह, किसी भी दुर्भाग्यपूर्ण घटना होने के वक्त तमाम तरह के उपक्रम होते हैं, लेकिन कुछ समय बाद सब कुछ ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। सही मायनों में कानून बनाने और दिशा-निर्देश जारी करने से ज्यादा महत्वपूर्ण बात यह है कि उनका अनुपालन कितने पारदर्शी व संवेदनशील दृष्टि से किया जाता है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं कि वर्ष 2012 के निर्भया कांड के बाद देश में कोलकाता कांड में भी उसी तरह की तल्ख प्रतिक्रिया सामने आई है। कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित किया जाए।

# कमला आगे...

अमेरिकी चुनाव में कमला हैरिस की दमदार उपस्थिति से समीकरण बदल गए हैं। उनके प्रतिद्वंद्वी रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रंप, जो पिछले महीनों में अजेय बढ़त लेते दिख रहे थे, अब पहले जैसी स्थिति में नहीं हैं। खासकर एक जनसभा में उनकी कथित हत्या के प्रयास में बाल-बाल बचने के बाद उन्होंने जिस तरह निडरता से अपनी मुट्ठी तानकर अपनी सशक्त अभिव्यक्ति दी थी, उससे वे सहानुभूति के चलते बढ़त लेते नजर आ रहे थे। तब राष्ट्रपति जो बाइडेन का चुनाव अभियान लगातार पिछड़ता नजर आ रहा था, जिससे ट्रंप खासे उत्साहित थे। लेकिन अब चुनाव अभियान से जुड़ी स्थितियां पिछले कुछ हफ्तों में तेजी से बदलती नजर आ रही हैं। दरअसल, सेहत के मुद्दे तथा शिथिल प्रदर्शन के चलते डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से बाइडेन पर राष्ट्रपति चुनाव के लिये दावेदारी वापस लेने का लगातार दबाव बढ़ता गया । जिसके बाद भारतीय और जमैका के अप्रवासियों की बेटी कमला हैरिस के चुनाव लड़ने का मार्ग प्रशस्त हुआ। डेमोक्रेट सही मायनों में पटरी पर लौटते नजर आए हैं। जिससे पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रंप के लिये असहज स्थितियां बनने लगी। निस्संदेह, कुशल वक्ता के रूप में दमदार उपस्थिति से कमला हैरिस ने अमेरिकी जनमानस का ध्यान खींचा। इतना ही नहीं, उन्हें डेमोक्रेट पार्टी के दिग्गज नेताओं का भी खुला समर्थन मिला। जिसमें पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और बिल क्लिंटन के दमदार भाषणों ने कमला हैरिस की दावेदारी को और सशक्त बनाया। कुल मिलाकर पार्टी के कमला को विधिवत प्रत्याशी घोषित करने वाले सम्मेलन के बाद चुनावी अभियान में उन्हें बढ़त मिलती दिख रही है।

# पाकिस्तान के हालात बांग्लादेश से ज्यादा खराब

बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार का तख्ता पलट होने के बाद सवाल उठ रहा है कि क्या दक्षिण एशिया के इस क्षेत्र में तीसरी बार भी ऐसी घटना होगी? क्या अगला नंबर पाकिस्तान का है? यह सवाल सोलह आना खरा इसलिए है क्योंकि इस समय पाकिस्तान के हालात काफी खराब हैं और वहां पर सरकार के खिलाफ कई आंदोलन चल रहे हैं। पाकिस्तान अनेक भीषण चुनौतियों और संकटों से जूझ रहा है।

पाकिस्तान के अंदर जिस तरह के विरोध प्रदर्शन और आंदोलन चल रहे हैं, उससे आभास होता है कि वहां भी सरकार के खिलाफ विद्रोह भड़कने की कगार पर है। यह बात इसलिए दावे के साथ कही जा सकती है क?योंकि बांग्लादेश की तरह पाकिस्तान में भी तख्तापलट का इतिहास रहा है। रावलपिंडी में जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व में हजारों लोग बेरोजगारी व?महंगाई के विरोध में सड़कों पर उतर कर शहबाज शरीफ को धमका रहे हैं कि उनका हश्र हसीना से बुरा होगा। दरअसल, पाकिस्तान स्टूडेंट फेडरेशन (पीएसएफ) ने 30 अगस्त तक पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को रिहा करने की मांग की है। स्टूडेंट फेडरेशन ने पाकिस्तान की सरकार को अल्टीमेटम जारी किया। छात्रों की मांग है कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान बेगुनाह हैं और जल्द उनको कैद से बाहर निकाला जाए।

यहां पर भारत के दो पड़ोसी देशों में हुई दो घटनाओं की चर्चा उचित होगी। पहली घटना 8 जुलाई 2022 की है। श्रीलंका सरकार ने इसी तारीख को ऐलान किया था कि देश दिवालिया हो गया। जिसके बाद हजारों की संख्या में श्रीलंकाई सड़कों पर उतर आए। कोलंबो में राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के भवन को घेर लिया। गोटबाया को देश छोड़ कर भागना पड़ा था। दूसरी घटना है 5 अगस्त 2024 की है जब बांग्लादेश में दो महीने से जारी आरक्षण विरोधी आंदोलन बेकाबू हो गया। भारी आगजनी, हिंसा और तोड़फोड़ करते प्रदर्शनकारी पीएम हाउस में घुस गए। पीएम शेख हसीना ने इस्तीफा देकर देश छोड़ दिया।

उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान में पहले भी सरकार के तख्तापलट का इतिहास रहा है। वर्ष 1958 में पाकिस्तान के पहले राष्ट्रपति मेजर जनरल इसकंदर मिर्जा ने





-डॉ अनिल निगम

> पिछले कुछ समय से पाकिस्तान में उथल-पुथल चल रही है लेकिन बांग्लादेश में हुए तख्तापलट के बाद पाकिस्तान में लोगों का असंतोष चरम पर पहुंच गया है। रावलपिंडी शहर के मुख्य केंद्र मुर्री रोड पर सड़क को बंद करके जमात-ए इस्लामी का धरना चल रहा है, जहां हजारों लोग बैठे हैं और मांग कर रहे हैं कि शहबाज शरीफ सरकार बेरोजगारी, मुद्रास्फीति का तत्काल समाधान करे और विशेष रूप से नागरिकों के बिजली बिलों में वृद्धि को कम करे।

पाकिस्तानी सांसद और प्रधानमंत्री फिरोज खान नून की सरकार को भंग कर दिया था। इसके साथ ही उन्होंने देश में मार्शल लॉ लागू कर आर्मी कमांडर इन चीफ जनरल अयूब खान को देश की बागडोर सौंप दी थी। महज 13 दिन बाद ही अयूब खान ने तख्तापलट करते हुए देश के राष्ट्रपति को पद से हटा दिया था।

पाकिस्तान का दूसरा तख्तापलट आर्मी चीफ जनरल जिया उल हक द्वारा किया गया था। जिया उल हक ने 4 जून 1977 को देश के प्रधानमंत्री जुल्फीकार अली भुट्टो को पद से हटा दिया था। इस तख्तापलट को 'ऑपरेशन फेयर प्ले' के नाम से भी जाना जाता है। इसी तरह से पाकिस्तान में तीसरी बार सरकार का तख्तापलट 1999 में आर्मी चीफ परवेज मुशर्रफ ने तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार का तख्तापलट किया था।

पिछले कुछ समय से पाकिस्तान में उथल-पुथल चल रही है लेकिन बांग्लादेश में हुए तख्तापलट के बाद पाकिस्तान में लोगों का असंतोष चरम पर पहुंच गया है। रावलपिंडी शहर के मुख्य केंद्र मुर्री रोड पर सड़क को बंद करके जमात-ए इस्लामी का धरना चल रहा है, जहां हजारों लोग बैठे हैं और मांग कर रहे हैं कि शहबाज शरीफ सरकार बेरोजगारी, मुद्रास्फीति का तत्काल समाधान करे और विशेष रूप से नागरिकों के बिजली बिलों में वृद्धि को कम करे। इस बीच बलूचिस्तान के एकमात्र बंदरगाह शहर ग्वादर सहित कई अन्य शहरों में पिछले दो हफ्ते से धरना-प्रदर्शन जारी है। रावलपिंडी के विरोध प्रदर्शन के विपरीत बलूचिस्तान में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़पें भी देखी गई हैं, जहां गोलीबारी में कई लोग मारे गए, दर्जनों घायल हुए और कई लोगों को सरकारी एजेंसियों द्वारा उठा लिया गया। इन विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व एक युवा बलोच महिला डॉ. महरंग बलोच कर रही हैं, जो मानवाधिकार कार्यकर्ता हैं। इसके अलावा बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी बलूचिस्तान को अलग देश बनाने की मांग करती रही है।

उत्तरी इलाकों में भी लोग पिछले कई दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं और उन्होंने काराकोरम हाईवे को जाम कर दिया है, जो खुंजराब दर्रे के माध्यम से पाकिस्तान को चीन से जोड़ रहा है। वे संघीय राजस्व बोर्ड और पाकिस्तान सीमा शुल्क के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं, जिन्होंने हाल ही में व्यापारियों पर कर लगाया है। पाकिस्तान से चीन जाने के इच्छुक कई विदेशी भी यहां फंस गए हैं और उन्हें प्रदर्शनकारियों के साथ बैठे देखा जा सकता है। वास्?तविकता यह है पाकिस्तान के हर हिस्से में विरोध प्रदर्शन चल रहे हैं। यही नहीं, सिंध प्रांत और पाक अधिकृत कश्मीर में पहले से पाकिस्तानी शासकों द्वारा भेदभाव करने के चलते असंतोष चरम पर है।

दूसरी ओर पाकिस्तान फिलहाल भारी आर्थिक संकट से जूझ रहा है और नकदी की कमी के कारण उसे भुगतान संकट का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के सामने पाकिस्तान ने सात अरब डॉलर कर्ज की मांग की है। लेकिन कर्ज को लेकर आईएमएफ की कुछ कठिन शर्तें भी हैं, जो पाकिस्तान को पूरी करनी होंगी। पाकिस्तान के लिए डगर बेहद जटिल है। कहने का आशय है कि भारत के आतंरिक मामलों में हमेशा टांग अड़ाने वाला पाकिस्तान बदहाली के ऐसे नासूर से जूझ रहा, जो कभी भी उसको तबाही के आगोश में ले सकता है। हालांकि अगर ऐसा होता है तो भारत के लिए अच्छा नहीं होगा क्योंकि पाकिस्तान का पतन होने के बाद चीन अपना शैतानी पंजा इस क्षेत्र में बढ़ाएगा जिसको तहस-नहस करने के लिए भारत को पहले ही तैयारी कर लेनी चाहिए।

## खास बात
# वक्त का हिसाब

**अरुणेंद्र नाथ वर्मा**

**अपने** समय की लोकप्रिय फिल्म वक्त के एक विख्यात गीत में साहिर लुधियानवी ने भी बड़ी गंभीरता से समझाया था- आदमी को चाहिए वक्त से डर कर रहे, कौन जाने किस घड़ी वक्त का बदले मिजाज। ऐसी सीखें हम भारतीयों के मन में इस रूप में घर कर गईं कि होनी होकर रहेगी।

पिछले दिनों देश के विभिन्न भागों में रेल के चक्के चार घंटों तक जाम कर दिए, लेकिन तमाम क्षेत्रीय रेल सेवाओं ने आधिकारिक रूप से घोषणा की कि इस अभियान से रेल सेवाओं पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पडा। पड़ता भी कैसे, रेलगाड़ियां चार क्या चौदह घंटे की देरी से भी चलें, रेल प्रशासन और यात्रियों का ध्यान केवल कुछ ह्यउच्च श्रेणी की राजधानी, शताब्दी या वंदे भारत जैसी गाड़ियों के समय से चलने पर केंद्रित रहता है। मुझे याद है वह दिन, जब पटना से कानपुर आने वाली महानंदा एक्सप्रेस के छह घंटे देर से आने की सूचना फोन पर मिल गई थी, लेकिन स्टेशन पहुंचने के बाद घोषणाएं होती रहीं और देरी छह से आठ, आठ से दस और दस से बारह घंटों में बदलती रही। मैंने जब भुनभुना कर अपनी भड़ास निकाली तो स्थानीय लोगों ने शांत स्वर में इसे मेरी मूर्खता घोषित कर दिया और कहा कि ह्यसब जानते हैं यह ट्रेन महागंदा एक्सप्रेस के नाम से कुख्यात है। इसे आपने चुना ही क्यों! हमारी सड़कों पर किसी न किसी कानून से क्षुब्ध लोग आए दिन प्रदर्शन और जुलूस के नाम पर चक्का जाम कर देते हैं।

उसके बिना भी बंगलुरु, दिल्ली आदि महानगरों में सड़कों पर कब कितना जाम लग जाएगा, कोई नहीं जानता। रेलवे स्टेशन, एअरपोर्ट आदि जाने के लिए लोग घंटों पहले घर से निकलते हैं और फिर भी आश्वस्त नहीं हो पाते कि समय से पहुंच पाएंगे।

इसी स्थिति का फायदा उठा कर दफ्तरों में देर से आने वाले कर्मचारी सारा इल्जाम यातायात की कठिनाइयों पर थोप पाते हैं। सरकारी दफ्तरों में और निजी संस्थाओं के दफ्तरों में इन बहानों का अलग-अलग तरीके से इलाज किया जाता है। खासतौर पर यह वहां आसानी से संभव हो पाता है, जहां उच्च अधिकारी खुद समय की पाबंदी में विश्वास रखते हों और सही मिसाल सामने रखते हों।

# पुत्र बने भगवान

## विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**सीता** हरण के बाद राम ने रास्ते में रक्त देखकर कहा लक्ष्मण लगता है कि लड़ाई भी हुई है क्योंकि खून नजर आ रहा है। आगे बढ़ने पर मांस के टुकड़ें भी नजर आ रहें हैं। फिर आगे जाने पर गिद्धराज जटायु घायल गिरे हुए मिले। श्रीराम ने कहा आपकी यह दशा। जटायु ने कहा रावण ने यह दशा कर दिया है। वह अक्सर ही इधर आता था। जब आज आपलोगों के निवास के निकट जा रहा था तब मैं सचेत हो गया। थोड़ी देर बाद जब वह सीता का हरण करके लौटा तब मैंने उसके रथ को रोका और कहा कि मेरे रहते हुए तुम सीता को लेकर नहीं जा सकते हो। मुझे इतना ही दुख है कि वह मुझसे तलवार का धनी निकला। मुझे घायल करके गिरा दिया औरमेरी आंखों के सामने सीता को लेकर चला गया। ये प्राण निकलना चाहते थे लेकिन मैंने रोककर रखा था इसलिये कि मैं यह खबर आपको कर दूं तब मरूं। श्रीराम दौड़कर जटायु के देह को स्पर्श किये और कहा कि मैं आपके प्राण को रोक दूं। जटायु ने कहा प्रभु मुझे मरने दीजिए, मत रोकिए। क्योंकि एक न एक दिन इस शरीर को मरना ही है और मरने के लिये ऐसा बहाना नहीं मिलेगा कि सीता के लिये लड़कर और कटकर मर जांए। दूसरी बात यह कि मेरी मुक्ति हो रही है। जिस मुक्ति के लिये मुनि लोग जन्म साधन करते हैं और अंत तक नहीं मिलती। वो मुक्ति मुझे हासिल हो रही है। मेरी आंखों के सन्मुख आप है। मेरा ध्यान आपमें लगा हुआ है और आपको देखते-देखते मैं प्राण छोड़ रहा हूं। अतः मुझे मरने दीजिए। गीधराज ने प्राण छोड़ दिया। राम ने कहा लक्ष्मण पिता के मित्र थे इसलिये पिता तुल्य हैं। लकड़ियां इकट्ठा करो।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

सभी सरकारों, नागरिकों और राजनीतिक दलों को गंभीर मंथन करना होगा कि समाज में महिलाओं को सुरक्षित माहौल देने के लिए क्या कदम उठाए जाएं। न्याय हर नागरिक का अधिकार है, उसे पुलिस और प्रशासन की ह्यमर्जी का मोहताजह्ल नहीं बनाया जा सकता।

**- राहुल गांधी, सांसद कांग्रेस**

## आपके ट्वीट

**रांची** एयरपोर्ट सलाहकार समिति की बैठक मेरी अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। एयरपोर्ट के विकास व विस्तार से जुड़े बिंदुओं पर चर्चा हुई। विशेष रूप से रांची से दिल्ली, पुणे, चेन्नई, बैंगलोर के लिए हवाई जहाजों की संख्या बढ़ाने पर बात हुई ।

**- संजय सेठ, केन्द्रीय मंत्री**





**मोदी** सरकार ने 'आर्टिकल 370 और 35अ' हटाने के बाद वर्षों से दलितों, आदिवासियों, पहाड़ियों और पिछड़ों के साथ हो रहे भेदभाव को खत्म करके उन्हें आरक्षण देने का काम किया।

**- अमित शाह, गृह मंत्री**

# विगत एक हजार साल से खड़ा है बृहदेश्वर मंदिर

## पर्यटन

**निधि सिंह**

**कैसे** पैसे वाले भारतीय सैलानी तो इटली होकर भी आए होंगे। पीसा की मीनार के बारे में, वहां हमें बताया जाता है कि उस मीनार की ऊँचाई 180 फुट है और इसके निर्माण में 200 वर्ष लगे थे तथा सन 2010 में इस मीनार ने अपनी आयु के 630 वर्ष पूर्ण कर लिए। हमें और आपको बताया गया है कि यह बड़ी ही शानदार और अदभुत किस्म की वास्तुकला का नमूना है। यही हाल मिस्त्र के पिरामिडों के बारे में भी है। आज की पीढ़ी को यह जरूर पता होगा कि मिस्त्र के पिरामिड क्या हैं, कैसे बने, उसके अंदर क्या है आदि-आदि।

लेकिन क्या आपको तंजावूर स्थित बृहदीश्वर मंदिर के बारे में जानकारी है?

बहरहाल बात हो रही थी बृहदीश्वर मंदिर की। दक्षिण भारत के तंजावूर शहर में स्थित बृहदीश्वर मंदिर भारत का सबसे बड़ा मंदिर कहा जा सकता है। यह मंदिर तंजावूर प्रिय कोविल के नाम से भी प्रसिद्ध है। सन 1010 में अर्थात आज से एक हजार वर्ष पूर्व राजराजा चोल ने इस विशाल शिव मंदिर का निर्माण करवाया था। कावेरी नदी के तट पर स्थित यह मंदिर पूरी तरह से ग्रेनाईट की बड़ी-बड़ी चट्टानों से निर्मित है। ये चट्टानें और भारी पत्थर पचास किमी दूर पहाड़ी से लाए गए थे। दसवीं शताब्दी में दक्षिण भारत में चोल वंश के अरुल मोझिवर्मन नाम से एक लोकप्रिय राजा थे जिन्हें राजराजा चोल भी कहा जाता था। इस मंदिर का नाम राजराजेश्वर रखा था और तत्कालीन शासन के सभी प्रमुख उत्सव इसी मंदिर में संचालित होते थे। उन दिनों तंजावूर चोलवंश की राजधानी था तथा समूचे दक्षिण भारत की व्यापारिक गतिविधियों का केन्द्र भी। बाद में जब पश्चिम से मराठाओं और नायकरों ने इस क्षेत्र को जीता तब इसे बृहदीश्वर मंदिर नाम दिया। तंजावुर प्रिय कोविल अपने समय के तत्कालीन सभी मंदिरों के मुकाबले चालीस गुना विशाल था। इसके 216 फुट के विराट और भव्य मुख्य इमारत को इसके आकार के कारण दक्षिण मेरु भी कहा जाता है। 216 फुट ऊँचे इस शिखर के निर्माण में किसी भी जुड़ाई मटेरियल का इस्तेमाल नहीं हुआ है। इतना ऊँचा मंदिर सिर्फ पत्थरों को आपस में इंटर-लॉकिंग पद्धति से जोड़कर किया गया है। इसे सहारा देने के लिए इसमें बीच में कोई भी स्तंभ नहीं है, अर्थात यह पूरा शिखर अंदर से खोखला है। भगवान शिव के समक्ष सदैव स्थापित होने वाली नंदी की मूर्ति 16 फुट लंबी और 13 फुट ऊँची है तथा एक ही विशाल पत्थर से निर्मित है।. गर्भगृह दो मंजिला है तथा शिवलिंग की ऊँचाई तीन मीटर है। आगे आने वाले चोल राजाओं ने सुरक्षा की दृष्टि से 270 मीटर लंबी 130 चौड़ी बाहरी दीवार का भी निर्माण करवाया. सोलहवीं-सत्रहवीं शताब्दी तक यह मंदिर कपड़ा, घी, तेल, सुगन्धित द्रव्यों आदि के क्रय-विक्रय का प्रमुख केन्द्र था. आसपास के से लोग सामान लेकर आते, मंदिर में श्रद्धा से अर्पण करते तथा बचा हुआ सामान बेचकर घर जाते. सबसे अधिक आश्चर्य की बात यह है कि यह मंदिर अभी तक छः भूकंप झेल चुका है, परन्तु अभी तक इसके शिखर अथवा मंडपम को कुछ भी नहीं हुआ। दुर्भाग्य से ऐसे अदभुत मंदिर की जानकारी भारत में कम ही लोगों को है।

इस मंदिर के वास्तुशिल्पी कुंजारा मल्लन माने जाते हैं। सही तीन बटे आठ या 1-3/8 अर्थात, एक अंगुल) फामूर्ले का उपयोग किया. इसके अनुसार इस मात्रा के चौबीस यूनिट का माप 33 इंच होता है, जिसे उस समय हस्त, मुजमह्व अथवा किश्कु कहा जाता था। वास्तुकला की इसी माप यूनिट का उल्लेख चार से छह हजार वर्ष पहले के मंदिरों एवं सिंधु घाटी सभ्यता के निर्माण कार्यों में भी पाया गया है। कितने इंजीनियरों को आज इसके बारे में जानकारी है?

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### संकीर्ण सोच

**सेंटर** फॉर केटलाइजिंग चेंज (सी) के सर्वेक्षण के अनुसार समाज की स्त्री वर्ग के प्रति संकीर्ण मानसिकता बरकरार है। सर्वेक्षण में पाया गया कि लड़कों के तुलना में लड़कियों की मोबाइल उपयोगिता बहुत ही कम है जो तकनीक और शिक्षा को लेकर स्त्री वर्ग के प्रति संकीर्ण विचार और नकारात्मक वृत्ति सिर्फ मानसिक पराभव की राह दशार्ते हैं। यह एक गंभीर खतरा है।

**-पुलकित जैन,रांची**

### नस्लवाद से नुकसान

**नस्लवाद** या प्रजातिवाद की अवधारणा को किसी भी हाल में सही नहीं ठहराया जा सकता। अश्वेतों की मात्र इसलिए खिल्ली नहीं उड़ाई जानी चाहिए कि वे अश्वेत हैं, क्योंकि ऐसा करना वसुधैव कुटुंबकम की भावना के विपरीत है। इस संकीर्ण मानसिकता का खात्मा तभी संभव हो सकता है जब हम सभी में वसुधैव कुटुम्बकम की भावना का विकास होगा।

**- सुनील कुमार, हजारीबाग**

# प्रधानमंत्री मोदी की यूक्रेन यात्रा और पश्चिमी मीडिया

## सामयिक

**डॉ. रमेश ठाकुर**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यूक्रेन दौरे को ग्लोबल मीडिया और विरोधी मुल्क हिकारत की नजरों से देख रहे हैं। विदेशी मीडिया ने यहां तक कह दिया है कि मोदी रूस का एजेंट बनकर यूक्रेन का भेद लेने पहुंचे हैं? यूकेन को सतर्क रहना चाहिए। कमोबेश तस्वीरें भी कुछ ऐसी ही दिखाई दे रही हैं। प्रधानमंत्री के दौरे को यूक्रेन गर्मजोशी से नहीं ले रहा, बल्कि शक की निगाहों से जरूर देख रहा है। प्रधानमंत्री भी उनके बदले नजरिए को भांपे हुए हैं। बेशक, वह कहें कुछ न, लेकिन असहज जरूर हो रहे हैं? उनके इस दौरे के बाद भारत कई देशों के निशाने पर भी आ गया है। खासकर उन मुल्कों के जो रूस के खिलाफ जारी युद्ध में खड़े हुए हैं। अमेरिका, चीन, पाकिस्तान जैसे देश मोदी के दौरे को रूस का एजेंट बताने में लग गए हैं। उनके स्थानीय मीडिया में यूक्रेन यात्रा की खुलेआम आलोचना हो रही है। प्रधानमंत्री भी सब कुछ जानकर भी इसलिए चुप हैं, अगर उन्होंने वास्तविक स्थिति पर कुछ कहा, तो वह भारत के विपक्षी दलों के निशाने पर भी आ जाएंगे। विपक्षी दल वैसे भी यूक्रेन के दौर के पक्ष में नहीं हैं?

> ये पहली मर्तबा है, जब कोई भारतीय प्रधानमंत्री यूक्रेन के दौरे पर है, लेकिन विकट परिस्थितियों में कई लोग मानते हैं कि मोदी का यूक्रेन दौरा रूस को असहज कर सकता है, लेकिन एक राय ये भी है कि राष्ट्रपति पुतिन के चीन दौरे से भी भारत बहुत सहज नहीं रहता है। दुनिया के कई देश दबी जुबान में मोदी के यूक्रेन जाने पर सवाल उठा रहे हैं कि वह ऐसे वक्त यूक्रेन क्यों गए जब वहां के हालात बिगड़े हुए हैं?

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को भी मोदी का दौरा नहीं सुहा रहे। उन्होंने तब भी विरोध किया था जब पिछले महीने प्रधानमंत्री मोदी रूस यात्रा पर गए थे और पुतिन को सबके सामने गले लगाया था। तब, गले मिलने को पश्चिमी मीडिया ने जमकर आलोचना की थी। जेलेंस्की ने भी आपत्ति जताते हुए तब कहा था कि आज रूस के मिसाइल हमले में 37 लोग मारे गए जिसमें तीन बच्चे भी शामिल हैं। दरअसल जिस दिन मोदी रूस गए थे, उसी दिन रूस ने यूक्रेन के सबसे बड़े अस्पताल पर हमला किया था। तब जेलेंस्की ने गुस्से में कहा था कि एक ऐसे दिन दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नेता का दुनिया के सबसे खूनी अपराधी को गले लगाना शांति स्थापित करने की कोशिशों पर धक्के जैसा है। मोदी से गुस्सा होकर जेलेंस्की सभा से भी चले गए थे। तभी से जेलेंस्की भारत से विशेषकर मोदी से भन्नाए हुए हैं। अब मोदी यूक्रेन पहुंचे हैं, तो पूरे माजरे को अच्छे से समझ सकते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी यूक्रेन में भारतीयों से मिल रहे हैं, उनके स्वागत में ढोल-नगाड़े बज रहे हैं। इससे गुस्से की भड़की चिंगारियां को कुछ कम करने की कोशिशें जरूर हो रही हैं। लेकिन, ग्लोबल स्तर पर मोदी का मौजूदा यूक्रेन दौरा दुनिया के कई देशों को अखर रहा है। राजनीतिक पंडित मान रहे हैं कि मोदी का यूक्रेन दौरा उन देशों से रिश्ते खराब कर सकता है जिनसे हमारे मधुर संबंध हैं। हालांकि ये पहली मर्तबा है, जब कोई भारतीय प्रधानमंत्री यूक्रेन के दौरे पर है, लेकिन विकट परिस्थितियों में कई लोग मानते हैं कि मोदी का यूक्रेन दौरा रूस को असहज कर सकता है, लेकिन एक राय ये भी है कि राष्ट्रपति पुतिन के चीन दौरे से भी भारत बहुत सहज नहीं रहता है। दुनिया के कई देश दबी जुबान में मोदी के यूक्रेन जाने पर सवाल उठा रहे हैं कि वह ऐसे वक्त यूक्रेन क्यों गए जब वहां के हालात बिगड़े हुए हैं?

यूक्रेन बीते कुछ दिनों से रूस की सीमा में घुसकर हमले कर रहा है। कुछ इलाकों को उसने अपने कब्जे में भी ले लिया है। आशंका ऐसी हैं कि रूस यूक्रेन पर जल्द बड़ा हमला कर सकता है। अगर ऐसा होता है तो यूक्रेन के पक्ष में कई देश खड़े हो जाएंगे। फिर भारत क्या करेगा? रूस के साथ रहेगा या यूक्रेन के? निश्चित रूप से प्रधानमंत्री के दौरे ने भारत के लिए ह्यकरो या मरो की स्थिति खड़ी कर दी है।

## स्पीड न्यूज

### नयामोड़ में केशव महतो का स्वागत



**कुजू।** झारखंड के नये कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को नयामोड फोरलेन चौराहा पर कार्यकर्ताओं ने जेपी समर्थक नीरज झा उर्फ पप्पू झा के नेतृत्व ने फूल माला पहनाकर, बुके देकर स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने मांडू के पूर्व विधायक स्व टेकलाल महतो के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। उन्होंने कहा कि पार्टी के वरीय पदाधिकारियों ने जो मुझे जिम्मेवारी सौंपी है उसका मैं पूरी ईमानदारी से निभाउंगा। वहीं उन्होंने कहा कि राज्य में पार्टी काफी मजबूत है। इस बार के चुनाव में अधिक से अधिक सीट हमारी होगी। स्वागत करने वालों में जयशंकर पाठक, बिनोद बिहारी महतो, सागर महतो, मुकेश ठाकुर, धनंजय ठाकुर, मनोज महतो, नवल ठाकुर, जीतन ठाकुर, हरि महतो, शरण, पुरुषोत्तम कुमार, अनुग्रह पंडित, प्रेम शंकर महतो, जग्गू महतो आदि शामिल थे।

### गरीब समाजसेवी संघ ने किया पौधरोपण



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जन्माष्टमी के अवसर पर सोमवार को गरीब समाजसेवी संघ भुरकुंडा ने थाना मैदान स्थित खेपा बाबा आश्रम के बगल में एक पेड़ मां के नाम तहत पौधारोपण किया । इसकी शुरूआत अशोक कुमार चौहान ने फलदार पौधा लगाकर किया। इसके बाद संघ के अन्य लोगों ने भी खेपा बाबा आश्रम के बगल में की फलदार पौधे लगाये। इसके संरक्षण का भी सामुहिक संकल्प लिया। चौहान ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को जीवित या मृत मां के नाम से एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए। क्योंकि तापमान को कम करने के लिए पेड़ लगाना जरूरी है। मेरे पुत्र/पुत्री ने भी पर्यावरण को संतुलित व हराभरा बनाए रखने के लिए मेरे नाम का एक पेड़ लगाया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में दिनकर सिंह, सुभाष करमाली, बिनोद साव, कुणाल कुमार, विजय कुमार, जीत राम, अमन चौहान, सुरजीत सिंह, केसी दास, राजेंद्र मुंडा, लीला कुमारी, पिंकी देवी आदि का विशेष योगदान रहा।

### विधायक ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौंदा बस्ती में विधायक अंबा प्रसाद ने 200 केवीए के नये ट्रांसफार्मर का सोमवार को उद्घाटन किया।। नया ट्रांसफार्मर मिलने पर अंबा प्रसाद का ग्रामीणों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर जलने की सूचना मिलते ही विभागीय पदाधिकारी से संपर्क कर नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। ताकि लोगों को अंधेरा से मुक्ति मिल सके और बच्चों को पठन-पाठन बाधित न हो। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का चहमुखी विकास व जन समस्याओं का समाधान ही मेरा उद्देश्य है। क्षेत्र में किसी प्रकार की बिजली समस्या होने पर तत्काल सूचित करें, हर हाल में समाधान होगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अमित कुमार, राजकिशोर पांडेय उर्फ राजू पांडेय, मुखिया दयानंद प्रसाद, सुधीर प्रसाद, चक्रधर प्रसाद, दिनेश साहू, माधव प्रसाद, अजय प्रसाद, अतुल कुमार, पवन सिह सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### कुजू में अखंड हरिकीर्तन शुरू



**कुजू।** कुजू व आस-पास के क्षेत्रों में श्री कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान क्षेत्र के कई मंदिरों में 24 व 48 घंटे का अखंड हरिकीर्तन का शुभारंभ किया गया। हरिकीर्तन में हरे रामा-हरे कृष्णा के मंत्रोच्चारण से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। इधर श्री कृष्ण जन्माष्टमी के को लेकर जन्माष्टमी पूजा समिति काली मंदिर दिगवार द्वारा काली मंदिर में 48 घंटे का अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया गया। वहीं श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर जीवंत झांकी निकाली गयी। जिसमें कृष्णा, राधा के वेश में बच्चे काफी आकर्षित लग रहे थे।

### रमेंद्र कुमार ने सीएमडी को लिखा पत्र

भुरकुंडा (रामगढ़)। युनाईटेड कोल वर्कर्स यूनियन के महामंत्री रमेन्द्र कुमार ने सीसीएल के सीएमडी को स्मार पत्र भेजकर मजदूरों के हित में लिये गये फैसले का स्वागत करते हुए इसे पालन के लिए ध्यान आकृष्ट कराया है।रमेंद्र कुमार ने कहा है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में सीसीएल की उपलब्धि अच्छा रहा है। इस उपलब्धि में कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कोल इंडिया की अनुशांगिक कंपनियां वित्तीय वर्ष 2023-24 की उपलब्धि को देखते हुए अपने-अपने कर्मचारियों के लिए उपहार की घोषणा कर चुकी है। ऐसी परिस्थिति में सीसीएल के कर्मचारी भी अपने प्रबंधन की ओर से उपहार की घोषणा की आशा रखते हैं।

### बरही में थाना प्रभारी ने संभाला पदभार

बरही। बरही थाना के नए इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी आभास कुमार ने अपना पदभार संभाल लिया है। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कानून व्यवस्था को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बताया है। कुमार ने कहा कि वह बरही क्षेत्र में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ काम करेंगे। उन्होंने कहा कि वह क्षेत्र की समस्याओं को समझकर उन्हें प्रभावी ढंग से हल करने की दिशा में काम करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने जनता से सहयोग और समर्थन की अपेक्षा जताई, ताकि अपराधों पर नियंत्रण पाया जा सके और समाज में सुरक्षा का माहौल बना रहे।

### बड़कागांव में हाथियों ने दी दस्तक

**बड़कागांव।** प्रखंड में 22 सदस्यीय हाथियों का एक झुंड प्रवेश कर विभिन्न गांव में संपत्ति,परिसंपत्ति एवं खरीफ फसल को नुकसान पहुंचाने का काम किया है। प्रखंड के पूर्वी सीमा सेहदा,चपरी,जोराकाठ जंगल से प्रवेश करते हुए बीती रात नापोकला गांव तक हाथियों का झुंड पहुंच चुका है। ग्रामीणों के अनुसार नापोकला में कई किसानों का धान का फसल को रौंदे जाने की खबर है।

## पैसे हड़पने के लिए भाई ने करायी थी पलंबर संजय बेदिया की हत्या

# मुख्य शूटर समेत पांच अपराधी गिरफ्तार

- **मुख्य शूटर अमन ठाकुर ओरमांझी का निवासी है**
- **भारतमाला परियोजना से एक साल पहले संजय के परिवार को मिले थे तीन करोड़ 12 लाख**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** कुजू ओपी क्षेत्र में प्लंबर संजय बेदिया हत्याकांड से पर्दा उठ गया है। परिवार वालों ने ही संजय की हत्या की साजिश रची और उसे अंजाम दिया। संजय का पूरा परिवार एक साल पहले अचानक करोड़पति बन गया था। पैसों की लालच ने भाई को भाई का दुश्मन बना दिया और करोड़ों रुपए हड़पने की मंसा से ही संजय के भाई धर्मेंद्र बेदिया ने उसकी हत्या करा दी। इस मामले में 5 अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसकी जानकारी सोमवार को रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि 23 अगस्त की शाम संजय बेदिया की तिलैया गांव के पास ही हत्या कर दी गई थी।

एसपी अजय कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से 7.65 बोर का पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, घटनास्थल से तीन खोखा, घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल और पांच मोबाइल जब्त किए गए हैं। इस मामले में कुजू ओपी क्षेत्र के तिलैया गांव निवासी धर्मेंद्र बेदिया, पतरातू थाना क्षेत्र के जोबा खपिया गांव निवासी सुभाष बेदिया, हजारीबाग जिले की बड़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत आसवां गांव निवासी करण उरांव, जरजरा उरीमारी निवासी उमेश बेदिया और मुख्य शूटर रांची जिले के ओरमांझी थाना क्षेत्र अंतर्गत गुडू पाचा गांव निवासी अमन कुमार ठाकुर को गिरफ्तार किया गया है। जांच के दौरान यह पता चला कि संजय के परिवार वालों की जमीन भारत माला प्रोजेक्ट और फोरलेन में गई है एक साल पहले ही उनके सारे कुटिया लोग को मिलाकर सरकार ने 3 करोड़ 12 लख रुपए दिए थे इस प्रोजेक्ट में धर्मेंद्र बेड़िया पूरे परिवार का नेतृत्व कर रहा था उसने पूरे परिवार को बताया कि सरकार से सिर्फ दो करोड रुपए ही मिले हैं जिसमें सभी की हिस्सेदारी थी बाद में संजय बेड़िया को यह मालूम पड़ गया कि सरकार ने 3 करोड़ 12 लाख दिए हैं और धर्मेंद्र एक करोड़ 12 लख रुपए दिया चुका है इसके बाद संजय ने अपने हिस्से की रकम के लिए धर्मेंद्र पर दबाव बनाना शुरू किया धर्मेंद्र वह पैसे देना नहीं चाहता था इसीलिए उसने अपने फुहेरे भाई के साथ मिलकर उसकी हत्या की साजिश रची। छापामारी में एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, मांडू इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा, कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय, मांडू थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव, वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी सदानंद कुमार, 6. बरकाकाना ओपी प्रभारी मो अख्तर अली, पुअनि संजय हेम्ब्रम, तकनीकी शाखा, रामगढ़ एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# पतरातू में दो बाइक चोर गिरफ्तार

- **रिम्स और अटल वेंडर मार्केट से चोरी कर बाइक और स्कूटी पतरातू लाए थे राजा बंगाली और राहुल कुमार**
- **स्कूटी की मालकिन प्रिया सिंह किशोरगंज की रहने वाली हैं**
- **जिस बाइक पर घूम रहे थे, वह बरियातू डॉक्टर कॉलोनी निवासी कृष्णानंद सिंह की है**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** पतरातू में पुलिस की सक्रियता ने एक बड़े बाइक चोर गिरोह का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने चोर गिरोह के सरगना राजा पाल उर्फ राजा बंगाली और उसके दोस्त राहुल कुमार को भी गिरफ्तार किया। इस पूरे मामले की जानकारी सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने दी। एसपी ने बताया कि पतरातू क्षेत्र में बाइक चोर गिरोह को संदिग्ध हालत में घूमते हुए देखा गया था। पुलिस को जैसे ही इसकी सूचना मिली पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार राम के नेतृत्व में थाना प्रभारी शिवलाल गुप्ता के द्वारा छापेमारी शुरू कर दी गई। पोस्ट ऑफिस के पास जब पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में बाइक पर सवार दो लोगों को देखा तो बाइक सवार वहां से भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर दोनों युवकों को पकड़ा। पूछताछ के दौरान उन लोगों की पहचान पतरातू थाना क्षेत्र के पंचमंदिर, जी टाइप क्वार्टर निवासी राजा पाल उर्फ राजा बंगाली और कनौदागढ़ निवासी राहुल कुमार के रूप में हुई। पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो पता चला कि वह दोनों शातिर चोर हैं, और वह बाइक तीन दिन पहले ही रिम्स, रांची से चोरी कर पतरातू लाए थे। इससे पहले भी उन लोगों ने अटल वेंडर कचहरी मोड़ से एक बाइक और सेवा सदन से एक स्कूटी चोरी कर पतरातू लाए थे। जिसे एक खाली क्वार्टर में छुपा कर रखा है। उनके निशानदेही पर स्कूटी और स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (जेएच 01एएच 7663) को बरामद किया गया। छानबीन के दौरान पता चला कि स्कूटी की मालकिन प्रिया सिंह किशोरगंज रांची की रहने वाली है। और बाइक (जेएच 01 एएच 7663) का मालिक विशेष कार्य प्रमंडल भवन रांची के चपरासी महली कच्छप हैं । इसके अलावा जिस बाइक पर सवार होकर वे लोग घूम रहे थे, वह बाइक बरियातू डॉक्टर कॉलोनी निवासी कृष्णानंद सिंह की है। उन सभी लोगों ने अपनी बाइक चोरी होने की प्राथमिक की संबंधित थाने में दर्ज कराई थी। राजा पाल उर्फ राजा बंगाली काफी शातिर चोर है। उसपर पहले से ही 9 मामले दर्ज हैं। राजा पाल अभी हाल में ही चोरी की एक मामले में रांची जेल गया था। जमानत पर बाहर निकलते ही उसने अपना धंधा शुरू कर दिया था। इससे पहले भी उसे पर आर्म्स एक्ट, रंगदारी, डकैती, चोरी और पोक्सो एक्ट के तहत मामले दर्ज किया जा चुके हैं। छापामारी में पतरातू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विरेन्द्र कुमार राम, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता, पुअनि प्रदीप कुमार रजक एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### वाहन से चावल चोरी मामले में दो गिरफ्तार

**रामगढ़।** रविवार सुबह में चूटूपालू घाटी रामगढ़ में एक चावल लदी ट्रक नं० सीजी 14एमके0417 पलटी हुई थी। जिसकी देख-रेख वाहन चालक के द्वारा किया जा रहा था। चालक सो गया, जब आंख खुली तो देखा कि किसी के द्वारा ट्रक के त्रिपाल को खोलकर चावल की बोरी को नीचे गिराया गया है और वाहन का दोनों बैट्री गायब हो गया ।

इसी बीच 03 व्यक्ति स्कूटी पर सवार होकर आये तथा दोनों व्यक्ति सड़क के किनारे खड़ा होकर पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी एवं अन्य वाहनों पर नजर रखने लगे तथा एक व्यक्ति ट्रक पर चढ़कर चावल की बोरी को नीचे गिराने लगा तथा वाहन का हाईड्रोलिक मशीन को उठाकर स्कूटी पर रख दिया। अन्य वाहनों के चालकों के सहयोग से भाग रहे तीनो व्यक्तियों में से दो व्यक्ति को पकड़ लिया गया। उसी दौरान पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी पहुंची पकड़े दोनो से पूछताछ की। दोनो व्यक्ति चोरी की बात स्वीकारी।

गिरफ्तार तिलका भुईयां, पतरातु बस्ती थाना, जिला-रामगढ़। धनंजय महतो, पतरातु बस्ती थाना जिला-रामगढ़ रहने वाला है।

## बड़कागांव : जेबीकेएसएस के सैकड़ों कार्यकर्ता आजसू पार्टी में शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बड़कागांव।** प्रखंड के ग्राम होरम में युवा संगठन अंबाटोली में युवाओं एवं महिलाओं की अहम बैठक हुई, जिसमें आजसू केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी उपस्थित हुए। इस दौरान जेबीकेएसएस के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने आजसू पार्टी और रोशनलाल चौधरी के नीति सिद्धांत एवं कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी का दामन थामा। शामिल होने वाले सभी कार्यकर्ताओं को चौधरी ने माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया।

श्री चौधरी ने कहा कि युवा भटके नहीं, युवाओं के प्रति हमेशा सजग है आजसू पार्टी।युवाओं के बुनियादी नीव से हीं यह संगठन की रचना हुई है और संचालित है।इस बार के विधानसभा चुनाव में युवा और महिला वर्ग तैयार है बड़कागांव में परिवर्तन की बयार लेकर।अभी बाजार में कई ऐसे नेता उपजे है जो किसी खास राजनीतिक दल के सहयोग से किसी खास जाति समुदाय व युवाओं और झारखंडियों को बरगलाकर के राह भटकाने की कोशिश की जा रही है लेकिन हम सभी को इससे सचेत रहना है। मौके पर अनिकेत नायककामेश्वर महतो,द्वारिका प्रसाद,जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा,जिला मीडिया प्रभारी दीपक कुमार दीन्हा,युवा प्रखंड अध्यक्ष नारायण प्रसाद,प्रखंड कोषाध्यक्ष कामेश्वर महतो,महेंद्र महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय मानवाधिकार की जिला अध्यक्ष बनी मनसा देवी

**हजारीबाग।** मनसा देवी को राष्ट्रीय मानवाधिकार सह मीडिया संगठन की महिला जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया हैं।प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र राम के उनको नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के बाद मनसा देवी के देख-रेख में जल्द ही जिला भर विभिन्न प्रखण्डों में टीम का गठन किया जाएगा।

मनसा ने कहा कि मेरी प्राथमियकता रहेंगी कि जिले के लोगो का मानवाधिकार सुरक्षा निश्चित हो । हमारी टीम बड़ी ही मजबूती से काम करेंगी, इसके लिए जल्द ही टॉल फ्री नम्बर जारी किया जाएगा। मनसा देबी ने कहा कि प्रशासन के साथ मिलकर ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ काम करने की जरूरत है।

### चरही घाटी का यूपी मोड़ बना खूनी

**चरही ।** चरही थाना क्षेत्र के घाटी यूपी मोड़ खूनी बना। घाटी में सड़क दुर्घटना के कारण सैकड़ों लोगों की जाने जा चुकी है।वहीं दर्जनों लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। इस घाटी को एक्सीडेंट जॉन माना जाता है।इस जगह पर आए दिन सड़क दुर्घटना घटती रहती है। घाटी की सड़क काफी तीखी मोड़ और ढलान है।जिसके बाहर से आनेवाले ट्रक चालकों को सड़क ठीक से दिखाई नहीं पड़ने के कारण दुघर्टना घट जाती है। लेकिन यह पता आज तक नहीं चल पाया है कि सड़क के तीखे मोड़ से गुजरने वाले वाहन उछलकर दूसरे लेन में जाकर पलट जाती हैऔर लोगों की मौत हो जाती है। कुछ लोगों का मानना है कि 30 वर्ष पूर्व एक नाग सर्प जंगल से निकलकर सड़क पर पहुंच गया था।नाग को देख सभी वाहन सड़क के किनारे खड़े हो गए थे।जब नाग सड़क पार करने असमर्थ हो गया तो बीच सड़क पर अपना फन फैलाये खड़ा हो गया।उस समय सड़क एक लेन थी।उसी समय एक ट्रक चालक अपने वाहन को नहीं रोकते हुए नाग सर्प को कुचलते हुए जाने लगा। तभी ट्रक आगे बढ़कर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।और चालक और उपचालक की मौत हो गई।इतना ही नहीं एक बराती बस जमशेदपुर से शादी कराकर दूल्हा- दुलहन को लेकर पटना जा रहे थे।चरही घाटी पहुंचते ही बस पलट गई।और दूल्हा-दुल्हन की मौत हो गई।बस पर सवार बाकि बराती बाल-बाल बच गए।लोगों की मामूली चोटें लगी थी।इतना ही नहीं गुरु रामदास ट्रांसपोर्ट कंपनी के मालिक का भाई अपने ट्रक को स्वयं चलाकर हजारीबाग की ओर जा रहा था।ट्रक खाई में गिरने से आग लग गई थी।और जिंदा जलकर राख हो गया था।इस घाटी में तीसरी घटना थी, तब से यह सिलसिला चलता आ रहा है।

# जय श्रीकृष्ण के उद्घोषों से गूंजा कोयलांचल

- **यादव समाज ने झांकी के साथ निकाली भव्य शोभा यात्रा**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल, सयाल-उरीमारी सहित आसपास के क्षेत्रो में सोमवार को पूरे धूमधाम व भक्तिभाव के साथ जनमाष्टमी पर्व मनाया गया। क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान व भव्य भंडारा का भी आयोजन किया गया। जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इधर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर यादव समाज द्वारा सोमवार को पटेलनगर सीसीएल कॉलोनी स्थित श्री राधा-कृष्ण ठाकुर बाड़ी मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में श्रद्धालु महिला-पुरूष व बच्चे भगवान श्री कृष्ण से जुडे भजनों पर नाचते-गाते और राधे-राधे, जय श्रीकृष्ण व जय यादव-जय माधव के जयकारा लगाते हुए थाना मैदान पहुंचे। खीर का प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हो गया। इसके पूर्व पटेलनगर सीसीएल कॉलोनी स्थित राधा-कृष्ण ठाकुर बाड़ी मंदिर परिसर से सोमवर को यादव समाज द्वारा सामुहिक रूप से पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना कर अपने परिवार व क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की गई। तत्पश्चात अखंड ज्योत लेकर झांकी निकाली गई। शोभा यात्रा ढोल-नगाड़ों व पीला झंडा के साथ मंदिर परिसर से शुरू हुआ। पेट्रोल पंप, बिरसा चौक, मेनरोड भुरकुंडा बाजार, संकट मोचन मंदिर होते हुए थाना ग्राउंड काली मंदिर परिसर पहुंचा। इधर राधा-कृष्ण मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद बाहर से आये कलाकारों ने राधा-कृष्ण, सुदामा और बासुदेव की जीवंत आकर्षक झांकी के साथ भ्रमण किया। शोभा यात्रा के दौरान भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान होता रहा। शोभा यात्रा में गिरधारी गोप, अमरदीप यादव, हृदयानंद यादव, नेपाल यादव, धनंजय यादव, कन्हैया यादव, सत्येंद्र यादव, शंकर यादव, रामविलास यादव, सत्येंद्र यादव, संतोष यादव, धर्मेंद्र यादव, गोकुल यादव, संजय यादव, विरेन्द्र यादव, रामेश्वर गोप, प्रदीप यादव, सुरेन्द्र यादव, शिव कुमार यादव, बैजनाथ यादव, विकास यादव, कारू यादव, कवि यादव, मुन्ना यादव, राजकुमार यादव, धर्मेन्द्र यादव, मारकंडेय यादव, जितेन्द्र यादव, अमर यादव, बिंदेश्वर राय सहित चमन लाल, सतीश मोहन मिश्रा, योगेश दांगी के अलावे दर्जनों श्रद्धालु शामिल थे।

## एक नजर में

### चरही में दुर्गा पूजा को लेकर ग्रामीणों की बैठक

**चरही।** इस वर्ष भी दुर्गा पूजा विधि-विधान से मनाये जाने को लेकर पूजा समिति और चरही के ग्रामीणों की बैठक सार्वजनिक दुर्गा मंदिर के प्रांगण में सम्पन्न हुई। इसकी अध्यक्षता पूजा समिति के अध्यक्ष भुनेश्वर ठाकुर और संचालन उमेश कुमार सिंह ने किया।बैठक में निर्णय लिया गया कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा को भक्ति भाव और विधि-विधान के साथ मनाया जाएगा।साथ ही विजयादशमी के दिन रावण दहन करने का भी निर्णय लिया गया। गत वर्ष की लेखा-जोखा कोषाध्यक्ष अनिरूद्ध प्रकाश ने प्रस्तुत किया । पुरानी पूजा समिति को ही बहाल किया गया।जिसमें अध्यक्ष भुनेश्वर ठाकुर,कार्यकारी अध्यक्ष मोहन महतो,उपाध्यक्ष नीरज सिंह,लाल सिंह और राजेश ठाकुर,सचिव किशुन महतो,उप सचिव सत्येन्द्र नारायण सिंह, कोषाध्यक्ष अनिरुद्ध प्रकाश,उप कोषाध्यक्ष दिलचन्द रविदास और रामदेव महतो सहित कई कार्यकारिणी सदस्य थे। मौके पर उमेश कुमार सिंह,अजित कुमार सिंह,रोहन ठाकुर,रामचरण करमाली,धीरेंद्र सिंह,दिनेश कुमार,मंजीत भुइयां,राजू रविदास, नीरज सिंह,अभिषेक सिंह,लाल सिंह,सत्येन्द्र नारायण सिंह,अनिरुद्ध प्रकाश,विश्वजीत सिंह,मनेंद्र प्रताप सिंह सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### रविदास महासभा के अध्यक्ष बने संजय

**टाटीझरिया ।** स्वामी विवेकानंद विद्यालय +2 उच्च विद्यालय परिसर में रविवार को रविदास महासभा बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता हजारीबाग जिला अध्यक्ष विनोद कुमार और संचालन झरपो निवासी शिक्षक विजय रविदास ने किया । बैठक में समाज विकास को लेकर कई विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर प्रखंड कमिटी का गठन किया गया । सर्व सहम्मति से बेडमक्का निवासी संजय कुमार रवि को प्रखंड अध्यक्ष, उपाध्यक्ष-रामेश्वर रविदास उपाध्यक्ष,सचिव, अजीत कुमार दास, उप सचिव- सरजू, कोषाध्यक्ष- अजीत कु .दास, उपकोषाध्यक्ष- अरुण राम बनाया गया। समाज के कई लोगो ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों की उज्जवल भविष्य की कामना की।

### कटकमसांडी में श्राद्ध राशन किट वितरित

**कटकमसांडी।** सेवा सहयोग समिति के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा ने जरूरतमंद परिवारों की सेवा में श्राद्ध कर्म भोज के लिए राशन किट वितरण अभियान के तहत श्राद्ध राशन किट वितरण की शुरूआत की। राशन किट अभियान की शुरूआत सेवा सहयोग कार्यालय कटकमसांडी में श्राद्ध कर्म में सहयोग की आस लेकर पंहुचे कटकमसांडी प्रखंड के पंचायत बाझा के ग्राम सकरजा निवासी भीम सिंह और पुराण सिंह भोक्ता, का शोकाकूल परिवार के परिजनों को श्राद्ध राशन किट कटकमसांडी के भाजपा के सक्रिय सदस्य वा कटकमसांडी के युवा समाजसेवी संदीप केशरी ,पूर्व सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार , के हाथो सुपुर्द किया गया। इस योजना के तहत समाज के ऐसे जरूरतमंद परिवार जो श्राद्ध कर्म में भोज हेतु सहयोग की अपेक्षा रखते हैं उन्हें यह किट उपलब्ध कराने का निर्णय सेवा सहयोग समिति के माध्यम से लिया गया है। इस राशन किट में करीब 150 लोगों के खिलाने भर का कच्चा राशन उपलब्ध रहता है। जिसमें चावल, आटा, दाल, तेल और मशाला है। इस राशन किट के माध्यम से जरूरतमंद परिवार तक पहुंच बनाकर परिवार के दिवंगत पुण्यात्मा को सेवा सहयोग समिति का अध्यक्ष हर्ष अजमेरा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष व स्वास्थ्य मंत्री का स्वागत

**चरही।** रांची से हजारीबाग जाने के क्रम में चरही चौक पर सोमवार को कांग्रेस पार्टी के नये प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया।मौके पर चुरचू प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक,जिला उपाध्यक्ष लखराज सिंह ,बहेरा पंचायत मुखिया देवकी महतो,भानु प्रताप सिंह,जय प्रकाश यादव,नौशाद आलम,पूर्व उप प्रमुख चौलेशवर महतो,मुस्लीम अंसारी, अशोक तुरी,भुवनेश्वर तुरी,चंद्रदेव महतो,राजेश कुमार दास,बंशी ठाकुर,अजय राम,प्रदीप करमाली, कुलेशवर करमाली,नसुर खान, मो .आजाद खान सहित पार्टी के लोग शामिल थे।

### विधायक ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**बड़कागांव।** प्रखंड के सांढ़ पंचायत के टोला छपेरवा में 100 केवीए का ट्रांसफार्मर विधायक अंबा प्रसाद के सौजन्य से लगाया गया। जिसका उद्घाटन दिन शनिवार को विधायक अंबा प्रसाद ने फीता काटकर किया। मौके पर विधायक ने कहा कि जैसे ही सूचना मिली की यहां का ट्रांसफार्मर जल गया है, तुरंत विभाग को फोन कर नया ट्रांसफार्मर लगाने का निर्देश दिया था। विधायक के प्रयास से ग्रामीणों को ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया । उद्घाटन के पूर्व ग्रामीणों ने अंबा प्रसाद का फूल माला पहनाकर स्वागत किया एवं विधायक का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने विधायक को स्थानीय समस्याओं से अवगत कराया। विधायक ने कहा कि गांव की सभी समस्या दूर होगी वहीं उन्होंने विधानसभा क्षेत्र वासियों से अपील करते हुए कहा कि कहीं भी बिजली संबंधित व ट्रांसफार्मर जलने की घटना होती है तो वह उनकी सूचना हम तक पहुंचाएं, उनके सभी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।मौके पर मुखिया सुलेखा कुमारी, पूर्व मुखिया भीखन महतो,पसस रंजीत चौबे, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, युवा प्रखंड अध्यक्ष आनंद मेहता,किसान प्रकोष्ठ प्रखंड अध्यक्ष दशरथ प्रसाद,कृति नंद महतो,प्रकाश कुमार,संतोष महतो,जयहिंद कुमार, अरविंद कुमार समेत ग्रामीण महिला पुरुष शामिल हुए।

### बड़कागांव में धूमधाम से मनी जन्माष्टमी

**बड़कागांव।** प्रखंड के कई गांवों में जन्माष्टमी बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। वार्ड सदस्य अंजू कुमारी के पुत्र अनुराज जीत कृष्ण के आकर्षक वेशभूषा में राधा कृष्ण के गानों पर सुंदर नृत्य किया।जगह-जगह पर नंद के आनंद भयों, वो हैं अलबेला ,ओ कान्हा और राधा बिना कृष्ण अधूरा जैसे गानों पर बच्चों ने जमकर नृत्य किया। कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर सांढ़ गांव के दुर्गा मंदिर के प्रांगण में 24 घंटा का अखंड हरी कीर्तन का आयोजन किया गया ।जिसमें श्रद्धालुओं ने हरे रामा हरे कृष्णा के भजनों से पूरे वातावरण को भक्ति में कर दिया।बाल रूप कृष्ण वियुम सिंह, राधा सलौनी कुमारी, रिया कुमारी, यशोदा रूप संजू कुमारी व चंदा कुमारी शामिल हुए।

### बरही में जन्माष्टमी पर फुटबॉल टूर्नामेंट

**बरही।** जन्माष्टमी के अवसर पर विजैया उत्क्रमित उच्च विद्यालय के मैदान में शिवशक्ति क्लब द्वारा फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। इस टूनार्मेंट का उद्घाटन बरकट्ठा टीम और योगिडीह उर्मा मोड़ टीम के बीच मैच से हुआ। अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष सह पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मो कयूम, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा सहित अन्य ने टूनार्मेंट का उद्घाटन फीता काटकर और कीक मारकर किया। रेफरी की भूमिका में रमजान अंसारी और अफजल अंसारी ने मैच का संचालन किया। कॉमेंट्री की जिम्मेदारी भूषण कुमार और बमबम कुमार ने निभाई। पोल जज के रूप में संदीप कुमार और सुनील कुमार ने कार्य किया। मैच के दौरान योगिडीह उर्मा मोड़ की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए बरकट्ठा टीम को 5-0 से हराया। खेल के दौरान खिलाड़ियों का उत्साह देखने लायक था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य न केवल खेल भावना को बढ़ावा देना था, बल्कि क्षेत्र के युवाओं को एक मंच प्रदान करना भी था, जहां वे अपनी प्रतिभा को निखार सकें। फुटबॉल टूनार्मेंट जैसे आयोजन हमारे युवाओं के लिए न केवल मनोरंजन का साधन हैं, बल्कि यह उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण हैं। खेल हमें अनुशासन, टीमवर्क, और कठिन परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखने की सीख देता है। आज के टूनार्मेंट में खिलाड़ियों ने जिस उत्साह और समर्पण के साथ प्रदर्शन किया, वह सराहनीय है। ऐसे आयोजन युवाओं में खेल के प्रति जुनून और सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देते हैं। हम सभी को मिलकर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि खेलकूद की ऐसी गतिविधियाँ हमारे समाज में निरंतर होती रहें, ताकि

स्पीड न्यूज

## वाहन छिनैती के आरोपी को किया गिरफ्तार

**चतरा।** प्रतापपुर पुलिस ने रविवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए धरमपुर गाँव निवासी लालन साव के पुत्र वकील साव उर्फ बनठा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वकील साव पर कांड संख्या 51/23 में मामला दर्ज था और वह राहगीरों से पैसा व वाहन छिनैती का काम करता था। प्रतापपुर थाना प्रभारी कासिम अंसारी ने बताया कि अभियुक्त को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए चलाए गए अभियान में सफलता प्राप्त की है और अब राहगीर अपने आप को सुरक्षित महसूस करेंगे।

## वज्रपात की चपेट में आने से एक की मौत

**चतरा।** जिले के वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के दंतार गांव में एक दुखद घटना घटी, जहां वज्रपात की चपेट में आने से एक युवक की मृत्यु हो गई।मृतक युवक ईश्वर कुमार अपने दस साथियों के साथ गांव के फुटबॉल मैदान में फुटबॉल खेल रहा था। खेल के दौरान अचानक बारिश शुरू हो गई और आसमानी बिजली गिरी, जिससे ईश्वर कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। अन्य खिलाड़ी बाल-बाल बच गए। घायल युवक को परिजन तुरंत इलाज के लिए हंटरगंज स्वास्थ्य केंद्र ले गए, लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया। पूरे गांव में शोक की लहर है और परिजन सदमे में हैं।

## प्रताड़ना से आहत होकर एएनएम ने की आत्महत्या की कोशिश

**चतरा।** जिले के टंडवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा प्रभारी डॉ सुदीप कुमार की प्रताड़ना से परेशान होकर एक एएनएम रोशनी ने फांसी लगाकर जान देने का प्रयास किया। एएनएम ने आरोप लगाया है कि प्रभारी हमेशा उन्हें परेशान करते थे और उनसे पैसे की मांग करते थे। इस घटना के बाद दो अन्य एएनएम अनिता देवी और मुन्नी देवी ने भी अपनी नौकरी से इस्तीफा दे दिया। एएनएम अनिता का ट्रांसफर सिमरिया में किया गया था, लेकिन प्रभारी ने उन्हें विरमित कर दिया, जिससे वह आहत होकर आत्महत्या का प्रयास करने लगीं।हालांकि, साथियों की नजर पड़ने से उनकी जान बच गई। इस मामले में सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार ने कहा कि यह मामला उनके संज्ञान में पूरी तरह से नहीं आया है, लेकिन वे इसकी जांच करवाएंगे। टंडवा थाना के इंस्पेक्टर अनिल उरांव का कहना है कि महिला ने अब तक थाना को कोई लिखित सूचना नहीं दी है, लेकिन पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## दुर्गा पूजा मनाने को लेकर ग्रामीणों की बैठक

**गिद्धौर।** सिंदवारी कला मंदिर परिसर में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता बृजेश कुमार सिंहा ने की और संचालन मनोज कुमार दांगी ने किया। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने पर चर्चा की और दुर्गा पूजा के सफल संचालन के लिए सर्वसम्मति से ब्रह्मदेव दांगी को अध्यक्ष बनाया गया। बैठक में श्रवण कुमार, सुशील कुमार दांगी, राजू कुमार दांगी, चमारी प्रसाद, सुबोध चौबे, प्रयाग दांगी, राजेंद्र दांगी सहित अन्य ग्रामीण भी उपस्थित थे।

## समस्याओं के समाधान के लिए एक अल्टीमेटम

**चंदवारा (कोडरमा)।** बांझेडीह पवर प्लांट से प्रभावित 32 गांव के विस्थापितों एवं प्रभावितों का समस्या डीवीसी बाँझेडीह पावर प्लांट के चीफ इंजीनियर के पास रखा एवं समस्याओं के समााान के लिए एक अल्टीमेटम दिया। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय कोर कमेटी सदस्य सह बरकट्ठा विधानसभा के नेता रविशंकर यादव ने बताया कि जिला नियोजन कार्यालय से पांच लोगों की नियुक्ति के लिए मनोरंजन सिंह के कंपनी में आदेश आया है, लेकिन डीबीसी के मुख्य अभियंता के लापरवाही के कारण आज तक नियुक्ति नहीं मिली।

# बेटे ने अपने पिता के साथ मिलकर चाचा को उतारा मौत के घाट, दोनों गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतगांवा (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती व उग्रवाद प्रभावित पंचायत राजाबर के (मामा थान) पछियारीडीह गांव में बेटे ने अपने पिता के साथ मिलकर चाचा की हत्या कर दी। मृतक की पहचान 62 वर्षीय ब्रह्मदेव महतो के रूप में हुई है। जमीन विवाद की वजह से घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



**देर रात दो भाइयों में हुई थी कहा सुनी :** जानकारी के मुताबिक रविवार की रात 11 बजे ब्रह्मदेव महतो और महावीर महतो नशे में धुत थे। इस दौरान दोनों भाइयों में किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गयी। बात इतनी बढ़ गयी कि दोनों मारपीट पर उतारू हो गये। इसके बाद महावीर महतो ने अपने बेटे बहादुर यादव के साथ मिलकर रड एवं कुल्हाड़ी से उस पर वार कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गयी। जैसे ही ग्रामीणों ने घटना की सूचना मिली उन्होंने सतगांवा पुलिस को जानकारी दी।

**हत्या के दोनों आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार :** खबर मिलते ही सतगांवा थाना प्रभारी विजय गुप्ता दलबल के साथ रात 2 बजे घटनास्थल पर पहुंचे व मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर थाना ले आये। इसके बाद पुलिस ने हत्या के आरोपी महावीर महतो को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन हत्या का दूसरा आरोपी अब भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर था, इसी बीच थाना प्रभारी को सूचना मिली की आरोपी 25 वर्षीय बहादुर यादव कोडरमा स्टेशन से ट्रेन पकड़कर बाहर भागने वाला है, फिर पुलिस ने स्टेशन से हत्या के दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद दोनों से पूछताछ की गयी तो पता चला कि दोनों भाइयों के बीच लंबे समय से जमीन विवाद के कारण लड़ाई होती रहती थी। इार, मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि हत्या का कारण जांच पड़ताल के बाद दी जायेगी।

## झामुमो हीरोडीह पंचायत समिति का गठन

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत जयनगर पंचायत हीरोडीह स्थित गैडे फैक्ट्री मैदान में झारखंड मुक्ति मोर्चा पंचायत कमिटी गठन को लेकर बैठक की गई। बैठक में पूर्व अध्यक्ष झारखंड राज्य आवास बोर्ड, पूर्व विधायक बरकट्ठा सह झामुमो नेता जानकी प्रसाद यादव सम्मिलित हुए। वहीं झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अशोक सिंह ने पंचायत अध्यक्ष के रूप अनूप कुमार दास, उपाध्यक्ष कमलेश यादव, मो. सिकंदर अंसारी, सचिव इमरान अंसारी, सह सचिव अमन मोदी, राजेश यादव, संगठन सचिव बैजनाथ यादव, बिनोद यादव, कोषाध्यक्ष सतीश यादव को मनोनीत किया। वहीं कार्यकारिणी सदस्य मनीष यादव, बिनोद यादव, समीम अंसारी, संजय यादव, उमेश यादव, बहादुर यादव, राजेश यादव, सुनील यादव, डॉ. मुकेश यादव, विनोद राणा, तिलक यादव को बनाया गया है। इस अवसर पर कई लोग झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर पूर्व विाायक श्री यादव ने कहा कि सर्वजन पेंशन, मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना और अबुआ आवास योजना ने प्रदेश की जनता को काफी राहत पहुंचाई है। महिला बुजुर्ग और नवजवान के हित में कई जनकल्याकारी योजनाएं लागू की गई है।

# सेल्समेन से लूट का प्रयास, तिलैया व रांची से चार गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र के गुमो चौक के पास शनिवार की देर शाम बांगर सीमेंट खरीद बिक्री का काम करने वाली एक कंपनी के सेल्समैन के साथ अपराधियों ने लूट का प्रयास किया. हालांकि, अपराधी अपने मंसूबे में सफल नहीं हो पाये समय पर शोर मचाने के बाद इकट्ठा हुए स्थानीय लोगों की मदद से एक अपराधी को मौके पर ही हथियार के साथ पकड़ लिया गया, जबकि दो अपराधी भागने में सफल रहे. पकड़े गये अपराधी के पास से रिवाल्वर व कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस इस मामले में पकड़े गये आरोपी से पूछताछ के बाद जगह-जगह छापामारी कर रही थी। रविवार को पुलिस ने इस मामले में रांची के बरियातू थाना इलाके में छापामारी की जहां से तीन और लोगों को पकड़ा. पकड़े गये लोगों में राजकुमार सिंह उर्फ गोलू पिता गोपाल सिंह निवासी हिल व्यू एरिया वार्ड नंबर 7, समीर श्रीवास्तव पिता इंदु लाल निवासी देशवाल डोली वार्ड नंबर 4 व निखिल सिंह पिता बलराम सिंह निवासी बिरसा ब्लड बैंक रोड नंबर 5 बरियातू रांची शामिल हैं। पकड़े गये चारों आरोपी रांची के बारियातु के ही रहने वाले हैं। जानकारी के अनुसार घटना को लेकर शैलेश कुमार साव पिता सुरेंद्र साव गुमो निवासी ने पुलिस को आवेदन दिया है। आवेदन में संतोष ने बताया है कि वह श्री साईं सेल्स एंड मार्केटिंग झुमरीतिलैया में बतौर सेल्समैन कार्यरत हैं। शनिवार को कंपनी के काम से चतरा गए थे। वहां से कंपनी की फोर्ड कार नंबर जेएच05 एएक्स 6328 से लौट रहे थे। उनके साथ चालक विजय यादव भी था। शाम में जैसे ही गुमो स्थित अपने घर के पास पहुंचे और कार से उतरने लगे। इसी दौरान पहले से घात लगाये बैठे मोटरसाइकिल सवार तीन अपराधियों ने घेर लिया, एक अपराधी ने रिवाल्वर सटाकर पैसे, पर्स और मोबाइल की मांग की। इसी बीच चालक विजय यादव ने बचाओ-बचाओ चिल्लाया, तो आसपास बैठे स्थानीय लोग जमा हो गये। स्थानीय लोगों को आता देख दो अपराधी बाइक पर सवार होकर चंदवारा की ओर भाग गये, जबकि एक अपराधी को लोगों की मदद से पकड़ लिया गया। पकड़े गये अपराधी ने अपना नाम अमित सिंह उर्फ गौडडा पिता स्वर्गीय प्रदीप सिंह मूल निवासी बिशनपुरा थाना बिहटा पटना वर्तमान निवासी हिल एरिया थाना बरियातू रांची बताया। उसके पास से रिवाल्वर व कारतूस बरामद किया गया। लोगों ने पकड़े गये अपराोी को पुलिस को सौंप दिया। इसके बाद पुलिस ने पूछताछ कर छापामारी की। हालांकि, तिलैया पुलिस रविवार शाम तक इस मामले में कुछ भी स्पष्ट बताने से बचती रही। बताया जाता है कि पुलिस बहुत जल्द पूरे मामले का खुलासा करेगी।

## डिग्री कॉलेज को हजारीबाग से हटा कर गिरिडीह करने के खिलाफ धरना कल

**कोडरमा।** जगन्नाथ जैन महाविद्यालय झुमरी तिलैया सहित कोडरमा जिला के तमाम डिग्री कॉलेज को विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग से हटा कर गिरिडीह जिला में सर जेसी. बोस के नाम से खुल रहे नया विश्वविद्यालय में शामिल करने के खिलाफ कोडरमा बचाओ संघर्ष समिति के द्वारा बुधवार को जे जे कॉलेज में एक दिवसीय एक घंटे का 11:30 बजे दिन से 12:30 बजे तक सांकेतिक धरना दिया जायेगा। उक्त जानकारी समिति के संयोजक मनोज कुमार झुन्नू एवं सह संयोजक महेश भारती ने संयुक्त रूप से देते हुए कहा कि कोडरमा जिले के मात्र एक अंगीभूत महाविद्यालय जगन्नाथ जैन महाविद्यालय है। जहां उच्च शिक्षा हेतु सारे विभाग जैसे स्नातक के तीनो संकाय सहित पीजी, बीएड, बीबीए आदि की पूर्ण पढ़ाई होती है, जहां गरीब, मध्यम वर्गीय परिवार के हजारों छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। वही छात्र-छात्राओं के साथ-साथ खास कर अभिभावकों के असुविधा के साथ शारीरिक, मानसिक, सामाजिक कष्ट के साथ ही आर्थिक खर्च का बोझ बढ़ेगा, जिसको देखते हुए कोडरमा बचाओ संघर्ष समिति के द्वारा एक घंटे का सांकेतिक धरना देते हुए विरोध प्रकट करेगी।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी की धूम, कृष्ण लीला से मुग्ध हुए लोग

## यदुवंशियों ने मनाया कृष्ण जन्माष्टमी



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत ग्राम सलगा के शिव मंदिर प्रांगण में अखिल भारतीय यादव महासभा की बैठक सोमवार को आयोजित की गई।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके लिए तुरंत भगवान कृष्ण की तस्वीर मंगाई गई और सभी यादवों ने मिलकर पूजा-अर्चना की। पूजा ब्राह्मण कामेश्वर पांडेय ने करवाई, जिन्होंने स्वस्तिवाचन, गणेश वंदना और कृष्ण भगवान का ध्यान अर्चना के साथ पूजा को संपन्न किया।

इस अवसर पर द्वारी पंचायत के मुखिया जगदीश यादव, जिला परिषद प्रतिनिधि बालेश्वर यादव, राजू यादव, कोमल यादव, रामदेव यादव, दिनेश यादव, विकास यादव और अन्य यादव उपस्थित थे।



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर कृष्ण से संबंधित अनेक लीलाएं रची गई और दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। मरकच्चो स्थित राधाकृष्ण मंदिर, मरकच्चो बाज़ार पर, राधाकृष्ण मन्दिर ब्राह्मण टोला, राधाकृष्ण मन्दिर भगवती डीह समेत प्रखंड के जामु, दशारो, सिमरिया, नावाडीह समेत कई गांवों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बुधवार को 7 साल का प्रियस ने कान्हा का रूप धारण कर लोगों का खूब मनोरंजन किया। कान्हा बने प्रियस को देखने के लिए मंदिर में लोगों की भीड़ लगी रही और लोगों ने खूब प्रशंसा की। सामाजिक संगठनों, प्रखंड के स्कूलों में जन्माष्टमी की धूम मची रही। कृष्ण के जन्म, गोपियों के साथ रास रचाना तथा कृष्ण सुदामा की मित्रता की अनेक प्रसंगों के माध्यम से बच्चे जहां एक ओर अपनी संस्कृति से जुड़ने का प्रयास किए, वहीं दूसरी ओर उपस्थित लोगों को यह संदेश भी दे गई कि सच्चाई की हमेशा जीत होती है।

## धुब्बाडीह में 24 घंटे तक चलेगी अखण्ड हरि कीर्तन



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड के उत्तरी पंचायत मरकच्चो स्थित ग्राम धुब्बाडीह मंदिर परिसर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर 26 अगस्त से 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन की शुरुवात सोमवार 10 बजे बिधि विधान से पूजा अर्चना कर शुरू हो गयी है। जो अनवरत 24 घंटे तक 27 अगस्त तक चलेगी। अखण्ड हरि कीर्तन में धुब्बाडीह के अलावे क्षेत्र की कई कीर्तन मंडली बारी-बारी से भाग लिया। 27 अगस्त को महाआरती के साथ भव्य भंडारे का आयोजन किया जायेगा। इस मौके पर सोमवार 10 बजे दिन प्रखण्ड प्रमुख विजय सिंह, स्थानीय मुखिया रणजीत सिंह, अनेश्वर सिंह, मंदिर कमिटी प्रमुख नवल किशोर सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित व फीता काटकर किया गया। अखण्ड कीर्तन में धुब्बाडीह कीर्तन मंडली के अलावे महिला संकीर्तन मंडली धुब्बाडीह, मनीदास ग्रुप धुब्बाडीह, संकीर्तन मंडली बिगहा, संकीर्तन मंडली चक बाराडीह, संकीर्तन मंडली मरकच्चो, संकीर्तन मंडली सिमरिया, संकीर्तन मंडली कोसडीहरा, संकीर्तन मंडली पपाहरा के ग्रामीणों ने बारी-बारी से भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पुजारी बालो साव, संजय सिंह, ब्राह्मण लाटो पांडे, राजु पांडे, रणजीत यादव, उमेश सिंह, महेंद्र यादव, जागेशर साव, राजू राम, कालेश्वर राम, सहदेव यादव, श्रवण वर्णवाल, बालदेव दास, महेंद्र यादव, मनोहर साव, र्मिेंद्र रज्जक, कपिलदेव सिंह, नागो महतो, मथुरा ठाकुर समेत कई श्रद्धालु लगे हुवे हैं।

# कैंडीनगर पंचायत के मुखिया पति अबुवा आवास में जम कर कर रहे हैं उगाही

## लाभुक ने पच्चीस हजार रुपये मांगने का लगाया आरोप, ऑडियो हो रहा है वायरल

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** झारखंड सरकार गरीबों के लिए आवास योजना चला रही है, लेकिन जिले के कान्हाचट्टी प्रखंड के कैंडीनगर के मुखिया पति अमित कुमार आवास के लाभुकों से पैसे की मांग कर रहे हैं। जो राशि नहीं देता है उसे आवास के सूची से नाम हटाने का धमकी भी देता है। कैंडीनगर निवासी गायत्री देवी के बेटे को फोन पर अमित ने कहा कि 'तुम हमसे मिला नहीं जी, तुम्हे सिस्टम नहीं पत्ता है क्या,सिस्टम में आओ' जिसका ऑडियो भी वायरल हुआ है। अमित लाभुक के घर पर आकर अपने दो तीन बिचौलियों को लेकर आकर पच्चीस हजार रुपया देने के लिए बोला था और कहा कि यदि नहीं दोगे तो तुम्हारा आवास का अगली किस्त की राशि नहीं आएगा। लाभुक ने इसकी शिकायत बीडीओ कान्हाचट्टी से की तो मुखिया पति ने लाभुक के साथ ही गाली गलौज कर दिया। लाभुक ने उपायुक्त से भी गुहार लगाई कि गरीबो को मिलने वाले आवास योजना में मची लूट पर अंकुश लगाया जाए और मेरा आवास की शेष राशि दिया जाए ताकि मैं आवास को पूर्ण कर सकूं। बता दें कि वायरल ऑडियो को घर मंत्र अखबार पुष्टि नहीं करता है।



**मुखिया पति ने रखा अपना पक्ष :** मुखिया पति अमित कुमार से जब आरोप की पक्ष जाना गया तो उसने कहा कि आरोप निराधार है। वायरल ऑडियो मेरा नहीं है। हम किसी भी लाभुक से आवास सम्बंधित पैसे की मांग नहीं किए हैं।

**क्या कहते हैं बीडीओ :** इस मामले में लाभुक ने आवेदन दी है,जांच कर अग्रेतर कार्रवाई के लिए जिला वरीय अधिकारियों को भेजा जाएगा। दोषी पाए जाने पर मुखिया पर कार्रवाई की जाएगी।

एक नजर में

# लीलवावर में नदी के बीचों-बीच भगवान शिव की प्रतिमा प्रकट



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** प्रतापपुर प्रखंड के सिद्की पंचायत के लीलवावर में नदी के बीचों-बीच भगवान शिव की प्रतिमा प्रकट हुई है। यह प्रतिमा नदी के धारा में पत्थरों के बीच नंदी बैल और त्रिशूल के साथ दिखाई दे रही है। इस चमत्कारिक घटना के बाद से श्रद्धालुओं की भीड़ यहां उमड़ रही है और लोग भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर रहे हैं। सोमवार को लगभग हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचे और पूजा-अर्चना की।स्थानीय लोगों ने गाजे बाजे के साथ नदी में भगवान शिव के ऊपर जलाविषेक किया और नदी तट के किनारे प्रसाद बनाकर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया। कुछ लोग इसे भगवान का चमत्कार मान रहे हैं, तो कुछ इसे अंधविश्वास बता रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह प्रतिमा नदी के धारा में हक्कीत में निकली है और लोग पूजा-अर्चना कर रहे हैं। लोग सरकार से इस स्थल को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की मांग कर रहे हैं।

**श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़**

# पुलिस ने भारी मात्रा में केन बीयर के साथ युवक को किया गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवादाता

**सतगावां (कोडरमा)।** कोडरमा पुलिस अधीक्षक को एक ग्रे रंग के स्वीफ्ट डिजायर कार से भारी मात्रा में अवैध बीयर बासोडीह बाजार होते हुए नवादा बिहार ले जाने की गुप्त सूचना मिली। के आलोक में थाना प्रभारी विजय गुप्ता के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। सूचना के सत्यापन व आवश्यक कारवाई हेतु नासरगंज चेक पोस्ट के पास रात्रि गश्ती दल के द्वारा वाहन चेकिंग लगाया गया। वाहन चेकिंग के दौरान एक ग्रे रंग स्वीफ्ट डिजायर कार एनएक्स01सीजी/ 4633 से गड फादर के 7 पेटी केन बीयर बरामद किया। प्रत्येक पेटी में 24 पीस केन बीयर कुल 168 पीस बीयर जप्त किया गया। वहीं पुलिस ने उक्त वाहन चालक बिहार राज्य के पटना जिले के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दरगाह रोड निवासी 37 वर्षीय चंदन कुमार पिता कृष्णा प्रसाद को गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में सतगावां थाना कांड संख्या 66/24 धारा 274/ 275/ (3)5 बीएनइस 2023 एंव (47ए) उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उक्त वाहन चालक को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

**छापेमारी दल में :** थाना प्रभारी विजय गुप्ता, एसआई रौशन कुमार पासवान, एएसआई कृष्णा राम, पवन कुमार, चंद्रभूषण सिंह बाबूलाल यादव शामिल थे।

# परिजनों के साथ अपने आवास में रहने आये तो मोहल्ले वालों ने किया विरोध



खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर के गांधी स्कूल रोड स्थित मास्टर मोहल्ला में 21 दिसंबर 2023 को ढाई फीट रास्ता विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में घायल संजय सिंह, पिता स्व गीता प्रसाद सिंह की इलाज के क्रम में रिम्स रांची में मौत हो जाने के बाद प्राथमिकी में संगीता सिंह ने प्रेम कपूर, राज कपूर दोनों के पिता कैलाश प्रसाद यादव व सोनू कुमार को अभियुक्त बनाते हुए मामला दर्ज कराया था। जिसमे विगत कुछ माह पूर्व अभियुक्त की जमानत कोट के द्वारा दिया गया था। जिसके बाद अभियुक्त के परिजन रविवार को घटना स्थल स्थित अपने आवास में परिजनों के साथ रहने के लिए आए, जहां मोहल्ले वालों ने उन सभी लोगों का जमकर विरोध किया।

विरोध के क्रम में भाड़े पर आए वाहन के शीशे को भी क्षतिग्रस्त किया गया। इसके बाद मोहल्ले वालों ने इसकी सूचना तिलैया थाना को दी। इस मामले को लेकर तिलैया थाना में दोनों पक्ष को बुलाया गया, जहां देर रात तक दोनों पक्ष अपना दलित देते रहे किंतु कोई निर्णय नहीं हो सका। दूसरी और मृतक संजय सिंह की पत्नी ने थाना से गुहार लगाई है कि जब तक इस मामले पर न्यायालय का फैसला नहीं आ जाता है तब तक केपी यादव के परिवार को मास्टर मोहल्ला में रहने ना दिया जाए।

# उपराजधानी दुमका में धूमधाम से मना श्रीकृष्ण जन्माष्टमी


राधा-कृष्ण की प्रतिमा

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** उपराजधानी दुमका के विभिन्न मंदिरों में धूमधाम से मनाया गया भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी। शहर के राधा-माधव मंदिर, शिव-गोपाल मंदिर, शिवपहाड़ मंदिर, धर्मस्थान मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों में धूमधाम से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाया गया। अहले सुबह से ही शहर के मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालू श्रीकृष्ण जन्माष्टमी में उपवास रख राधा और श्रीकृष्ण का आराधना में जुटे रहे। श्रीकृष्ण जन्माष्टी के अवसर पर बच्चे गली-मुहल्ले में भी घरौदा बना विभिन्न प्रकार के सजावट कर गोवर्धन पर्वत समेत राधा-कृष्ण एवं गोपियां का प्रतिरूप रखा। जन्माष्टमी पर छोटे-छोटे बच्चे राधा-कृष्ण बन मुरली और मोर पंख लगा राधा और कृष्ण के रूप में दिखें।

## कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर कलश यात्रा का आयोजन


कलश यात्रा में शामिल महिलाएं एवं पुरूष

**जामा।** दुमका जिले के जामा प्रखंड अंतर्गत कैराबनी चौक पर सोमवार को यदुवंशी जागरण मंच द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी पर कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कमेटी सदस्य राजीव कुमार पंजियारा ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी यदुवंशी जागरण मंच की ओर से कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर भव्य कलश यात्रा 108 कुमारी कन्याओं के द्वारा निकाली गयी। रात्रि में मुख्य अजमान राजेश पंजियारा सह पत्नी के साथ पूजन एवं प्रसाद वितरण किया जायेगा। वहीं उन्होंने बताया कि रात्रि में भजन संध्या का कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें दुगार्पुर के कलाकार पुनम यादव, राज लक्ष्मी, स्वीट राज एवं भास्कर मिश्रा के भक्ति भजनों ने भक्तों का मन मोह लिया। मौके पर यदुवंशी जागरण मंच के सदस्य फलानंद यादव, गुणसागर, अमित, अरूण, निर्मल, कामदेव, विष्णु, संतोष, प्रशान्त, आदर्श, कौशल, जिवेश, रूपेश मोहन, अनिल, मनोज, रामकृष्ण, रामकिसुन, नारायण, अरविंद, विरेन्द्र, मंटु, अरूण, प्रमोद, सुबोध, राधेश्याम, बत्तीस, संजय, सुभाष, बाबुधन, विजय, ज्ञान, मार्शल, कुन्दन, मनोज यादव, रामवुटटु, चन्दन, राजा यादव उपस्थित थे।

## एक नजर में

## भाजपाइयों ने मन की बात कार्यक्रम को प्रेरणादायक बताया



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात का 113 वां एपिसोड बोकारो के भाजपाइयों ने देखा। मौके पर बोकारो विधायक बिरंची नारायण भी मौजूद रहे। विधायक ने कोआपरेटिव मंडल के बूथ संख्या 186 व 187 पर पार्टी पदाधिकारियों कार्यकताओं व आमजनों के साथ इसमें भाग लिया। श्री नारायण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का कार्यक्रम काफी प्रेरणादायक रहता है। आज भी प्रधानमंत्री ने देश की उपलब्धियों देश के लोगों के सामूहिक प्रयासों 21वीं सदी के भारत में कितना ही कुछ ऐसा हो रहा है जो विकसित भारत की नींव मजबूत कर रहा है इन सब बातों को देशवासियों के बीच रखा। वास्तव में यह मन की बात विकसित भारत की नींव रखने वाला है। मौके पर कार्यक्रम में भाजपा कोआपरेटिव मंडल अध्यक्ष मनोज सिंह विनय आनंद जितेन्द्र साव समंत सिंह राजू गुप्ता भोला साव सतीश सिंह सरदार तेजपाल सिंह पिंकू सिंह वर्षा चौधरी उषा देवी अनीता देवी मंजू सिंह योगिता साव उषा देवी मनोज सिन्हा आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेस के देव शर्मा ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष को बतायी बोकारो की समस्याएं




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष देव शर्मा झारखंड कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव कमलेश महतो से रांची कांग्रेस मुख्यालय में मिले और उन्हें बोकारो में विस्थापितों और स्थानीय लोगों की कई समस्याओं से अवगत कराया। इसके अलावा बीएसएल ओएनजीसी सीसीएल व इलेक्ट्रोस्टील में स्थानीय लोगों की नियोजन के संदर्भ में भी चर्चा की। श्री शर्मा ने अपने 14 सालों के संघर्षों को विस्तार बताते हुए कहा कि जब से केंद्र में भाजपा की सरकार आयी है तब से बड़े बड़े उद्योगपतियों द्वारा मजदूर और आमजनों का खुलेआम शोषण हो रहा है।

श्री शर्मा ने कहा कि सभी छोटी-बड़ी कंपनियों का सीएसआर फंड विस्थापित गांवों एवं आसपास के गांव तथा गरीब लोगों के उत्थान के लिए होता है लेकिन भ्रष्ट अधिकारी की मिलीभगत से इस फंड का दुरुपयोग हो रहा है जिसके कारण आज विस्थापितों एवं गांव की स्थिति दयनीय है। प्रदेश अध्यक्ष ने यथाशीघ्र समाधान के लिए अपनी ओर से सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया।

## जमीन विवाद में खूनी झड़प, एक गंभीर

खबर मन्त्र संवाददाता


घायल व्यक्ति

**हंसडीहा।** दुमका जिले के हँसडीहा थाना क्षेत्र के बनियारा गाँव में जमीन विवाद को लेकर सोमवार को दो पक्षो के बीच हुई खूनी झड़प में एक वयक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार बनियारा गाँव के विभूति मंडल और दीपक सिंह मुख्य मार्ग पर जमीन दान पत्र में लेकर घर बनाकर निवास कर रहा है। दोनों के घर के बीच खाली जमीन को लेकर दोनों पक्षो के बीच वर्षों से विवाद चल रहा है। इससे पूर्व भी दोनों में मारपीट की घटना हो चुकी है। बताया जाता है की सोमवार को भी दोनों में विवाद हुआ था और इसी दौरान दीपक ने विभूति के सर पर लोहे के रड से प्रहार कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही हँसडीहा पुलिस मौके पर पहुंच गंभीर रूप से घायल विभूति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरैयाहाट पहुँचाया जहाँ चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर ईलाज के लिए देवघर रेफर कर दिया। चिकित्सक के अनुसार विभूति के सर पर गंभीर चोटें आई है। मामले को लेकर खबर लिखें जाने तक किसी भी पक्ष की तरफ से थाना में लिखित शिकायत नहीं की गई थी।

## आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदी की इलाज के दौरान मौत

**15 दिन पहले सीने में इंफेक्शन और टीबी की वजह से उसे कैदी वार्ड में भर्ती कराया गया था**

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** केन्द्रीय कारा में आजीवन कारवास की सजा काट रहे कैदी की मौत हो गई। मृतक साधन मुर्मू पाकुड़ जिले के कोटालपोखर गांव का रहने वाला था। डाक्टरों के तीन सदस्यीय टीम ने पोस्टमार्टम करने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। दरअसल, हत्या मामले में सजा काट रहे 63 साल के कैदी साधन मुर्मू का फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल के कैदी वार्ड में 15 दिनों से इलाज चल रहा था। जहां सोमवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि बहुत पहले पिता का गांव में किसी से विवाद हुआ था। इस दौरान पिता ने गुस्से में आकर हमला कर दिया। दो दिन तक चले इलाज के बाद उस व्यक्ति की मौत हो गई थी। मामला कोर्ट तक पहुंचा और बाद में पाकुड़ की अदालत ने उसे दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुना दी।

अस्पताल प्रबंधन की माने तो एक महीने पहले ही कैदी साधन मुर्मू को पाकुड़ से दुमका जेल में शिफ्ट किया गया था। वह पहले से ही बीमार चल रहा था. जेल के अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था। लेकिन 15 दिन पहले सीने में इंफेक्शन और टीबी की वजह से उसे कैदी वार्ड में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। मामले में जेलर आरके सिंह ने बताया कि कैदी बीमारी की वजह से काफी कमजोर हो गया था। इलाज के बाद भी उसकी जान नहीं बच सकी। मौत की सूचना मिलने पर उसका बेटा और घर के दो सदस्य दुमका पहुंचे।

अस्पताल के डॉ शशि, गौतम कुमार और अशोक ने शव का पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम की वीडियो रिकार्डिंग कराई गई। इसके बाद शव को मृतक के परिजनों को सौंप दिया।

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के रामपुरहाट दुमका रेल खंड के बाबुपाड़ा के पास ट्रेन के चपेट में आने से 32 वर्षीय श्रीजल मरांडी की मौत हो गई। घटना देर रात की बतायी जा रही है। मृतक श्रीजल मरांडी बाबुपाड़ा का रहनेवाला है। मामले में थाना प्रभारी हरिप्रसाद ने बताया कि मृतक मवेशी खोजने के लिए रेल पटरी के पास गया था। उसी क्रम में ट्रेन उधर से गुजर रहा थी और उसी के चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। परिजनों को पोस्टमार्टम करा कर शव को सौंप यूडी केस दर्ज किया गया है।

## खेतको उत्साह के साथ मनाया गया चेहल्लुम

**बेरमो /खेतको।** मोहर्रम के 40 वें पर चेहल्लुम कार्यक्रम पेटरवार प्रखंड के खेतको में पूरे धूमधाम के साथ मनाया गया। मुसलमानो ने ताजिया बनाकर पूरे उत्साह के साथ परंपरागत रास्तों से गुजरता हुआ कर्बला तक पहुचा।इस दौरान युवाओ द्वारा या हुसैन की सदाऐं बुलंद की जा रही थी। ताजिया जुलूस को लेकर लोगो में खास उत्साह देखने को मिला। इस दौरान या हुसैन की सदाओं से पूरे खेतको के मुस्लिम समुदाय के मुहल्ले में वातावरण गुंजायमान हो उठा। जुलूस तय कर्बला स्थल पर पहुंचा,जहां कर्बला मैदान में खिलाड़ियों ने एक से बढ़कर एक कर्तव्य दिखा कर इमाम हुसैन की शहादत को याद किया। लोगों ने कर्बला में सिरनी फातिहा करा कर वापस अपने अपने घर लौट गए। सुरक्षा के मद्देनजर चयनित स्थलों पर पेटरवार पुलिस के जवानों की तैनाती की गई थी।

## कसमार में 13737 नौनिहालों को पल्स पोलियो खुराक पिलाने का टारगेट

### तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान शुरू




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो में डीडीसी गिरिजा शंकर प्रसाद सिविल सर्जन डॉ एबी प्रसाद जिप उपाध्यक्ष बबीता देवी बोकारो विधायक प्रतिनिधि संजय त्यागी अस्पताल के अधीक्षक डॉ अरविंद कुमार ने सदर अस्पताल परिसर में बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान की शुरूआत की। इस दौरान 3 लाख 53 हजार 551 बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाने का लक्ष्य है। उप विकास आयुक्त खुराक पिलाने में किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं बरतने की अपील की है। स्वास्थ्य कर्मियों से उन्होंने कहा कि ईमानदारी पूर्वक 0-5 वर्ष के बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाएं। पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए पर्याप्त संख्या में बूथ बनाए गए हैं। अभियान के प्रथम दिन बूथों पर 0-5 वर्ष के बच्चों को खुराक पिलाई गई। दूसरे व तीसरे दिन क्रमशः 26 व 27 अगस्त घर-घर जाकर खुराक पिलाना है। डीडीसी ने कहा कि हर हाल में लक्ष्य की प्राप्ति करनी है। जिला स्तर के पदाधिकारी भी क्षेत्र भ्रमण के दौरान अभियान की निगरानी करेंगे। इस बार पंचायत/प्रखंड एवं जिला स्तर से अभियान के सफल आयोजन को लेकर मॉनिटरिंग की जा रही है।

### 138 बूथों पर 13737 नौनिहालों को पोलियो खुराक पिलाने का टारगेट



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** पोलियो अभियान के तहत शून्य से पांच साल तक के नौनिहालों को पोलियो ड्राप पिलाकर अभियान शुरू किया गया। कसमार सीएचसी में चिकित्सा प्रभारी डॉ प्रफुल्ल महतो की उपस्थिति में बोकारो सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद व पोलियो निर्देशक ने जायजा लिया। नौनिहालों को पोलियो ड्रॉप की खुराक के लिए 138 बूथों पर 13737 नौनिहालों को पोलियो खुराक पिलाने का टारगेट दिया गया है। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद ने कहा कि पोलियो से बचने के लिए बच्चों को पोलियो खुराक जरूर पिलाएं । चिकित्सा प्रभारी डॉ प्रफुल्ल महतो ने कहा कि सभी बूथों पर 0-5 साल के सभी नौनिहालों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएंगी। जो बूथ पर नहीं पहुंचा या फिर पोलियो खुराक नहीं पिलाई गई वैसे नौनिहालों के लिए 26 अगस्त व 27 अगस्त को घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। मौके पर नोडल पदाधिकारी डॉ आरएन शर्मा डॉ संतोष महतो बीपीएम बंकीम चंद्र महतो आनंद नायक नरेश महतो एएनएम सेविका तथा सहिया मौजूद थे।

## नगर विकास समिति की बैठक में वस्तुस्थिति बताने का निर्णय



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** नगर विकास समिति की मासिक बैठक अभय कुमार मुन्ना की अध्यक्षता एवं शिवकुमार श्रीवास्तव के संचालन में धर्मशाला मोड़ चास स्थित राजेंद्र स्मृति भवन में हुई। बैठक में विगत माह समिति के द्वारा संपन्न कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए नगर विकास समिति के संरक्षक सदस्य बाल कृष्ण कुमार ने कहा कि वर्षा ऋतु में नगर निगम क्षेत्र कूड़ा कचरा के अंबर से भरा पड़ा हुआ है। निगम क्षेत्र के विभिन्न मोहल्ले में नाले की सफाई नहीं होने के कारण अनेक समस्याएं हो रही है। जगह-जगह जल-जमाव के कारण कभी भी महामारी फैलने की प्रबल संभावना है। पाइपलाइन बिछाने के नाम पर जगह-जगह सड़कों का कटाव किया गया है किंतु समय रहते उसकी मरम्मत नहीं होने से भयंकर समस्याएं आ रही है। समिति के उपाध्यक्ष राम भजन सिंह ने कहा कि नदी नाला जोरिया अतिक्रमण का शिकार है। बैठक को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष अभय कुमार मुन्ना ने कहा कि वार्ड स्तर पर निगम क्षेत्र की समस्याओं को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल चास नगर निगम आयुक्त से आगामी बुधवार को मिलेगा और उनको धरातल की वर्तमान स्थिति से अवगत कराएगा। मौके पर बाल कृष्ण कुमार सुबोध कुमार सिंह राम भजन सिंह करमचंद गोप लालमुनि देवी सुनील सिंह शिव कुमार श्रीवास्तव अतीश कुमार सिंह रामकिंकर माहथा नरोत्तम झा विनोद चौधरी आदि शामिल हुए।

## हेमंत सरकार के झूठे वादे के खिलाफ आजसू का जन

खबर मन्त्र संवाददाता





**बेरमो /उपरघाट।** नावाडीह प्रखंड अंतर्गत उपरघाट के छः पंचायत जिनमें पोखरिया, मुंगोरंगामाटी, पेंक, गोनियाटो, काछो (कोरियाबेड़ा) एवं कंजकीरो (पिपराडीह) में आजसू पार्टी के केंद्रीय समिति के आदेशानुसार जन- जागरण सह पदयात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आजसू पार्टी द्वारा झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा चुनाव में किए गए सभी झूठे वादे के खिलाफ जनता के बीच रखने का काम किया। जैसे युवाओं को पांच लाख रोजगार देना, रोजगार नही तो बेरोजगारी भत्ता देना हर महिला को घर चलने के लिए एक वर्ष में 72 हजार चूल्हा खर्चा देना, पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण ऐसे कई उदाहरण जनता के बीच आजसू नेताओ ने जन जागरण सह पदयात्रा कार्यक्रम में संबोधित किए। इस कार्यकर्म में मुख्य रूप से आजसू पार्टी के विधान सभा प्रभारी यशोदा देवी युवा राज्य संयोजक टिकैत महतो वरिष्ठ नेता दुर्योधन महतो शामिल थे। यह कार्यक्रम डुमरी विधानसभा क्षेत्र के सभी सत्तर पंचायत में किया जायेगा। कार्यकर्म की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मिश्रीलाल महतो एवं संचालन प्रखंड कार्यकारणी अध्यक्ष रामकुमार मरांडी ने किया। मौके पर केंद्रीय सदस्य सुरेश महतो मुखिया ललिता देवी महिला प्रखंड अध्यक्ष साजिया अंजुम पसस डेगलाल तुरी निरंजन महतो दशरथ मंडल मोहम्मद अख्तर मोहम्मद एमतिया अंसारी हीरालाल महतो महेंद्र महतो जितेंद्र महतो दामोदर महतो राजेश तुरी परमेश्वर महतो गणपत महतो दिनेश महतो मुकेश नायक भुनेश्वर कुमार सलेश कुमार दीपक महतो पंकज महतो सीताराम महतो गोपाल मरांडी फूलचंद मरांडी जितेंद्र महतो प्रदीप रविदास काजल महतो कपिल तुरी देवी अतावा देवी प्रमिला देवी आदि सैकड़ों लोग शामिल थे।

## जलमीनार व नाला निर्माण को सांसद को सौंपा आवेदन

**दुमका।** शहर के सटे सदर प्रखंड के कुरूवा पंचायत के मुनि बाबा कुटिया ग्रामीणों ने जल निकासी के लिए नाला निर्माण एवं पेयजल आपूर्ति के लिए जलमीनार निर्माण को लेकर सोमवार को सांसद नलीन सोरेन को आवेदन सौंपा। ग्रामीणों ने सांसद को बताया कि मुनी बाबा कुटिया के समीप रह रहे दर्जनों लोग पेयजल की समस्या से जूझ रहे है। मुनि बाबा कुटिया के समीप सार्वजनिक शिव-पार्वती मंदिर है। जहां जल निकासी के लिए नाला नहीं होने के कारण प्रवेश द्वार पर जल जमाव की समस्या बनी रहती है। ग्रामीणों ने समस्याओं को लेकर बीडीओ को अवगत कराया। लेकिन बीडीओ द्वारा इस दिशा में कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई। वहीं पूर्व में मंदिर परिसर में प्रस्तावित जलमीनार को स्थानीय दुलाल चंद दत्ता नामक व्यक्ति के विरोध के कारण नहीं बन सका।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज



## छोटा गोविंदपुर के रक्षित ने पावर लिफ्टिंग में जीता गोल्ड

**जमशेदपुर।** झारखंड स्टेट पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा धनबाद में आयोजित दो दिवसीय स्टेट पावरलिफ्टिंग चौम्पियनशिप में जमशेदपुर के छोटा गोविंदपुर, दयाल सिटी निवासी रक्षित झा ने 70 किग्रा वेट कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीता। इससे पहले भी रक्षित ने इसी वर्ष बिहार के सिवान में आयोजित अंतरराज्यीय पावरलिफ्टिंग चौम्पियनशिप में भी गोल्ड मेडल हासिल किया था। उनकी इस उपलब्धि पर उनके परिवार और चाहने वालों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

## ब्रह्मर्षि विकास मंच के पूर्व पदाधिकारी दीनबंधु उपाध्याय का निधन

**जमशेदपुर।** ब्रह्मर्षि विकास मंच जमशेदपुर के पूर्व में रहे वरीय पदाधिकारी टाटा स्टील में बाजार मास्टर के पद पर कार्यरत आदरणीय दिनबंधु उपाध्याय का आज सुबह टाटा मुख्य अस्पताल में निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान रोड नंबर- 04, हरिओम नगर आदित्यपुर से कल दिनांक -27/08/2024, दिन - मंगलवार को सुबह नौ बजे पार्वती घाट के लिए जायेगी।

## मुखी समाज के नेता बबलू मुखी का ट्रेन यात्रा के दौरान निधन



**गम्हरिया।** दक्षिण बिहार एक्सप्रेस में सफर के दौरान सोमवार को मुखी समाज के केंद्रीय सदस्य धतकीडीह निवासी बबलू मुखी का अचानक तबीयत खराब हो जाने से निधन हो गया। समाज के केंद्रीय प्रवक्ता रंजन मुखी ने बताया कि बबलू मुखी टाटानगर से सामाजिक कार्य में शामिल होने राउरकेला जा रहे थे। इसी दौरान गम्हरिया स्टेशन पार करने के बाद अचानक उनकी तबीयत खराब हो गयी। उन्हें सीनी स्टेशन में उतारकर रेलवे अस्पताल ले जाया गया, जहां जांचोपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया गया। उनके निधन पर समाज के सचिव पंचू मुखी, रविशंकर मुखी, सुदर्शन मुखी, नबी कारूवा, शंकर मुखी, मधु मुखी, अश्विनी मुखी समेत अन्य सदस्यों ने शोक प्रकट किया है।

## पोटका : कालिकापुर राधा गोविंद मंदिर में मनी जन्माष्टमी



**पोटका।** पोटका प्रखंड के कालिकापुर स्थित राधा गोविंद मंदिर प्रांगण में भगवान श्री कृष्णा के झूलन यात्रा एवं जन्माष्टमी उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण की विधिवत पूजा अर्चना किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे पोटका के विधायक संजीव सरदार उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण का जन्म भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को हुआ था। आज पूरे देश में जन्माष्टमी का पर्व मनाया जा रहा है। इस दिन भक्त श्रीकृष्ण के लिए व्रत रखते है। मौके पर मंदिर एवं घरों में सजाबट की जाती है और श्रीकृष्ण से जुड़ी झांकिया लगायी जाती है। ऐसी मान्यता है कि जन्मष्टमी पर विधि पूर्वक पूजन करने से घर मे सुख, शांति आती है और सफलता भी मिलती है। वह श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर क्षेत्र के लिए सुख, शांति और समृद्धी की कामना करते है। मौके पर मुखिया बाघराय सोरेन, पंचायत समिति सदस्य दीपक भकत, स्थानीय धनपति भकत, रजनीकांत दास आदि उपस्थित थे।

# आइएसएल 2024-25 के शेड्यूल का ऐलान, 17 सितंबर को जमशेदपुर एफसी का पहला मुकाबला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में फुटबॉल फैंस का इंतजार आखिरकार खत्म हो गया है क्योंकि उनकी पसंदीदा टीम जमशेदपुर एफसी 17 सितंबर को गोवा के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में एफसी गोवा के खिलाफ इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) सीजन 2024-25 की शुरूआत करने के लिए तैयार है।

टीम का पहला घरेलू मैच 21 सितंबर को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में मुंबई सिटी एफसी के खिलाफ होगा, जो इस सीजन में कुल 12 मैचों की मेजबानी करेगा. फैंस फुटबॉल की इस रोमांचक को लाइव देखने के लिए उत्सुक हैं और उम्मीद है कि माहौल काफी रोमांचक होगा. जमशेदपुर एफसी दिसंबर तक कुल

### दिसंबर तक जमशेदपुर एफसी के मैचों का शेड्यूल



- 17 सितंबर: एफसी गोवा बनाम जमशेदपुर एफसी शाम 7:30 बजे जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, गोवा।
- 21 सितंबर: जमशेदपुर एफसी बनाम मुंबई सिटी एफसी शाम 5 बजे जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स
- 28 सितंबर: ओडिशा एफसी बनाम जमशेदपुर एफसी शाम 5 बजे कलिंगा स्टेडियम, भुवनेश्वर
- 05 अक्टूबर: जमशेदपुर एफसी बनाम ईस्ट बंगाल एफसी शाम 5 बजे जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स
- 21 अक्टूबर: जमशेदपुर एफसी बनाम हैदराबाद एफसी शाम 7:30 बजे जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स
- 26 अक्टूबर: नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड एफसी बनाम जमशेदपुर एफसी शाम 5 बजे इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम, गुवाहाटी
- 04 नवंबर: जमशेदपुर एफसी बनाम चेन्नईयिन एफसी जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स शाम 7:30 बजे
- 23 नवंबर: मोहन बागान एसजी बनाम जमशेदपुर एफसी शाम 7:30 बजे विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन, कोलकाता
- 02 दिसंबर: जमशेदपुर एफसी बनाम मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब शाम 7:30 बजे जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

# टाटा स्टील फाउंडेशन और स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक ने मिलाया हाथ

## झारखंड में वाटरशेड परियोजना के क्षेत्र में मिट्टी और जल संसाधनों के संरक्षण का लक्ष्य

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील फाउंडेशन और स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक ने 23 अगस्त, शुक्रवार को झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले के नोआमुंडी ब्लॉक में इंटीग्रेटेड वाटरशेड और जलवायु संरक्षण परियोजना को लागू करने के लिए एक नया सहयोगात्मक प्रयास शुरू किया है। इस पहल का लक्ष्य वाटरशेड परियोजना क्षेत्र में मिट्टी और जल संसाधनों का संरक्षण करना और 15 गांवों के 1500 परिवारों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करना है। यह कार्यक्रम स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक की सस्टेनेबिलिटी पहलों के साथ पूरी तरह से जुड़ा हुआ है, जिसमें एक महत्वाकांक्षी डब्ल्यू.ए.एस.एच.ई कार्यक्रम भी शामिल है। यह कार्यक्रम 11 भारतीय राज्यों में जल संकट और स्वच्छता की चुनौतियों का



एमओयू के दौरान बायें से टाटा स्टील के एमडी एंड सीईओ टीवी नरेंद्रन और स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक की पदाधिकारी करूणा भाटिया।

समाधान करता है। आकांक्षी जिलों पर विशेष ध्यान देते हुए, स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक का उद्देश्य 32 जिलों को सूखा-मुक्त बनाना है और इस पहल के तहत, अब तक 15 लाख से अधिक लोगों तक पहुंच बनाकर, विशेष रूप से महिलाओं के सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है।

झारखंड में यह वाटरशेड मैनेजमेंट कार्यक्रम क्षेत्र में जल प्रबंधन, मिट्टी संरक्षण, और सामुदायिक भागीदारी पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए तैयार है। इन गहन प्रयासों का उद्देश्य परिदृश्य में महत्वपूर्ण बदलाव लाना और स्वच्छ जल और स्वच्छता से संबंधित सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करना है। प्रमुख पहलों में समुदाय को जल संचयन और संरक्षण की विधियों के बारे में जागरूक करना शामिल है, जिससे जल-संरक्षण की विधियों को व्यापक रूप से अपनाया जा सके। मिट्टी संरक्षण के लिए खेत की मेड़, खेत तालाब, ट्रेंच-कम-बंड (टीसीबी), और कंटूर ट्रेंच जैसी तकनीकों का प्रभावी उपयोग किया गया है। इन उपायों से मिट्टी के कटाव को रोकने और जल धारण क्षमता को बढ़ाने में मदद मिली है, जो सूखे के दौरान कृषि कार्यों के लिए एक आवश्यक संसाधन प्रदान करता है।

## पूर्व सांसद सह कांग्रेस नेता डॉ अजय की खुली चुनौती

# भाजपा-सरयू सार्वजनिक मंच पर मुझसे बहस कर लें

खबर मन्त्र ब्यूरो

- अर्जुन मुंडा की आवेदन की कॉपी सार्वजनिक करें सरयू राय



**जमशेदपुर।** पूर्व सांसद और सह कांग्रेस के वरीय नेता डॉ अजय कुमार ने सोमवार को बीजेपी नेताओं और विधायक सरयू राय को चुनौती देते हुए कहा कि वे सार्वजनिक मंच पर मुझसे बहस कर ले, मैं तैयार हूं। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ भुइयांडीह के कल्याण नगर और इंदिरा नगर का ही मामला नहीं है। यह तो महज शुरुआत है। यह बहुत बड़ा मामला है। सरयू राय और बीजेपी के नेताओं ने कल्याणनगर और इंदिरानगर के लोगों को धोखा दिया है।

डॉ अजय ने कहा कि शुरुआत में तो बीजेपी और सरयू राय यह स्वीकार ही नहीं कर थे कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) में अर्जुन मुंडा ने ही शिकायत दर्ज करायी है, और मुझ पर ही झुठ बोलने का आरोप लगाया था। जब मैंने एनजीटी कोर्ट आर्डर की कॉपी सार्वजनिक की तब सरयू राय और बीजेपी ने स्वीकार किया कि अर्जुन मुंडा ने ही एनजीटी में शिकायत की थी। लेकिन कल्याणनगर और इंदिरानगर के लिए शिकायत नहीं किया था तो उन्हें यह बताना चाहिए कि किस कारण से और किसको फायदा पहुंचाने के लिए यह शिकायत किया गया था। अभी भी बीजेपी और सरयू राय लोगों को गुमराह कर रहे हैं। मैं उन्हें खुली चुनौती देता हूं कि वो सार्वजनिक मंच पर मुझसे बहस करले, मैं सभी कागजात पेश कर दूंगा की इस मामले में बीजेपी नेता अर्जुन मुंडा का ही हाथ है। पूरे मामले की जानकारी सरयू राय को थी लेकिन सरयू राय ने अपने परम मित्र बीजेपी नेता अर्जुन मुंडा को बचाने और अपनी राजनीति सत्ता के लिए सैंकड़ों गरीबों लोगों को धोखा देने का काम किया। सरयू राय क्यों नहीं अर्जुन मुंडा द्वारा एनजीटी में की गई आवेदन की कॉपी सार्वजनिक कर रहे हैं। उन्हें क्या डर सता रहा है। डॉ. अजय ने कहा कि यह केवल कल्याणनगर और इंदिरानगर की बात नहीं, बल्कि जमशेदपुर में नदी किनारे बसे सभी बस्तियों और बड़ी इमारतों को हटाने के लिए आवेदन किया गया था।

# सर दोराबजी टाटा : जिन्होंने आधुनिक भारत की नींव रखी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** इतिहास में अक्सर चर्चित व्यक्तियों के नाम ही सुर्खियों में रहते हैं, लेकिन उन समर्पित लोगों को कम ही याद किया जाता है, जो पर्दे के पीछे रहकर अद्वितीय कार्य करते हैं। सर दोराबजी टाटा भी ऐसे ही एक महान व्यक्ति थे, जिनकी दूरदर्शिता ने उनके पिता के मजबूत और समृद्ध भारत के सपने को साकार किया। उन्होंने ईंट-ईंट और इस्पात-इस्पात जोड़कर आधुनिक भारत की नींव रखी।

सर दोराबजी केवल एक व्यवसायी नहीं थे, बल्कि वे एक समर्पित देशभक्त भी थे, जो आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में दृढ़ विश्वास रखते थे। उन्होंने चुनौतीपूर्ण छोटानागपुर इलाके में भारत के पहले इस्पात संयंत्र की स्थापना का नेतृत्व किया, जो देश की औद्योगिक यात्रा की शुरूआत थी। इसके साथ ही, उन्होंने दुर्गम पश्चिमी घाट में जलविद्युत संयंत्रों के निर्माण की भी अगुवाई की, जिससे देश को ऊर्जा और विकास की नई दिशा मिली। उनके नेतृत्व ने टाटा आयरन एंड स्टील कंपनी (अब टाटा स्टील) की स्थापना के सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी देखरेख में कंपनी ने 2,90,000 टन इस्पात का उत्पादन किया, जो प्रथम विश्व युद्ध के दौरान मित्र राष्ट्रों के युद्ध प्रयासों में बेहद अहम साबित हुआ। इस उल्लेखनीय योगदान के सम्मान में, ब्रिटिश सरकार ने लौह नगरी का नाम साकची से बदलकर जमशेदपुर रखा, जो सर दोराबजी की दूरदृष्टि और विरासत को श्रद्धांजलि है। लेकिन सर दोराबजी सिर्फ इस्पात और बिजली तक सीमित नहीं थे। वे एक गहरे संवेदनशील और सामाजिक रूप से जिम्मेदार व्यक्ति थे। अपने पिता के सिद्धांतों का पालन करते हुए, उन्होंने कर्मचारियों के कल्याण के लिए जोरदार पैरवी की।

## एक नजर में

### दयाल सिटी छोटा गोविंदपुर में भूमि पूजन संपन्न



**जमशेदपुर।** हर साल की तरह इस वर्ष भी दयाल सिटी, छोटा गोविंदपुर में दुर्गा पूजा को हर्ष और उल्लास के साथ मनाने के लिए सोमवार को पूजा पंडाल निर्माण हेतु भूमि पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दयाल सिटी के कई निवासियों के साथ पूजा कमेटी के अध्यक्ष रामनवमी सिंह, महासचिव डॉ रोशन झा, कोषाध्यक्ष बबलू सिंह और अन्य पदाधिकारी व सदस्य शामिल हुए। सभी ने पूजा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और भव्य तरीके से मनाने का संकल्प लिया। इसमें साहब सिंह भाटिया, ललन शाह, राजीव चाचरा, एमके सिंह, मंटू सिंह, रंजन सिंह, प्रेम प्रकाश सिन्हा, मृत्युंजय प्रताप सिंह, राजीव सिंह, अनिल गुप्ता, राकेश मिश्रा, एके सिंह, बलराम सिंह, विकास वर्मा आदि मौजूद थे।

### विद्या भारती चिन्मया में मनी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



**जमशेदपुर।** टेल्को स्थित विद्या भारती चिन्मय विद्यालय में सोमवार 26 अगस्त को कृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव मनाया गया। मौके पर विशेष पूजा अनुष्ठान किया गया। अनुष्ठान का शुभारंभ प्रार्थना के साथ हुआ। इसके उपरांत गीता ध्यानम्, कृष्ण शतनामावली का पाठ तथा श्रीमद्भगवद् गीता के 12वें अध्याय का पाठ किया गया। इसके बाद कृष्ण भजन, हवन, आरती, शांति पाठ एवं प्रसाद वितरण के साथ अनुष्ठान विशेष समापन हुआ। अवसर विशेष पर विद्यालय के नन्हे बालक बालिकाएं बालकृष्ण एवं नन्ही राधिका की रूप सज्जा के साथ दिखे। चौथी से सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने इस विशेष अवसर को रेखांकित करने के लिए शंखनाद गतिविधियों के अंतर्गत कृष्ण मुकुट निर्माण एवं सज्जा, कृष्ण बांसुरी सज्जा, कृष्ण झूला निर्माण एवं सज्जा तथा माखन मटकी सज्जा आदि प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव विष्णु चंद्र दीक्षित ने कृष्ण जन्माष्टमी पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। विद्यालय प्राचार्या मीना विल्खू के अनुसार जगद्गुरु श्री कृष्ण मानव के सर्वश्रेष्ठ मार्गदर्शक एवं प्रेरणा हैं तथा कृष्ण का गीतोपदेश विद्यार्थी जीवन के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण है; अतः विद्यालय दैनिक रूप से विद्यार्थियों द्वारा श्रीमद्भगवद् गीता के पाठ पर बल देता है।

### साईं देवस्थानम् में धूमधाम से मनी जन्माष्टमी



**जमशेदपुर।** साईं परिवार विश्व सेवा संस्थान, जमशेदपुर के तत्वाधान में श्री कृष्णा जन्माष्टमी धूमधाम से मनाया गया। पूजन में श्री गणेश वंदना से पूजन का प्रारंभ हुआ तत्पश्चात नवग्रह पूजन, नवग्रह हवन, कृष्णा पंचामृत अभिषेक, श्री कृष्णा स्तोत्र पाठ, श्री कृष्णा पुष्पार्चनं, श्री कृष्णा प्राकट्य आरती, दिव्य अभिषेक, दिव्य श्रृंगार, दिव्य आरती जैसे वभिन्न अनुष्ठान के साथ पूजन का समापन हुआ। जन्माष्टमी पूजन अनुष्ठान यजमान चंद्रशेखर सिंह सपत्नीक रीना सिंह की उपस्थिति में हुआ। संपूर्ण पूजन अनुष्ठान पंडित नंदलाला मिश्र एवं पंडित सुजीत पाठक की देखरेख में हुआ। झूलन सेवा समापन के बाद भगवन श्री कृष्ण की भव्य आरती की गयी एवं भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर श्री शिवालय में श्री राधे कृष्ण के दरबार को विशेष रूप से सजाया गया था।

### आरवीएस अकादमी में हर्षोल्लास मनी जन्माष्टमी



**जमशेदपुर।** आरवीएस अकादमी, डिमना रोड, मानगो, जमशेदपुर में सोमवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का उल्लासपूर्ण और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध उत्सव मनाया गया। प्री-प्राइमरी के छोटे बच्चों ने छोटे कृष्ण और राधा के रूप में सजे हुए, विद्यालय परिसर को वृंदावन जैसा बना दिया। बाल गोपाल के साथ सुंदर रूप से सजाये गये कृष्ण झूले ने मुख्य आकर्षण के रूप में कार्य किया, जो इस उत्सव की दिव्य उपस्थिति और उत्सव के माहौल का प्रतीक था। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के चेयरमैन श्री बिन्दा सिंह जी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। अपने उद्घाटन भाषण में, श्री बिन्दा सिंह जी ने इस सुंदर और सार्थक उत्सव को आयोजित करने में छात्रों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा, आज हमारे युवा शिक्षार्थियों द्वारा दिखाए गए समर्पण और रचनात्मकता वास्तव में सराहनीय है। मौके पर प्रधानाचार्या वीशा मोहिंद्रा, उप प्रधानाचार्या अनीता तिवारी, शिक्षक, छात्र भी उपस्थित थे। प्रधानाचार्या ने स्कूलों में सांस्कृतिक उत्सवों के महत्व पर जोर दिया, जो हमारे समृद्ध विरासत को संरक्षित करने और छात्रों में एकता और भक्ति की भावना को बढ़ावा देने का माध्यम होते हैं।

### माई किड्स में धूमधाम से मनी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



**जमशेदपुर।** डॉ मनोहर लाल गोयल - श्रीनिवास केडिया ट्रस्ट के तत्वाधान में माई किड्स स्कूल में जन्माष्टमी मनाया गया। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर बच्चों ने भव्य व आकर्षण तरीके से भगवान श्रीकृष्ण की लीला प्रस्तुत की। कृष्ण व राधा के रूप में सजे बच्चों को देखकर लग रहा था मानों सचमुच कृष्ण व राधा इस धरती पर उतर आये है। इस पावन अवसर पर छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ मटकी फोड़ प्रतियोगिता में भाग लिया। स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मटकी फोड़ समेत विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल में बच्चों ने मटकी फोड़ी और एक-दूसरे को माखन-मिश्री खिलाई। इस मौके पर विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों ने श्रीकृष्ण व राधा बनकर झांकियां प्रस्तुत की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्कूल की प्राचार्य, ईशा गोयल, स्कूल के शिक्षिकाओं और कर्मचारियों का योगदान था।

# सरयू ने लगाये 11 पौधे



खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर, केबुल टाउन परिसर में अशोक के 11 पौधे लगाये। इस पावन मौके पर स्वर्णरेखा ट्रस्ट विकास क्षेत्र के मुख्य ट्रस्टी अशोक गोयल, कैलाश अग्रवाल, अमित राय, इंद्रजीत सिंह, असीम पाठक, साकेत गौतम, पीएन मिश्रा, अर्पिता अन्नू, सुधीर सिंह आदि मौजूद थे।

# कांग्रेसियों ने फूंका अर्जुन मुंडा और सरयू राय का पुतला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सोमवार को पूर्वी सिंहभूम कांग्रेस के कार्यकारी जिलाध्यक्ष (नगर) धर्मेन्द्र सोनकर के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकताओं ने भुइंयाडीह स्थित कल्याणनगर, छायानगर एवं इंदिरानगर में बसे तकरीबन 150 घरों को तोड़ने के नोटिस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करतें हुये साक्ची गोलचक्कर पर जमशेदपुर पूर्वी के निवर्तमान विधायक सरयू राय एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का पुतला दहन किया। विदित हो कि विगत शनिवार



साकची गोलचक्कर पर पुतला फूंकते कांग्रेसी।

को जमशेदपुर के पूर्व सांसद एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ अजय कुमार ने परिसदन में प्रेस कांफ्रेंस यह रहस्योद्घाटन किया था कि संबंधित क्षेत्रों के 150 घरों के खिलाफ 30 अगस्त, 2023 को राष्ट्रिय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) में अवैध अतिक्रमण की पहली शिकायत करने वाले कोई और नहीं बल्कि भाजपा के तत्कालीन जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री एवं स्थानीय विधायक सरयू राय के अनन्य मित्र अर्जुन मुंडा ही थे।

# आठ सितंबर को गम्हरिया में होगा राजद का कार्यकर्ता सम्मेलन: पुरेंद्र

खबर मन्त्र संवाददाता



**जमशेदपुर/गम्हरिया।** राष्ट्रीय जनता दल की एक बैठक आदित्यपुर स्थित राज प्रभा होटल में प्रदेश महासचिव वीरेंद्र यादव की अध्यक्षता में हुई। जिसमें सर्वसम्मति से राजद कार्यकर्ता सम्मेलन 8 सितंबर को गम्हरिया स्थित श्रीराम डिवाइन अकैडमी में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कार्यकर्ता सम्मेलन के प्रचार प्रसार हेतु आदित्यपुर गम्हरिया क्षेत्र में 20 बड़े बैनर और होर्डिंग लगाये जायेंगे। बैठक में राजद के प्रदेश महासचिव सह प्रभारी पूर्वी से पुरेंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में नव मनोनीत प्रदेश महासचिव शिक्षाविद श्रीराम यादव का बुके देकर एवं अंग वस्त्र प्रदान कर स्वागत किया गया। अपने संबोधन में पुरेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि कोल्हान क्षेत्र के प्रसिद्ध शिक्षाविद श्रीराम यादव के पार्टी संगठन में जुड़ने से आदित्यपुर- गम्हरिया सहित पूरे जिले में राष्ट्रीय जनता दल मजबूत होगा।

# समाजसेवी शिव शंकर सिंह ने किया खेल सामग्री वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में खेल प्रतिभा की कमी नहीं है, परंतु खिलाड़ी जरूरी खेल संसाधन के आभाव के कारण अपनी प्रतिभा नहीं दिखा पाते है। इसे देखते हुए युवा प्रतिभावान खिलाड़ियों की मदद की जा रही है। यह बातें भाजपा नेता सह कोशिश संस्था के संरक्षक तथा क्रीड़ा भारती झारखंड प्रांत के उपाध्यक्ष शिव शंकर सिंह ने केबुल हरिजन बस्ती में खिलाड़ियों के बीच खेल सामग्री का वितरण करने के दौरान कही। ज्ञात हो कि समाजसेवी शिव शंकर सिंह द्वारा लगातार खेल को बढ़ावा दिया जा रहा है। साथ ही, विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर एवं आम जनता से सीधे संवाद कर जनहित से जुड़ी समस्याओं के समाधान का लगातार प्रयास किया जा रहा है।

# जेल में जन्मे भगवान कृष्ण माया से प्रेरित होकर पहुंचे गोकुल धाम : हिमांशु महाराज

- भागवत कथा में महाराज ने भगवान श्री राम और श्री कृष्ण की लीलाओं का किया वर्णन
- बिष्टुपुर सत्यनारायण मारवाड़ी मंदिर में भागवत कथा का चौथा दिन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर सत्यनारायण मारवाड़ी मंदिर में चल रहे भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन सोमवार को भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथा वाचक हिमांशु महाराज ने व्यासपीठ से श्री राम और श्री कृष्ण जन्मोत्सव कथा के प्रसंग का व्याख्यान करते हुए कहा कि भगवान कृष्ण का जन्म जेल में हुआ था। फिर भी वे माया से प्रेरित होकर गोकूल पहुंच गए। उन्होंने भगवान कृष्ण की लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान मनुष्य योनी में जन्म लेकर दुःख में भी सुखी जीवन जीने की सीख देते है। भगवान अंतयार्मी असीम शक्ति के पूंज है। लेकिन उन्होंने अधर्म का नाश और धर्म की पुनः स्थापना के लिए श्रीकृष्ण और श्रीराम सहित दशावतार धारण किए। उन्होंने गृहस्थ में रह कर सदाचार, परोपकार और सत्य के आधार पर जीवन जीने तथा सत्संग के जरिए सर्वव्यापी ईश्वर का नाम स्मरण करने की सलाह दी। मनुष्य के पास



प्रदर्शन के दौरान झांकी का दृश्य।

थोडा सा धन आने के बाद वह अभिमानी बन जाता है, जो नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवत स्मरण धर्म, अर्थ, काम मोक्ष प्राप्ति का सरलतम मार्ग है। भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को समझाया था कि कर्म थोड़ा दुखदायी होता है लेकिन बिना कर्म किये सुख की प्राप्ति भी नहीं हो सकती। अगर कर्म का उद्देश्य पवित्र व शुभ हो तो वही कर्म सत्कर्म बन जाता है।

**बाल गोपाल के गीत पर झूमे श्रद्धालुः** महाराज जी ने कृष्ण जन्मोत्सव पर नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की एवं गोविंद बोलो हरि गोपाल बोलो गीत पर भक्त जमकर झूमे। भागवत कथा के बाद रात 09 से 12 बजे तक महाराज के साथ मथुरा से आये संगीतकारों ने भगवान के भजन प्रस्तुत किये। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर लडडु गोपाल को विभिन्न प्रकार की मिठाइयों व मेवे का भोग लगाया गया और कार्यक्रम स्थल पर मौजूद श्रद्धालुओं को माखन मिश्री व मिष्ठान का प्रसाद वितरण किया गया। इसी के साथ कथावाचक ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओ में माखन चुराने व गोपियों के संग रास रचाने एवं बांसुरी की धुन पर सम्मोहित करने का वर्णन किया।

चौथे दिन श्याम सुंदर अनील सोंथालिया, विश्वनाथ सोंथालिया, स्नेहा-अभिषेक सोंथालिया, बनवारी लाल सोंथालिया, बिनोद रमेश सोंथालिया, बैजनाथ अग्रवाल उपस्थित थे।

# गुपचुप तरीके से सनातन धर्म को क्षति पहुंचाये जाने का किया जा रहा षड्यंत्र : विनोद प्रसाद

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** कहा गया है कि जब रक्षक ही भक्षक बन जाए तो फिर कौन बचाए यही कहावत झारखंड में चरितार्थ हो रही है। यहां सनातन धर्म को मिटाने के लिए सरकारी स्तर पर गोपनीय रूप से प्रयास किया जा रहा है। कांडी पंचायत के पूर्व मुखिया एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विनोद प्रसाद ने कहा कि सनातन धर्म को क्षति पहुंचने का झारखंड में सुनियोजित प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देव भाषा संस्कृत में ही अधिकांश वेद, शास्त्र, ग्रंथ, उपनिषद, उपवेद, वाल्मीकि कृत रामायण आदि लिखे गए हैं। इतना ही नहीं भारत की राष्ट्रभाषा हिंदी की भी जननी संस्कृत ही है। लेकिन सरकारी स्तर पर संस्कृत के साथ क्या किया जा रहा है। वह एक बड़े उदाहरण से पूरी तरह स्पष्ट हो जाएगा। भाजपा नेता ने कहा कि झारखंड के उच्च विद्यालयों में नवीं एवं दसवीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्रों को इस वर्ष अभी तक संस्कृत की पुस्तक नहीं दी गई है। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि और सभी किताबों के लिए संसाधन उपलब्ध था। किताबें छप गईं। उनकी सप्लाई भी हो गई। लेकिन संस्कृत में ऐसी क्या दिक्कत थी कि संस्कृत की किताब अभी तक बच्चे बच्चियों को नहीं दी गई। इसका मतलब साफ है कि सनातन धर्म को क्षति पहुंचाने के लिए संस्कृत के किताबों का वितरण नहीं किया गया है। नतीजा है कि संस्कृत की पढ़ाई बंद है। जिसका परिणाम होगा कि संस्कृत भाषा का ज्ञान नहीं होने के कारण छात्र छात्राओं को आगे चलकर सनातन धर्म से जुड़ी जानकारी नहीं हो पाएगी। इसके साथ ही वे वैदिक शिक्षा से भी वंचित रहेंगे। जानबूझकर यह सुनियोजित प्रयास किया जा रहा है कि सनातन धर्म को हानि पहुंचाई जा सके। विनोद प्रसाद शनिवार को राजकीय कृत जमा दो उच्च विद्यालय कांडी में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक के आयोजन की जानकारी होने पर उस विद्यालय में इसी उद्देश्य से गए थे और उन्होंने संस्कृत की पुस्तक नहीं मिलने से सनातन धर्म को क्षति पहुंचाए जाने के षड्यंत्र को बैठक के प्रस्ताव में शामिल कराया। इसके साथ ही राजकीय कृत शंकर प्रताप देव उच्च विद्यालय हरिहरपुर, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कांडी, पीएम श्री उच्च विद्यालय लमारी कला, अपग्रेड उच्च विद्यालय बरवाडीह सहित कई स्कूलों में पता किया। लेकिन कहीं भी वर्ग 9 एवं 10 के छात्र-छात्राओं के लिए संस्कृत पुस्तक की इस वर्ष आपूर्ति ही नहीं की गई है। इसके पीछे बहुत बड़ा षड्यंत्र काम कर रहा है। दुखद बात है कि इस ओर से तमाम जनप्रतिनिधि भी उदासीन है। विनोद प्रसाद ने केंद्र सरकार से मांग करते हुए कहा है कि जितना जल्दी हो सके झारखंड के कक्षा 9 एवं 10 के विद्यार्थियों के लिए संस्कृत की पुस्तक की आपूर्ति करें। विनोद प्रसाद ने प्रेस से बात करते हुए कहा कि यह बहुत बड़ा षड्यंत्र है। जिसका वह सभी स्तरों पर पदार्फाश करके रहेंगे।


विनोद प्रसाद।

## स्पीड न्यूज

### वाहन चेकिंग के दौरान दर्जनों मोटरसाइकिल जप्त

**मझिआंव।** एसपी दीपक कुमार के निर्देश पर थाना क्षेत्र अंतर्गत ब्लॉक मोड सहित विभिन्न चौराहों पर थाना प्रभारी आकाश कुमार के नेतृत्व में एंटी क्राइम के तहत विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस वाहन चेकिंग में दर्जनों दोपहिया वाहनों को पकड़ कर जप्त किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि एसपी एवं वरीय पुलिस पदाधिकारी के निदेर्शानुसार थाना क्षेत्र में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें दस मोटरसाइकिल को पकड़ा गया। सभी वाहनों को जप्त करते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी को सूचित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान बिना हेलमेट, नाबालिग चालक, बिना वाहन कागजात एवं ट्रिपल लोड चल रहे मोटरसाइकिल सवारियों पर विशेष नजर रखी गई। साथ ही थाना प्रभारी ने कहा कि इस तरह से निरंतर वाहन जांच अभियान चलता रहेगा और अनियमितता से चल रहे वाहन चालकों के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वाहन जांच के दौरान थाना के कई पुलिस पदाधिकारी के साथ सशस्त्र पुलिस बल जवान शामिल थे।

### बक्सर में युवक का शव बरामद

**बक्सर।** बिहार में बक्सर जिले के राजपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने सोमवार को एक युवक का शव बरामद किया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि तियरा बहुआरा मुख्य सड़क मार्ग पर पानी भरे गड्ढे से एक युवक का शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान तियरा गांव निवासी राधेश्याम सिंह के पुत्र अंकित कुमार मौर्य के रूप में की गयी है। युवक तीन दिन पूर्व अपने कुछ दोस्तों के साथ घर से गया था और इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा। 24 अगस्त को मृतक के पिता ने थाने में अंकित के गायब होने की प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

### गया से हथियार के साथ तस्कर गिरफ्तार

**पटना/गया।** बिहार के गया जिला का हथियार तस्कर सौरव कुमार एवं उसका सहयोगी अपराधी अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है। बिहार एसटीएफ की विशेष टीम एवं गया पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में सोमवार को गया जिला का हथियार तस्कर सौरव कुमार तथा राणा अविनाश सिंह को वजीरगंज (गया) थाना क्षेत्र से छापामारी कर गिरफ्तार किया।

## बीडीओ के साथ मारपीट

खबर मन्त्र संवाददाता


बीडीओ नंदजी राम।

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर से पांच दिवसीय प्रशिक्षण में भाग लेने रांची जाने के क्रम में खरौंधी मोड़ के समीप दो अज्ञात युवकों द्वारा बीडीओ नंदजी राम को थप्पड़ से पिटाई किये जाने का मामला सामने आया है। इसकी जानकारी मिलने पर मामले की गंभीरता को देख थाना प्रभारी कृष्ण कुमार सशस्त्र बल के साथ खरौंधी मोड़ पहुंचे तथा घटना की जानकारी बीडीओ से लेते हुए आरोपी युवक की धर पकड़ के लिए पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार बीडीओ सोमवार के दोपहर पांच दिवसीय प्रशिक्षण में भाग लेने रांची के लिए अपने निजी वाहन से निकले थे, तभी खरौंधी मोड़ के समीप जाम में वें फंस गए जैसे ही वे जाम हटवाने के लिए अपनी वाहन से नीचे उतरे शराब के नशे में धुत दो टेंपो चालक युवक किसी बात को लेकर बीडीओ से उलझ गए, देखते देखते उक्त दोनों युवक हमलावर हो गए और बीडीओ नंदजी राम को थप्पड़ से पिटाई चालू कर दी। आस पास के लोगो द्वारा किसी तरह बीच बचाव कर हमलावर दोनो टेंपो चालक युवक से बीडीओ को बचाया। समाचार लिखे जाने तक मारपीट की घटना को लेकर बीडीओ द्वारा थाने में लिखित आवेदन नही दी है।

## ओबीसी एकता अधिकार मंच की जनसभा में अति पिछड़ों से एकजुट होने का आह्वान

खबर मन्त्र संवाददाता


जनसभा में उपस्थित लोग।

**गढ़वा।** ओबीसी एकता अधिकार मंच अतिपिछड़े समाज के आरक्षण में की गई सेंधमारी को लेकर लगातार धरना-प्रदर्शन और न्याय रथ यात्रा निकाल कर लोगों से जनसंवाद कर इसे व्यापक अभियान में तब्दील करने का प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में बिश्रामपुर-मझिआंव विधानसभा क्षेत्र के बरडीहा प्रखंड के ओबरा पंचायत के लोका गांव में रथयात्रा निकाली गयी। इस दौरान एक जनसभा आयोजित की गई। जनसभा में मंच के केंद्रीय सदस्य आनंद विश्वकर्मा और अमर प्रसाद ने संयुक्त रूप से कहा कि ओबीसी समाज के लोगों से जनसंवाद के जरिए अपने हक एवं अधिकारों के लिए एकजुट होने का आह्वान किया जा रहा है। नेताओं ने कहा कि अतिपिछड़ों के साथ सदियों से केंद्र और राज्य सरकारों ने हमें अपने संवैधानिक अधिकार से वंचित करने का कुत्सित किया गया है, इसलिए सरकार के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी। मंच के नेताओं ने कहा कि हमारे मंच के अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ओबीसी समाज को एकसूत्र में पिरोने का प्रयास कर रहे हैं, इसलिए हमें एकजुटता दिखाकर अध्यक्ष के हाथों को मजबूत करना है। समाज में अलख जगाने के लिए हमारे नेतृत्वकर्ता जी-जान से जुटे हुए हैं। हमें एकता प्रदर्शित कर सरकार के नापाक मंसूबों को नाकाम करना होगा। यह समय की मांग है। हम अगर ब्रह्मदेव प्रसाद के नेतृत्व को मजबूती प्रदान उन्हें विधानसभा में भेजेंगे तो, सदन में हमारी आवाज गूंजेगी। मौके पर शिवनारायण गुप्ता, वरुण कुमार, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, अजय यादव, अशोक विश्वकर्मा, अरविंद बैठा, करण कुमार पासवान, विकास यादव आदि उपस्थित थे।

## सीएस ने भवनाथपुर एवं केतार प्रखंड का लिया जायजा

खबर मन्त्र संवाददाता


जानकारी लेते सीएस।

**भवनाथपुर।** पल्स पोलियों अभियान के दुसरे दिन गढ़वा सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार ने भवनाथपुर और केतार प्रखण्ड का जायजा लिया। इस दौरान सीएस से छह माह से बंद पड़े एक्स-रे मसीन के बारे में पूछे जाने पर बताया कि टेक्नीशियन से बात हुई है। अगस्त माह के अंत तक गढ़वा जिला में क्रय किए गए तीनों मशीन को चालू कर लिया जाएगा। वहीं जर्जर भवन के बारे में पूछे जाने पर बताया कि मुझे भी इसकी जानकारी नहीं थी, जानकारी मिलते हीं मैने भी संबंधित विभाग के उच्च अधिकारी को पत्राचार किया है कि नया भवन बनाया जाए। भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने एक दर्जन बिना लाइसेंस के जांच घर, हॉलसेल दावा दुकान के जगह खुदरा बिक्री, प्रखण्ड के अंतर्गत 50-60 छोला छाप चिकित्सक वे धड़क इलाज कर रहे जिस से आए दिन गलत जांच रिपोर्ट एवम गलत इलाज हो रहा है। सीएस ने कहा कि चिकित्सा प्रभारी को आदेश दिया गया है जो इस तरह के दुकान चला रहे है जांच कर कार्रवाई करे। मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉ दिनेश सिंह, संजय कुमार, लेखापाल प्रदीप पाठक, लिपिक अरुण लकड़ा, डीपीआर रोहित सिंह, सुनील पटेल, अनूप गुप्ता, चंद्रशेखर यादव, अनूज कुमार गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में दो घायल



**भवनाथपुर।** भवनाथपुर-श्री बंशीधर नगर मुख्य पथ के कड़िया धाम के समीप बीती रात्रि बाइक अनियंत्रित होकर पलटने से उस पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे राहगीर मकरी बरवाबांध निवासी विनोद यादव और सुजीत राम के सहयोग से एक ऑटो से भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां सीएचओ सुभाष कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए दोनो लोगों की गढ़वा रेफर कर दिया गया। घायलों में खरौधी चोरिया निवासी अखिलेश पटेल पिता नागेंद्र चौधरी, अनूप कुमार पिता उमेश बैठा का नाम शामिल है। घटना के संबंध में पीड़ित ने बताया कि श्री बंशीधर नगर से बाइक से अपने घर खरौधी वापस आ रहा था कि कड़िया धाम तीखा मोड़ पर बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना की सूचना मिलते ही भवनाथपुर थाना पुलिस के एसआई दिनेश कुमार सिंह के द्वारा पीड़ित से जानकारी प्राप्त किया।

## मां की डांट से बेटी ने की आत्महत्या

**भागलपुर।** जिले के बरारी थाना क्षेत्र के बंगला कोठी के समीप रहने वाली एक 14 वर्षीय बालिका ज्योति कुमारी ने पंखे से लटक कर आत्महत्या कर लिया है। उधर घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची बरारी पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के पिता का कहना है कि रविवार की रात में घर का बर्तन साफ करने को लेकर मां के द्वारा बेटी को डांटा गया था। उसी रात में सभी लोग खाना खाकर सो गए। सुबह जब मैंने बेटी का कमरा खुलवाने का प्रयास किया तब कमरा नहीं खुला। इसके बाद वेंटिलेटर से देखा गया तो ज्योति पंखे से लटकी हुई थी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। वहीं पुलिस के आने के बाद दरवाजा को तोड़ा गया और शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पिता का कहना है की बेटी के साथ कोई मारपीट नहीं की गई थी।

## विधायक जनता के द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन, सुनी समस्याएं

खबर मन्त्र संवाददाता



**नवादा।** नवादा विधानसभा क्षेत्र के विधायक विभा देवी ने सोमवार को अपने विधानसभा क्षेत्र में 'आपके विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम का आगाज नारदीगंज प्रखण्ड के कोशला पंचायत अंतर्गत भभनौली गाँव से किया। विधायक ने पंचायत के भभनौली, कोशला और फतेहपुर गाँव का सघन दौरा कर ग्रामीणों से विचार विमर्श किया और जनोपयोगी विकास योजनाओं को चिन्हित किया। इसी क्रम में ग्रामीणों की शिकायत पर बिजली ट्रांसफॉर्मर, आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा आदि से संबंधित मांगों का संज्ञान लेते हुए विभागीय पत्राचार एवं टेलीफोन वार्ता प्रारंभ किया गया। खासकर भूमिहीनों को जमीन और आवासीय सुविधा, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, नाली गली सोलिंग आदि के कई मामले सामने आये जिनके निपटारे हेतु आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन लाभुकों को दिया गया।

इस संबंध में विधायक ने विभागीय अधिकारीयों से टेलीफोन पर वार्ता कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इन दौरों के संबंध में विधायक विभा देवी ने बताया कि क्षेत्र में लगातार गांवों का दौरा कर वहां विकास योजनाओं को चिन्हित किया जायगा और विधायक मद् समेत अन्य स्त्रोतों से आवंटन करवाकर जनाकांक्षाओं की पूर्ति की जायगी।

मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा कुमारी ने भी क्षेत्र के विकास के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। काफिले के साथ शम्भु मालाकार, छोटे यादव, बुलेटन सिंह समेत नारदीगंज प्रखण्ड के कई सामाजिक कार्यकर्ता शामिल रहे जबकि जिला मुख्यालय से अनिल प्रसाद सिंह, सुरेन्द्र यादव, विवेक कुमार, अजय यादव, मनोज यादव, शकल, झमन मुखिया आदि नेताओं ने सिरकत किया।

## मोतिहारी की बेबी कुमारी ने खेलो इंडिया महिला साइक्लिंग लीग में जीता कांस्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**पूर्वी चंपारण।** साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ बिहार के देखरेख में पटना में आयोजित हुई अस्मिता खेलो इंडिया महिला रोड साइक्लिंग ईस्ट जोन लीग में मोतिहारी की बेबी कुमारी ने कांस्य पदक जीता हैं।

दो दिवसीय (24-25 अगस्त) लीग के पहले दिन सीनियर वर्ग के इंडिविजुअल टाइम ट्रायल इवेंट में बिहार के तरफ से खेलते हुए बेबी ने तीसरा स्थान हासिल करते हुए कांस्य पदक अपने नाम कर बिहार के लिए पहला मेडल जीता। जबकि जूनियर वर्ग के इंडिविजुअल टाइम ट्रायल इवेंट में मोतिहारी की खिलाड़ी अप्पी कुमारी ने टॉप टेन में जगह बनाते हुए 8वां व प्रियांशु कुमारी ने 9वां, सब जूनियर वर्ग में मोतिहारी की सुप्रिया कुमारी ने 9वां, शालिनी कुमारी ने 10वां स्थान हासिल किया।

लीग के दूसरे दिन मास स्टार्ट इवेंट में बेबी कुमारी को चौथे स्थान पर संतोष करना पड़ा। जबकि जूनियर वर्ग के मास स्टार्ट इवेंट में अप्पी ने 7वां स्थान हासिल किया। लीग में मेजबान बिहार के अलावा उत्तर प्रदेश, झारखंड, असम, ओड़िसा की दिग्गज खिलाड़ियों ने भाग लिया। इनमें अधिकांश खिलाड़ी देश के टॉप साईं सेंटर से प्रशिक्षण लेने वाली खिलाड़ी शामिल थीं। इन खिलाड़ियों को टक्कर देते हुए मोतिहारी की आधा दर्जन खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।




लीग में जिला साइक्लिंग संघ की 15 खिलाड़ी शामिल हुई। टीम कोच के रूप में जिला साइक्लिंग संघ के सचिव सिद्धार्थ वर्मा व मैनेजर के रूप में संघ के संयुक्त सचिव अशोक मेहरा शामिल रहे। सचिव सिद्धार्थ वर्मा ने बताया कि बेबी ने एकबार फिर से मेडल जीतकर जिला व राज्य का सम्मान बढ़ाया हैं।बेबी ने 2022 में झारखंड के गिरीडीह में आयोजित लीग के दोनों इवेंट में गोल्ड व बिहार में आयोजित लीग के दोनों इवेंट में सिल्वर मेडल व 2024 में पश्चिम बंगाल के कोलकाता में आयोजित लीग के दोनों इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीत चुकी हैं। जिला साइक्लिंग संघ के अध्यक्ष डॉक्टर अतुल कुमार, मुख्य संरक्षक व मधुबन सेंट्रल स्कूल के निदेशक रणवीर सिंह, संरक्षक व एसएनएस विद्यापीठ के चेयरमैन आलोक शर्मा, संरक्षक में क्रमशः अरविंद कुमार, राजेश कुमार, नीरज शर्मा व राजेश गुप्ता, उपाध्यक्ष शैलेन्द्र मिश्र बाबा, तकनीकी निदेशक मनीष रंजन, संयुक्त सचिव अशोक मेहरा, कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार, सदस्य मनीष कुमार सहित संघ के सभी सदस्यों ने मेडलिस्ट खिलाड़ी को बधाई देते हुए बेहतर प्रदर्शन करनेवाली सभी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया हैं।

## खबर एक नजर में

### गोपालगंज में चार युवक गंडक नदी में डूबे

**गोपालगंज।** बिहार के गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र में सोमवार को चार युवक गंडक नदी में डूब गये। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि जादोपुर मटियारी गांव निवासी शिक्षक नवलेश कुमार सिंह की माता का निधन हो गया था। आज दसकर्म के अवसर पर परिवार के लोग मुंजा गांव में गंडक नदी के घाट पर मुंडन कराने के लिए पहुंचे हुए थे। मुंडन कराने के बाद गंडक नदी में नहाने के दौरान 18 वर्षीय सुजीत कुमार डूबने लगा।सुजीत को बचाने में सुमित कुमार, निखिल कुमार और संजीव कुमार भी गहरे पानी में डूब गये।

### बाढ़ विस्थापित के बीच बांटा गया सुखा राशन

**भागलपुर।** जिले के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र स्थित टील्हा कोठी में रह रहे बाढ़ विस्थापित परिवार के बीच सोमवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आर टी आई जागरूकता संगठन भारत और भारतीय मीडिया महासंघ के द्वारा सुखा राशन वितरण किया गया। मौके पर स्थानीय थाना पुलिस भी सुरक्षा की दृष्टि से उपस्थित रहे और राशन वितरण में सहयोग किया। बाढ़ विस्थापित लोगों ने संगठन के पदाधिकारियों से अपना दु:ख बयां करते हुए कहा कि हमेशा जंगली जीव जन्तुओं यथा सांप बिच्छू आदि का खतरा बना रहता है। अंधेरे में हमलोगों का बसेरा है। यहां तक कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्लास्टिक आदि टांकने नहीं देते। तत्काल संगठन के पदाधिकारियों ने कुलपति से संपर्क साधा लेकिन वे अपने आवास पर नहीं थे। विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र से निकलकर तमाम पदाधिकारियों ने सबौर थाना क्षेत्र की ओर कूच किया। सबौर थाना अध्यक्ष विवेक कुमार जायसवाल, प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी की उपस्थिति में सबौर प्रखंड के पंचायत सरकार भवन के आस पास रह रहे बाढ़ विस्थापित लोगों को सुखा राशन वितरण किया गया। वहीं मानवाधिकार संगठन के पदाधिकारी ने कटाव निरीक्षण के दौरान सदर अनुमंडल पदाधिकारी धनंजय कुमार से मुलाकात की और बाढ़ विस्थापित लोगों के सुविधा के लिए आग्रह किया। इस मौके पर मानवाधिकार संगठन के राष्ट्रीय सलाहकार समिति महासचिव सुमित कुमार, मीडिया प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष विभूति सिंह, युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष संजीव कुमार, कार्तिक कुमार, बंटी कुमार, रूपेश कुमार राज, राजू, दीपक कुमार तथा अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पेज एक का शेष

### चंपई ने फिर ...

माना जा रहा है कि अगर भाजपा इस बार विधानसभा चुनाव जीतती है तो उन्हें बड़ा पद मिल सकता है। ऐसे में अब अगले राजनीतिक कदम का श्री सोरेन जल्द ही एलान कर सकते हैं।

पिछली बार अपनी दिल ली यात्रा के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखकर अपनी भविष्य की योजनाओं के संकेत दिए थे। अपने विधानसभा क्षेत्र सरायकेला लौटने पर उन्होंने कहा था कि समर्थकों के आग्रह पर उन्होंने सन्यास नहीं लेने का फैसला किया है। उन्होंने यह भी कहा था कि अगले एक हफ़्ते में वो तय करेंगे कि नया संगठन बनाना है या किसी और दल में शामिल होना है। रविवार को देर शाम चंपाई सोरेन अपने दोनों बेटों के साथ कोलकाता पहुंचे। जमशेदपुर और सरायकेला के उनके कई समर्थक भी कोलकाता छोड़ने पहुंचे। कोलकाता से रविवार सुबह एक बार फिर चंपाई सोरेन दिल्ली पहुंचे।

### राष्ट्र से बढ़कर ...

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के बीच योगी आदित्यनाथ ने हिंदुओं को जाति में विभाजित होने के बजाय एकजुट रहने की अपील की है। बांग्लादेश में हो रही हिंसा पर अधिकांश नेता मौन हैं, क्योंकि उन्हें डर है कि अगर वे इस मुद्दे पर बोलेंगे तो उनका वोट बैंक प्रभावित हो सकता है और उनकी राजनीतिक स्थिति कमजोर हो सकती है। इन नेताओं को लगता है कि अगर वे इस पर बात करेंगे तो उनके समर्थक और उनकी राजनीतिक जमीन, जो वर्तमान में उनके लिए महत्वपूर्ण है, खतरे में पड़ सकती है। योगी ने विपक्ष पर तीखा हमला किया। योगी ने विपक्ष की निंदा करते हुए उनकी आलोचना की और उनकी नीतियों पर सवाल उठाये।

**बांग्लादेश में लाखों हिंदू व्रत पर :** योगी आदित्यनाथ ने जन्माष्टमी के अवसर पर बांग्लादेश के हिंदुओं की स्थिति पर चिंता व्यक्त की, जिनका धार्मिक उत्सव भय और असुरक्षा के साये में मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बांग्लादेश में लाखों हिंदू आज व्रत रख रहे हैं, लेकिन उनके चेहरों पर खुशी की कोई झलक नहीं है। तख्तापलट के बाद बांग्लादेश में हिंदुओं की कठिनाइयों का जिक्र करते हुए कहा कि इस बदलाव के बाद उन्हें कभी भी इस स्थिति की कल्पना नहीं की थी कि कट्टरपंथी ताकतें उनकी जिंदगी को इस हद तक मुश्किल बना देंगी। उनका सब कुछ तबाह और बर्बाद कर दिया गया है।

### झारखंड समेत 18...

मंगलवार को अखिल भारतीय न्यायाधीश संघ की याचिका और 22 अन्य समान याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। एसोसिएशन पूर्व जजों और जूडिशियल अधिकारियों के लिए कल्याण और अन्य उपायों के क्रियान्वयन की मांग कर रही है।

**सिफारिशों का नहीं किया पालन :** मामले में न्यायमित्र के परमेश्वर ने पहले सुप्रीम कोर्ट के समक्ष दलील दी थी कि 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने सिफारिशों का पूरी तरह से पालन नहीं किया है। पिछले हफ्ते अदालत ने नोट किया था कि उसके आदेश का पालन नहीं किया गया है और शीर्ष अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से उसके समक्ष पेश होने का आदेश दिया था। पीठ ने कहा था, उन्हें व्यक्तिगत रूप से हमारे सामने पेश होना होगा या हम उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी करेंगे। बता दें कि कई राज्य सरकारों ने कोर्ट से अनुरोध किया था कि मुख्य सचिवों को मामले में वर्चुअली पेश होने की अनुमति दी जाये।

### घुसपैठ से नहीं जनसंख्या ...

हालांकि जांच टीम में शामिल पदाधिकारियों और भाजपा प्रतिनिधियों ने लिखित शिकायत में पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के 208 मतदान केंद्रों के विरुद्ध मात्र 6 बूथों का ही भौतिक सत्यापन क्यों किया ये तो स्पष्ट तौर पर नहीं कहा जा सकता, लेकिन बताया जाता है कि कुछ बूथों को जांच के दायरे से बाहर रखा गया है। जबकि इन बूथों पर भी मतदाताओं की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। जांच रिपोर्ट से यह स्पष्ट खुलासा हो रहा है कि भाजपा भले ही मुस्लिम इलाकों के बूथों पर मतदाताओं की अप्रत्याशित वृद्धि की वजह विदेशी घुसपैठियों को जो करार दे रहे हों, लेकिन जांच रिपोर्ट में यह आरोप टिक नहीं पा रहा है।

**केवल मतदाता सूची का मिलान :** जांच टीम में शामिल प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनुग्रहित प्रसाद साह ने बताया कि पदाधिकारियों की टीम के साथ कई बूथों के मतदाताओं से पूछताछ की गयी। उनका नाम मतदाता सूची से मिलान किया गया और कई आवश्यक दस्तावेज भी जांच की गयी। यह मामला सामने आया कि इन अल्पसंख्यक बहुल इलाकों में जनसंख्या की वृद्धि ज्यादा हुई है और कई लोग एक बूथ से दूसरे बूथ में अपना नाम ट्रांसफर करा लिया है। साथ ही बहुत से ऐसे लोग मिले जो पश्चिम बंगाल से भी आकर बसे हैं।

### कोर्ट ने पूछा...

गली सुनवाई 5 सितंबर को है : गुरुवार की सुनवाई के दौरान अदालत ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक, यूनिक आइडेंटीफिकेशन अथॉरिटी (यूआइए) के द्वारा जवाब दाखिल करने के लिए समय दिये जाने के आग्रह को ठुकराते हुए अगली सुनवाई से पहले जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही अदालत ने संताल के जिला उपायुक्तों द्वारा आधार कार्ड और मतदाता पहचान पत्र बनाने के लिए किन दस्तावेजों को आधार बनाया जा रहा है, इस बिंदु पर भी जानकारी मांगी है। इस मामले की अगली सुनवाई 5 सितंबर को है। उससे पहले जनहित याचिका करने वाले दानयाल दानिश डीसी द्वारा दिये गये जवाब पर अपना प्रतिउत्तर दाखिल करेंगे।

स्पीड न्यूज

### लद्दाख में बनेंगे पांच नये जिले : शाह



**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने लद्दाख में पांच नए जिले बनाने का फैसला किया है। ये नए जिले जांस्कर, द्रास, शाम, नुबरा और चांगथांग हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। शाह ने लिखा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित और समृद्ध लद्दाख के निर्माण के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए, गृह मंत्रालय ने केंद्र शासित प्रदेश में पांच नए जिले बनाने का निर्णय लिया है। नए जिले, अर्थात जांस्कर, द्रास, शाम, नुबरा और चांगथांग, हर गली-मोहल्ले में शासन को मजबूत करके लोगों के लिए लाभ को उनके दरवाजे तक पहुंचाएंगे।

### जापान में पहुंचा तूफान शानशान, अलर्ट जारी

**टोक्यो।** जापान की मौसम एजेंसी ने चेतावनी दी है कि भीषण तूफान शानशान बुधवार को पश्चिमी जापान में दस्तक दे सकता है तथा निवासियों, विशेषकर प्रशांत तट के आसपास रहने वाले लोगों से तेज हवाओं, ऊंची लहरों और भारी बारिश से निपटने के लिए तैयार रहने का आग्रह किया। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने सोमवार को यह जानकारी दी। साल का दसवां तूफान वर्तमान में दक्षिण-पश्चिम जापानी द्वीप अमामी ओशिमा के पास समुद्र के उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है और इस सप्ताह के अंत में शक्तिशाली तूफान में बदल सकता है।

### थाईलैंड में भूस्खलन से 22 लोगों की मौत

**बैंकॉक।** थाईलैंड में आई अचानक बाढ़ और भूस्खलन में 22 लोगों की मौत हो गई और 19 घायल हो गए। देश में 16 अगस्त से अब तक 13 क्षेत्रों में 30 हजार 900 से अधिक परिवार इससे प्रभावित हुए हैं। यह जानकारी सोमवार को अधिकारियों ने दी। आपदा निवारण विभाग ने एक बयान में कहा, भारी बारिश के कारण आई बाढ़ के पानी को निकालने और देश के पांच क्षेत्रों में प्रभावित 737 गांवों को राहत प्रदान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। देश भर के 31 क्षेत्रों के निवासियों को गुरुवार तक बाढ़ और तेज हवाओं के प्रति सतर्क रहने की चेतावनी दी है।

### त्रिपुरा में 20 अवैध बांग्लादेशी गिरफ्तार

**अगरतला।** त्रिपुरा में सीमा पार आवाजाही और मानव तस्करी को बढ़ावा देने में शामिल कम से कम 14 अवैध बंगलादेशियों, तीन रोहिंग्या, दो स्थानीय दलालों और एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। बीएसएफ के अनुसार, पश्चिमी अगरतला के सीमावर्ती गांव बेलाबोर में भारतीय दलालों की मौजूदगी के बारे में विशिष्ट जानकारी के आधार पर बीएसएफ और जीआरपी ने रविवार को छापेमारी की और दो ग्रामीणों को उनके घरों से पकड़ा।

### बीजापुर में इनामी समेत 25 नक्सलियों ने किया सरेंडर

**बीजापुर।** वनांचल क्षेत्र में माओवादी लगातार मिल रहे नुकसान से बौखलाए हुए हैं तो कुछ नक्सली अब लाल आतंक को छोड़ने के लिए मजबूर हो रहे हैं। बीजापुर में माओवाद को गंभीर झटका देते हुए सोमवार को 29 लाख रुपये के इनामी छह कट्टर नक्सलियों समेत 25 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों में आठ-आठ लाख के दो इनामी नक्सली भी शामिल है। समर्पण करने वालों में पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी की दो महिला नक्सली भी शामिल हैं।

# रूस ने यूक्रेन पर किया सबसे बड़ा हवाई हमला

## मिसाइल और ड्रोन की बारिश, राजधानी कीव समेत कई शहरों में धमाके

एजेंसी

**कीव।** रूस की सेना ने यूक्रेन पर भीषण हवाई हमला बोला है। सोमवार सुबह रूस की ओर से यूक्रेन पर मिसाइल और ड्रोन से हमले किए गए हैं। यूक्रेनी न्यूज पोर्टल द कीव इंडिपेंडेंट ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि राजधानी कीव और यूक्रेन के दूसरे शहरों में सुबह विस्फोटों की आवाज सुनी गई। रूस की ओर से बड़े पैमाने पर मिसाइल और ड्रोन हमला किए जाने से ये धमाके हुए। इसकी वजह से सुबह 6 बजे से ठीक पहले देश भर में हवाई हमले के सायरन बजने लगे। कीव के अलावा आसपास के शहरों में भी भीषण हमले हुए हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि कीव इंडिपेंडेंट के पत्रकारों ने सुबह 8:30 बजे से शहर में विस्फोटों की आवाज सुनी और इसके कुछ मिनट बाद फिर से कई और विस्फोटों की आवाज सुनी गई। शहर के मेयर इहोर तेरेखोव ने बताया कि खार्किव में भी विस्फोट सुने गए हैं। कीव के अलावा डेसा, विन्नित्सिया, जापोरिजिया, क्रेमेनचुक, डीनिप्रो, खमेलनित्सकी, क्रोपिव्नित्सकी, क्रिवी रिह में भी हमले हुए हैं। यूक्रेन की वायुसेना ने 11 रूसी बमवर्षक विमानों के साथ-साथ रूस की ओर से कामिकेज ड्रोन की गतिविधि की सूचना दी थी। इसके बाद कई मिसाइल लॉन्च होने की बात एयरफोर्स ने कही। हालांकि बाद में यूक्रेन की वायुसेना ने कहा कि रूसी बमवर्षक विमान 11 नहीं बल्कि छह थे। यूक्रेन की ओर से कहा गया है कि बड़े पैमाने पर रूसी सेना ने ड्रोन और मिसाइल लॉन्च करते हुए उनकी जमीन को निशाना बनाया है। रूस और यूक्रेन में जंग फरवरी 2022 से चल रही है लेकिन हाल के दिनों में यह भयावह रूप लेती जा रही है।



### पोलैंड ने किया हवाई अलर्ट

इस बीच, पोलैंड में सशस्त्र बलों ने देश के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में नागरिकों के लिए हवाई अलर्ट जारी किया है। उन्होंने एक बयान में कहा कि सुबह के समय से रूस के लंबी दूरी के विमानों की गतिविधियां देखी गई हैं। जो यूक्रेन के पश्चिमी क्षेत्र पर हुए हमलों से जुड़े हुए हैं। रूसी विमानों की गतिविधियों के मद्देनजर पौलेंड के हवाई क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी जरुरी कदम उठाए गए हैं। साथ ही पोलैंड के सशस्त्र बल इनकी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

यूक्रेन ने हालिया समय में रूस के बड़े क्षेत्र पर कब्जा जमाया है। यूक्रेनी आर्मी ने हाल ही में रूस के सारातोव शहर की सबसे बड़ी बिल्डिंग पर ड्रोन से हमला कर बड़ा नुकसान पहुंचाया था। यूक्रेन ने रूस के सारातोव क्षेत्र के दो प्रमुख शहरों में यूक्रेन ने ड्रोन से हमले किए। इसके बाद माना जा रहा था कि रूस पलटवार करेगा। ऐसा हुआ और सोमवार सुबह रूस की ओर से यूक्रेन पर ड्रोन और मिसाइल दागी गई।

### यूक्रेन ने भी रूस के सारातोव की सबसे ऊंची इमारत पर दागा ड्रोन



**मास्को।** यूक्रेन ने सोमवार को रूस के सारातोव शहर की सबसे ऊंची इमारत (वोल्गा स्काई) को ड्रोन से निशाना बनाकर दुनिया को 9/11 की याद के भयावह मंजर की याद दिला दी। वोल्गा स्काई 38 मंजिला इमारत है। सारोतोव शहर के गवर्नर रोमन बसुरगिन ने टेलीग्राम मैसेंजर ऐप पर जानकारी दी कि इस ड्रोन हमले में एक महिला घायल हो गई है। वोल्गा स्काई पर हमले का एक वीडियो वायरल हुआ है। इसमें ड्रोन वोल्गा स्काई से टकराता दिख रहा है। गनीमत यह रही कि वोल्गा स्काई इमारत को आग नहीं लगी।

इस बीच रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि उसकी वायु रक्षा प्रणालियों ने सारातोव क्षेत्र में दुश्मन के नौ ड्रोन नष्ट कर दिए। इस हमले के बाद सारोतोव शहर के एयरपोर्ट पर हवाई जहाजों की उड़ानों पर प्रतिबंध लगा दिया गया।

# बलूचिस्तान में आतंकी हमला, 34 मरे

एजेंसी

- मूसाखेल में बसों से 23 यात्रियों को उतारकर मारी
- मृतकों में से ज्यादातर लोग दक्षिणी पंजाब के निवासी
- बीएलए ने राजमार्ग पर करीब 12 वाहनों को फूंका

**क्वेटा।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में सोमवार को बड़ा आतंकी हमला। कई हिस्सों में हुए आतंकी हमलों में कम से कम 34 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। । पहली घटना में बलूचिस्तान के मूसाखेल जिले में बंदूकधारियों ने बसों से यात्रियों को उतारकर और उनके पहचान पत्र देखने के बाद पंजाब प्रांत के कम से कम 23 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयूब खोसो ने बताया कि यात्रियों को बसों से उतरने के लिए कहा गया और राष्ट्रीय पहचान पत्र देखने के बाद उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गयी। खोसो ने बताया कि मृतकों में से ज्यादातर लोग दक्षिणी पंजाब के और कुछ खैबर पख्तूनख्वा के हैं जिससे पता चलता है कि उनकी जातीय पृष्ठभूमि के कारण उनकी हत्या की गयी है।

प्राधिकारियों ने बताया कि एक अन्य हमले में बलूचिस्तान के कलात जिले में बंदूकधारियों ने चार पुलिस अधिकारियों समेत कम से कम 10 लोगों की हत्या कर दी गयी। सुरक्षा सूत्रों ने जियो न्यूज को बताया कि आतंकवादियों ने 24 अगस्त और 25 अगस्त की रात को बलूचिस्तान में कई स्थानों पर हमले किए। खोसो ने बताया कि हथियारबंद लोगों ने मूसाखेल में राजमार्ग पर करीब 12 वाहनों में आग भी लगा दी। प्रांत में सबसे ज्यादा सक्रिय आतंकवादी समूह बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने मूसाखेल में हमले की जिम्मेदारी ली है। रेडियो पाकिस्तान ने बताया कि राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हमले की कड़ी निंदा की है। हमलों में लोगों की मौत पर दुख जताते हुए उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।



### आतंकियों को कड़ी सजा दी जायेगी : शहबाज

शहबाज शरीफ ने कहा कि इस घटना के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को कड़ी सजा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि देश में किसी भी प्रकार का आतंकवाद स्वीकार्य नहीं है। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री दोनों ने आतंकवाद की समस्या को खत्म करने की पाकिस्तान की अटूट प्रतिबद्धता व्यक्त की। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने आतंकवाद की इस घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने आतंकवाद के कायरतापूर्ण कृत्य में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के प्रति संवेदनाएं भी व्यक्त की हैं। बुगती ने कहा कि आतंकवाद और उनके मददगार बच नहीं पाएंगे।

## सक्रिय राजनीति से सन्यास लेने का सवाल नहीं : मायावती

एजेंसी

**लखनऊ।** सक्रिय राजनीति से सन्यास लेने की अटकलों को सिरे से नकारते हुये बसपा सुप्रीमो मायावती ने सोमवार को कहा कि वह अपनी अंतिम सांस तक पार्टी मूवमेंट से जुड़ी रहेंगी। उन्होने कांग्रेस और सपा से जुड़ने की अफवाहों पर भी विराम देते हुये दोनो ही दलों पर तंज कसे। मायावती ने एक्स पर पोस्ट किया कि बहुजनों के अम्बेडकरवादी कारवाँ को कमजोर करने की विरोधियों की साजिशों को विफल करने के संकल्प हेतु बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर एवं मान्यवर कांशीराम जी की तरह ही मेरी जिंदगी की आखिरी सांस तक बीएसपी के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान मूवमेन्ट को समर्पित रहने का फैसला अटल। उन्होंने कहा कि सक्रिय राजनीति से मेरा सन्यास लेने का कोई सवाल ही पैदा नहीं होता है। जबसे पार्टी ने आकाश आनन्द को मेरे ना रहने पर या अस्वस्थ विकट हालात में उसे बीएसपी के उत्तराधिकारी के रूप में आगे किया है तबसे जातिवादी मीडिया ऐसी फेक न्यूज प्रचारित कर रहा है जिससे लोग सावधान रहें।



## जम्मू-कश्मीर विस चुनाव के लिए भाजपा की पहली सूची जारी

**पूर्व डिप्टी सीएम निर्मल सिंह व कविन्द्र गुप्ता का टिकट कटा**

**जम्मू।** 90 सदस्यीय जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने सोमवार को अपने 44 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। पहले चरण के 15, दूसरे चरण के 10 और तीसरे चरण के 19 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की गई है। पहली लिस्ट में पूर्व डिप्टी सीएम निर्मल सिंह व कविन्द्र गुप्ता को टिकट नहीं दिया गया है। पार्टी ने जम्मू क्षेत्र में अपने गढ़ों के अलावा पंपोर, शोपियां, अनंतनाग पश्चिम और अनंतनाग सहित कुछ कश्मीर निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अपने उम्मीदवार उतारने का फैसला किया है। भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने चुनावों के लिए पार्टी के उम्मीदवारों को अंतिम रूप देने के लिए रविवार शाम को बैठक की थी। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में 18, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को तीन चरणों में मतदान होने जा रहे हैं। मतगणना 4 अक्टूबर को होगी। इन नामों के अनुसार प्रथम चरण में इंजीनियर सैयद शौकत गयूर पांपोर से, अर्शीद भट राजपोरा से, जावेद अहमद कादरी शोपियां से, रफीक वानी अनंतनाग पश्चिम से चुनाव लड़ेंगे। सैयद वजाहत अनंतनाग से, शगुन परिहार किश्तवाड़ और गजय सिंह राणा डोडा से चुनाव लड़ेंगे। श्रीगुफवाड़ा बिजबेहरा से सोफी यूसुफ, शानगुस अनंतनाग से लड़ेंगे। इंदरवल से तारिक कीन, पाडेर नागसेनी सीट से सुनील शर्मा, भदरवाह से दिलीप सिंह परिवार, बनिहाल से सलीम भट्ट, रामबन से राकेश ठाकुर और डोडा पश्चिम से शक्ति राज परिहार का नाम शामिल हैं।

### महादेव सट्टेबाजी घोटाला की जांच सीबीआइ करेगी

**रायपुर।** कांग्रेस शासन काल में हुए पंद्रह हजार करोड़ रुपये के महादेव सट्टेबाजी ऐप घोटाले की जांच सीबीआई करेगी। यह जानकारी सोमवार को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने दी है। उन्होंने बताया कि इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। इस मामले में अब तक ईडी ने 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि महादेव घोटाले से संबंधित 70 मामले राज्य के विभिन्न पुलिस थानों में और एक मामला आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा में दर्ज किया गया था। हमने इन सभी मामलों को सीबीआई को सौंपने का फैसला किया है और इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की गई है। उन्होंने कहा कि महादेव सट्टेबाजी ऐप घोटाला केवल एक राज्य के बजाय कई राज्यों का मामला बन गया है। ऐसा कहा जाता है कि कथित घोटाले के कुछ सरगना विदेश में रहते है।



मथुरा के भागवत भवन मंदिर में सोमवार को पूजन-अर्चना करते यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ।

### जन्माष्टमी पर कृष्णमय हुआ ब्रजमंडल, मंदिरों में लगी लंबी-लंबी लाइनें

**मथुरा।** जन्माष्टमी के पावन पर्व पर ब्रज मंडल का कोना कोना कृष्णमय हो गया है। मंदिरों में लंबी लंबी लाइने लगी हैं। इस बीच प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी सोमवार को श्रीकृष्ण जन्मस्थान स्थित भागवत भवन मंदिर में पूजन अर्चना कर प्रदेश और राष्ट्र के कल्याण की कामना की। मंदिर में आरती उतारने के बाद योगी ने कहा कि 5251 वर्ष पूर्व भगवान विष्णु के पूर्ण अवतार लीलाधारी श्रीकृष्ण मां देवकी-वसुदेव के सुपुत्र के रूप में अवतरित हुए थे। उन्होंने सत्य एवं न्याय की स्थापना का कार्य त्रेता और द्वापर युग में पूर्ण करके श्रीमदभगवत गीता के साश्वत मंत्रों के माध्यम से देशवासियों को नई संजीवनी दी है। योगी ने जन समुदाय को जन्माष्टमी के अवसर पर शुभकामनाएं भी दी।

## ब्याज दर में कटौती के संकेत से शेयर बाजार गुलजार

एजेंसी

- सेंसेक्स 612 अंक छलांग लगाकर 81,698 पर पहुंचा
- निफ्टी 187 अंक मजबूत होकर 25 हजार के पार

**मुंबई।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल के सितंबर से ब्याज दरों में कटौती शुरू करने के संकेत की बदौलत स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली से सोमवार को शेयर बाजार लगातार पांचवे दिन गुलजार रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 611.90 अंक अर्थात 0.75 प्रतिशत की छलांग लगाकर करीब चार सप्ताह के उच्चतम स्तर 81,698.11 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 187.45 अंक यानी 0.76 प्रतिशत मजबूत होकर 25 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 25,010.60 अंक पर बंद हुआ। साथ ही बीएसई का मिडकैप 0.66 प्रतिशत उछलकर 48,639.16 और स्मॉलकैप 0.20 प्रतिशत बढ़कर 55,795.62 अंक हो गया। बीएसई में कुल 4197 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2191 में लिवाली जबकि 1857 में बिकवाली हुई वहीं 149 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 33 कंपनियों में तेजी जबकि 17 में गिरावट रही।

बीएसई में दूरसंचार और सर्विसेज में 0.21 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर 18 समूहों में तेजी रही। इस दौरान कमोडिटीज 0.91, सीडी 0.51, ऊर्जा 0.91, एफएमसीजी 0.41, वित्तीय सेवाएं 0.55, हेल्थकेयर 0.12, इंडस्ट्रियल्स 0.03, आईटी 1.37, यूटिलिटीज 0.55, ऑटो 0.38, बैंकिंग 0.33, कैपिटल गुड्स 0.16, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.43, धातु 2.03, तेल एवं गैस 1.17, पावर 0.24, रियल्टी 1.69 और टेक समूह के शेयर 1.11 प्रतिशत उछल गए। विश्व बाजार में मिलाजुला रुख रहा।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 302 अंक की तेजी के साथ 81,388.26 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 81,278.44 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से यह दोपहर से पहले 81,824.27 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 81,086.21 अंक के मुकाबले 0.75 प्रतिशत मजबूत होकर 81,698.11 अंक हो गया। निफ्टी भी 83 अंक चढ़कर 24,906.10 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,874.70 अंक के निचले जबकि 25,043.80 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा।



### फिल्म 'इमरजेंसी' का गीत सिंहासन खाली करो रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री-फिल्मकार कंगना रनौत की आने वाली फिल्म इमरजेंसी का गीत सिंहासन खाली करो रिलीज हो गया है। मूल रूप से महान कवि रामधारी सिंह दिनकर द्वारा लिखे गए प्रतिष्ठित गान सिंहासन खाली करो की जनता आती है को पुर्नजीवित करते हुए, यह शक्तिशाली ट्रैक भारत के सबसे काले राजनीतिक समय की गूंज है। रनौत ने कहा कि 1970 के दशक में भारत के लोगों ने एकजुट होकर सिंहासन खाली करो के नारे के रूप में अपनी आवाज पाई, जो श्रीमती इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री पद के अत्याचार को चुनौती देता था।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा0 लि0 राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!